ऋचाओं में अदिति की दो ही प्रमुख विशेषताएं दृष्टिगत होती हैं; जिनमें प्रथम है–**मातृत्व**। वह आठ आदित्यों की माता है।[१] इनके पुत्र राजा, श्रेष्ठ, अद्वितीय शक्तिशाली और वीर हैं, इसीलिए अदिति को 'राजपुत्रा' (2। 27। 1, 2। 27। 2), सुपुत्रा (3। 4। 11), उग्रपुत्रा (8। 67। 11) और शूरपुत्रा (अ.वे. 3। 8। 2, 11। 1। 11) कहा गया है। अदिति को विशेष रूप से मित्र, वरुण और अर्यमा की माता बताया गया है।[२] एक स्थान पर अदिति के लिए 'पस्त्या' विशेषण का प्रयोग हुआ है (ऋ. 4। 55। 3), जो मैकडॉनल के मत में इनके मातृत्व का सूचक बन सकता है।[३] एक ऋचा में अदिति को अमृत की नाभि, रुद्रों की माता, वसुओं की पुत्री और आदित्यों की बहन बताया गया है,[४] जिससे भी इनके मातृत्व और विशेषतः स्त्रीत्व का सङ्केत मिलता है। वेदोत्तरकालीन देवशास्त्र में तो अदिति देवसामान्य की और विशेषतया विवस्वान्, सूर्य, विष्णु आदि की जननी है।[५]

अदिति की दूसरी विशेषता है, इनकी बन्धन या पाप-निर्मोचन-क्षमता। वे कष्टों, पापों और दुःखों से त्राण के लिए प्रार्थनीय हैं, विशेपतया अपराधों और पापों से मुक्त करने के लिए (1। 94। 15, 1। 24। 15)। उपासक अदिति से प्रार्थना करते हैं कि वे उनको निष्पाप बनाए (अनागास्त्वं नो अदितिः कृणोतु । 1। 162। 22; विश्वस्मान्नो अदितिः पात्वंहसः । 10। 36। 3)। इनसे मित्र और वरुण के साथ (2। 27। 14), अर्यमन् के साथ (7। 93। 7), मित्र और सविता के साथ (10+12। 8) पाप के बन्धन ढीला करने के लिए प्रार्थना है। यद्यपि ऋग्वेद में पाप से मुक्त करने के लिए यदा-कदा अग्नि, सविता, सूर्य, उषा आदि देवताओं से भी प्रार्थनाएं की गई हैं, परन्तु एतदर्थ सर्वाधिक स्मरणीय तो वरुण और अदिति ही हैं। एक मन्त्र में कहा गया है कि अदिति के व्रतों पर चलने से वरुण के प्रति किए गए पापों से

---

१. अष्टौ पुत्रासो अदितेः। ऋ.10 । 72 । 8; अदितिरष्टपुत्रा। अ.वे. 8 । 9 । 21

२. माता मित्रस्य रेवतोऽर्यम्णो वरुणस्य च। ऋ. 8 । 47 । 9; 10 । 36 । 3

३. **वैदिक देवशास्त्र,** मैक्डॉनल (अनूदित- डा. सूर्यकान्त), पृ. 315

४. माता रुद्राणां दुहिता 'वसूनां' स्वसादित्यानाममृतस्य नाभिः। ऋ. 8 । 101 । 15

५. **वैदिक देवशास्त्र,** मैकडॉनल, पृ. 315; **वैदिक धर्म और दर्शन,** कीथ (अनूदित-डा. सूर्यकान्त), पृ. 267

छूटा जा सकता है।[१] कई विद्वानों की मान्यता है कि सम्भवतः अदिति की इस दूसरी विशेषता के आधार पर ही उनका नामकरण किया गया है, क्योंकि इनके नाम के आरम्भिक अर्थ से इस विशेषता की संगति बैठ जाती है।

मैकडॉनल और **कीथ** ने 'अदिति' संज्ञा का 'बन्धनराहित्य' या 'बन्धन से मुक्ति' अर्थ लेते हुए इसे **दा** (बांधना) से निष्पन्न माना है। उक्त निष्पत्ति की पुष्टि में मैकडॉनल में **ऋग्वेद** का शुनःशेप-प्रसंग उद्धृत किया है, जहां इस धातु के भूतकालिक कर्मवाच्य रूप 'दित' का प्रयोग 'बांधा गया' के अर्थ में हुआ–'शुनःशेप को उसके पिता ने एक सहस्र गायों में क्रीत करके बांधा था'।[२] भाववाचक संज्ञा शब्द 'अदिति' के विलोम शब्द 'दिति' को 'दो' (अवखण्डने) से व्युत्पन्न मानकर बन्धन या परतन्त्रता का वाचक मानें, तो भी 'अदिति' शब्द से उसके विपरीत अर्थ-निस्सीमता, मुक्ति, स्वतंत्रता या स्वच्छन्दता सूचित होते हैं। यह भाव भी मन्त्रों में यत्र-तत्र अभिव्यक्त हुआ है, जैसे-जब उपासक कहता है कि कौन मुझे महती अदिति (मुक्ति) के हाथों में सौंपेगा, जिससे मैं अपने माता-पिता को देख सकूं।[३] श्रोदर और ओल्डेनबर्ग का मत है कि देवी अदिति की धारणा इसी भाववाचक संज्ञा से विकसित हुई है।[४] सम्भवतः बन्धनों से छुटकारा दिलाने के कारण अदिति का इतना महत्व है। प्रार्थना है कि वे अपने उपासकों को बन्धनों से उसी प्रकार मुक्त कर दें, जैसे बंधे चोर को किया जाता है।[५] हिलेब्राण्ट और बर्गेन आदि कई विद्वानों के मत में अदिति 'बन्धन से मुक्ति' की देवी है।[६]

इसके अतिरिक्त ऋग्वैदिक अदिति का **दिव्य प्रकाश ज्योति** से सम्बन्ध दिखाया गया है (ऋ. 4। 25। 3, 10। 36। 3)। इसका प्रधान कारण इनकी आदित्यों से घनिष्ठता ही है। इनका अद्वितीय प्रकाश प्रशंसनीय है (अवध्रं ज्योतिरदितेः। ऋ. 7। 82। 10)। उषा को अदिति का मुख बताया गया है (अदितेरनीकम् । (ऋ. 1। 113। 19)। अदिति की एक साधारण विशेषता है कि वे धनसम्पत्ति का दान करती

---

१. वयं स्याम वरुणे अनागाः। अनु व्रतान्यदितेर्ऋधन्तः। 7। 87। 7

२. शुनश्चिच्छेपं निदितं सहस्रात्। 5। 2। 7; **वैदिक देवशास्त्र**, पृ. 376; **वैदिक धर्म और दर्शन**, कीथ, पृ. 267

३. को नो मह्या अदितये पुनर्दात् पितरं च दृशेयं मातरं च। 1। 24। 1

४. H. Oldenberg, p. 202; *Arische Religion*, Von Schroder, Vol. 2, p. 400.

५. ते न आस्नो वृकाणामादित्यासो मुमोचत। स्तेनं बद्धमिवादिते। 8। 67। 14

६. *Vedic Mythology*, A. Hillebrandt (Eng. Tr.) Vol. II. p. 64.

है और पशुओं की रक्षा करती हैं (ऋ. 7। 40। 2, 8। 18। 6)। उनका दिया धन कभी नष्ट नहीं होता है (ऋ. 1। 185। 3)। अथर्ववेद में इन्हें सौभाग्य और ऐश्वर्य की प्रदात्री कहा गया है 'शन्नो अदितिर्भवतु व्रतेभिः' (अ. वे. 19। 10। 9) अदिति तो सर्वथा सर्वविध मंगल, सुख और उन्नति आदि के लिए प्रार्थनीय रही है (ऋ. 8। 47। 9)। प्रमुखतः ऋग्वेद में अदिति का उक्त स्वरूप ही दिखाई देता है।

'अदिति' को समझने का सूत्रपात कतिपय वैदिक ग्रन्थों और अनन्तर उनके भाष्यकारों द्वारा किया गया है। ऋग्वेद में 'अदिति' के स्वरूप की अनिश्चितता के कारण यह स्वाभाविक ही था कि उनकी धारणा तत्कालीन धार्मिक और सर्गसम्बन्धी विचारों से प्रभावित होती और किसी निश्चित तादात्म्य को प्राप्त कर लेती। यही कारण है कि ऋग्वेद की आदित्यमाता अदिति परवर्ती वैदिक वाङ्मय में देवमाता पृथिवी से एकरूप हो गई है। यद्यपि इस तादात्म्य का प्राथमिक संकेत ऋग्वेद में ही खोजा जाता है[१], तथापि वाजसनेयी संहिता और अथर्ववेद संहिता में ऐसे संकेत सामान्य हो गए हैं।[२] ब्राह्मण साहित्य में तो स्पष्टतया अदिति को पृथिवी का प्रतिरूप माना गया है। अनेकानेक ब्राह्मणवाक्य इस विषय में प्रमाण हैं।[३] निघण्टु में 'अदिति' नाम वाक् (निघ. 1। 1। 8), गो (निघ. 2। 2। 6), के अतिरिक्त पृथ्वी (निघ. 1। 1। 14) का और द्विवचन में द्यावापृथिवी (निघ. 3। 3। 21) का पर्याय बताया गया है। परन्तु ऋग्वेद के अनेक मंत्रों में उसे द्यावापृथिवी से पृथक् समझा गया है, क्योंकि वहां अदिति का उल्लेख पृथिवी या द्यावापृथिवी के साथ हुआ है।[४] अतः ऋग्वेद में अदिति का पृथ्वी मानना असम्भव है। ऋग्वेद के ही कतिपय मंत्रों के आधार पर[५] परवर्ती वैदिक ग्रन्थों में[६] अदिति को गौ बताया गया है और यज्ञकार्य में साधारणतया 'गौ' के 'अदिति' नाम से पुकारने की प्रथा भी रही है।[७] जहां कीथ की धारणा है कि

---

१. मह्या महद्भिः पृथिवी वितस्थे माता पुत्रैरदितिर्धायसे वैः । 1 । 72 । 9

२. वा.सं. 22 । 20, 21 । 5; तै.सं. 7 । 1 । 5; अ.वे.सं. 6 । 120 । 2, 13 । 1 । 38, 7 । 6 । 2; वैदिक देवता उद्भव और विकास, डा. गयाचरण त्रिपाठी, भाग 2,1982, पृ. 707-708

३. इयं वै पृथिवी अदितिः। श. ब्रा. 1 । 1 । 4 । 5, 1 ।3 । 1 । 15 इयं (पृथिवी) वा अदितिः। ऐ.ब्रा. 3 । 3 । 7; तै.ब्रा. 1 । 7 । 6 । 7 इत्यादि

४. "सुत्रामाणं पृथिवीं द्यामनेहसं सुशर्माणमदितिम् । 10 । 63 । 10

५. पीपाय धेनुरदितिः । 1 । 153 । 3, मा गामनागामदितिं वधिष्ट । 8 । 101 । 15

६. गां मा हिंसीरदितिं विराजम् । वा.सं. 13 । 43; अदितिर्हि गोः। श. ब्रा. 2 । 3 । 4 । 34 इत्यादि।

७. *La Religion Vedique*, Bergaigne, I, p. 325.

'गौ' सम्बन्धी विचार आदिम नहीं प्रत्युत गौण है, वहां मैकडानल का विचार है कि अदिति के नाम के विषय में रहस्यात्मक चिन्तन के कारण उन्हें असीम सम्पत्ति की प्रतीक 'गौ' माना गया है। ब्राह्मणों में वाक् से भी अदिति का तादात्म्य स्थापित किया गया है (वाग्वाऽदितिः। श.ब्रा. 6। 5। 2। 20)।

निरुक्त में यास्क ने अदिति के सम्बन्ध में त्रिविध दृष्टिकोण प्रस्तुत किए हैं। सर्वप्रथम तो यह देंवताओं की माता का नाम है जो 'अदीना' (बन्धनहीन, दीन न हुई) अर्थ में उन्हें दिया गया है, अतः नाम की व्युत्पत्ति दो (बांधना, काटना) से हुई है।[१] दूसरे स्थान पर यास्क ने इसे मध्यमस्थानीय स्त्री देवताओं में पहली बतलाया है।[२] और फिर ऋ. 1। 94। 15 के सन्दर्भ में उन्होंने कहा है कि अग्नि भी अदिति कही जाती है।[३] अदिति के अनिश्चितार्थ पर प्रकाश डालते हुए निरुक्त टीकाकार स्कन्दस्वामी ने लिखा है–दर्शन-भेद से अदिति के विषय में अनेकार्थकता देखी जाती है। ऐतिहासिकों की दृष्टि में अदिति देवताओं की माता है, नैरुक्तों की दृष्टि में वह 'अदीना' आदि गुणों से सम्पन्न है, जबकि आध्यात्मिकों के विचार में अदिति 'प्रकृति' है।[४] उनके मत में 'अदिति' नाम क्षयार्थक दीङ् से व्युत्पन्न हुआ है, अतः 'अक्षीणता' ही अदिति है। अक्षीण होने से आकाश और अन्तरिक्ष अदिति कहे गये हैं, तो अध्यात्मपक्ष में कारण ब्रह्म या मूलप्रकृति ही अदिति है।[५] सायण ने इससे किंचित् भिन्न (अदितये खण्डनराहित्यायै, ऋ. सा. भा. 1। 24। 15) अदिति को दो से व्युत्पन्न मानकर 'खण्डनराहित्य' अर्थ में स्वीकार किया है (अ + दो + क्तिन्)। उन्होंने अदिति को कभी भूमि और पृथिवी का, तो कभी अन्तरिक्ष का उपलक्षण स्वीकार किया है, और कभी 'अदीना' (अ. सा. भा. 1। 153। 3), एवं देवमाता (ऋ. सा. भा. 2। 40। 4, 5। 46। 6) अर्थों में स्वतंत्र देवी माना है। वेङ्कटमाधव ने 'अदिति' को कभी 'अदीना' अर्थ में विशेषण माना है (1। 153। 3), तो कभी 'पृथिवी' अर्थ में संज्ञा (1। 43। 2)। स्कन्दस्वामी ने ऋग्भाष्य में यास्क के अभिमतानुसार 'अदीनत्व' अर्थ में 'अदिति' नाम के व्याख्या की है। स्वामी दयानन्द ने वेदमंत्रों में अधिकांशतया दो (अक्खण्डने)

---

१. अदितिरदीना देवमाता। नि. 4। 22

२. अथातो मध्यमस्थानाः स्त्रियः। तासामदितिः प्रथमगामिनी। नि. 11। 22

३. अग्निरप्यदितिरुच्यते। नि. 11। 23

४. अदितिरित्यनवगतम्। अनेकार्थत्वञ्च दर्शनभेदेन। कथम् ? ऐतिहासिकानां देवानां माता उच्यते। नैरुक्तानामदीनादिगुणः। अध्यात्मपक्षे प्रकृतिः। निरुक्त, स्कन्दस्वामी टीका, 4। 22।

५. दीङ्क्षये इत्यस्य छान्दसं रूपं द्रष्टव्यम्। अक्षीणा धौनः। तथान्तरिक्षादीनि। अध्यात्ममपि अदितिः प्रकृतिः कारणं ब्रह्म। वही 4। 22,23

से व्युत्पन्न मानकर 'अदिति' पद के अविनष्टा अखण्डिता, अविनाशिका, नाशरहिता, आत्मरूपेण नित्या आदि अर्थ किए हैं और इससे भूमि, पृथिवी, विदुषी, विद्या, बुद्धि गौ, माता, प्रकृति आदि का यथास्थान ग्रहण किया है।[१]

पाश्चात्य विद्वानों के मतों में मैकडॉनल के अनुसार अदिति पूर्णतः एक भारतीय देवी है, जो बन्धन-निर्मोचन-विषयक धारणा की विग्रहवत्ता है।[२] कीथ की दृष्टि में मैकडॉनल का मत एतद् विषयक सभी मतान्तरों की अपेक्षा अधिक संयत है।[३] वालिस[४] और ओल्डनबर्ग[५] के विचार में भी 'अदिति' 'बन्धननिर्मुक्ति' मात्र की देवी (Freedom from bondage) है। किन्तु अदिति को मूलतः इस रूप में समझना इनके ऋग्वैदिक स्वरूप को अंशतः ग्रहण करना ही होगा।

गेल्डनर के अनुसार अदिति का अर्थ है–अखण्डत्व, पूर्णता।[६] बोथलिंक और रॉथ ने अपने वैदिक कोष में अदिति का अर्थ अनन्तता (Infinity) और निस्सीमता (boundlessness) किया है, जिसका सम्बन्ध द्युलोक या स्वर्ग से है।[७] अनन्तर रॉथ ने अदिति का अर्थ–अखण्डनीयता, अविनश्वरता (Inviolability, Imperishableness) और उनके अनुसार 'अदिति' नाम मानवीकृत रूप में 'कालगत आनन्त्य' की देवी का बोधक है अर्थात् वह तत्व जो अविनाश्य स्वर्गीय प्रकाश (आदित्यों) को धारण किए हुए हैं।[८] मैक्समूलर के विचार में अदिति–जो एक प्राचीन देव या देवी थी, उस असीम (The Infinite) का द्योतक है, जो कि नेत्रों के लिए गोचर है, और जो पृथिवी, पर्जन्य और आकाश के परे का अनन्त अवकाश है, अर्थात् अदिति से तात्पर्य है–दृश्यमान अनन्त के संकेतक असीम आकाश से।[९] इस प्रकार मैक्समूलर का आनन्त्य

---

१. **दयानन्द वैदिक कोष**, राजवीरशास्त्री, 1975, पृ. 31

२. *Vedic Mythology,* A.A. Macdonell, p. 123.

३. **वैदिक धर्म और दर्शन**, कीथ, प्रथम भाग, पृ. 269.

४. *Cosmology of the Rigveda*, Wallis, p. 45

५. *Die Religion des Veda*, Oldenberg, p. 204-7.

६. **वैदिक धर्म और दर्शन**, भाग प्रथम; कीथ, पृ. 268 पर उद्धृत।

७. *Sanskrit Wörterbuch,* St. Petersburg, Bohtlingk and Roth, 1855.

८. Illustrations of the Nirukta, Roth, pp. 150 ff; *Zeitschrift der Deutschen Morgenländischen Gesellschaft,* part 6, p. 68 ff.

९. Vedic Hymns, Max Müller (SBE 32), p. 241.

यदि दिक् से सम्बद्ध है, तो रॉथ का काल से। नाम के व्युत्पत्तिरक अर्थों के आधार पर अदिति को अनन्तता या निस्सीमता की देवी मानना इन्हें एक भावात्मक देवता सिद्ध करता है, जबकि मंत्रों में इनका मातृरूप विशेषतः प्रख्यापनीय दिखायी देता है।

ऋ. 1। 20 की व्याख्या में बिन्फे ने अदिति को एक संज्ञा मानते हुए 'निष्पापता' अर्थ में ग्रहण किया है।[१] परन्तु इस अर्थ के विशेष आधार का अभाव है। कई विद्वानों ने अदिति को स्थूलाकृति देवी माना है। यथा पिशेल ने अदिति को पृथिवी का प्रतिरूप माना है[२] और हार्डी ने भी इस मत से सहमति व्यक्त की है।[३] कीथ ने इस मत का खण्डन किया है।[४] ऋ. 1। 115। 5 के आधार पर हिलेब्राण्ट का विचार है कि अदिति का सम्बन्ध प्रकाश और परम व्योम से है और वह सम्भवतः दिवस की ज्योति का अविनश्वर पक्ष है।[५] समान रूप से कोलिनेट ने अदिति को आकाशीय प्रभा बताया है जो द्यौस् का स्त्री प्रतिरूप है।[६] यह मत कुछ अंशों में बर्गेन के सिद्धान्त के तुल्य है, जिसके अनुसार स्त्रीलिंग 'अदिति' शब्द अपने मूल रूप में स्त्रीलिंग 'द्यौ' के आनन्त्य को सूचित करने वाला एक विशेषण मात्र था। 'द्यौरदितिः' या 'अदितिः द्यौः' शब्दों का अर्थ केवल 'अनन्त आकाश' है। ऋग्वेद (10। 63। 3) के अनुसार विस्तृत आकाशरूपिणी माता अपने पुत्रों (आदित्यों) को मधुयुक्त दुग्ध का पान कराती है। ऐसे ही मंत्रों से आकाश (द्यौ) का विशेषण 'अदिति' पृथक् होकर मातृत्वयुक्त देवी बन गया है।[७] डा. गयाचरण त्रिपाठी ने इस मत का द्विविध खण्डन करते हुए लिखा है–इस मत में दो कमियाँ हैं–एक तो यह कि अदिति का यह रूप उसके बन्धन से मुक्त कराने वाले पक्ष की सन्तोषजनक व्याख्या नहीं करता है और दूसरा यह कि आदित्यों के स्पष्ट उल्लेख के कारण यहाँ अदिति को एक स्वतंत्र सत्ता न मानकर केवल द्यौः का विशेषंण मानना उचित प्रतीत नहीं होता है।[८] मैकडॉनल ने

---

१. *Orient und Occident, Benfey,* I, p.33.

२. *Vedische Studien,* Pischel., II, p. 86.

३. *Vedische brahmanische Periode,* Hurdy, p. 94.

४. **वैदिक धर्म और दर्शन,** कीथ (अनूदित) प्रथम भाग पृ. 268.

५. *Vedic Mythology,* Hillebrandt (tr.) part II p. 63.

६. Transactions of the Ninth International Congress of Orientalists, I, p. 396-410

७. *La Religion Vedique,* Bergaigne, III, p. 88-98.

८. **वैदिक देवता, उद्भव और विकास,** डा. गयाचरण त्रिपाठी, भाग 2, पृ. 705

भी बर्गेन के मत के विरोध में कहा है कि इससे अदिति के बन्धन निर्मोचन कार्य की व्याख्या नहीं हो पाती है। संक्षेप में कह सकते हैं कि विद्वानों ने अदिति-विषयक धारणा की व्याख्या विविधतया की है—या तो उसे पृथिवी, आकाश, आकाशीय ज्योति, आकाशीय अनन्तता आदि का प्रतिरूप माना है, या उसके नाम के अर्थ के आधार पर उसे अदीना, अखण्डनीयता, असीमता, मुक्ति आदि का उपलक्षण समझा है।

कुछ विद्वान् भिन्नतया अदिति को प्रकृति का प्रतिरूप मानते हैं, यद्यपि इस धारणा की व्याख्या में दृष्टिकोणगत भेद हैं। ऋ. 1। 24। 1 की व्याख्या में 'जे. म्यूर' ने अदिति को 'सार्वभौम प्रकृति' (universal nature) का मानवीकरण बतलाया है। अदिति के 'मही' विशेषण के आधार पर उनका कथन है कि सम्भवतः यह प्रार्थना रोग के कारण मृत्यु से भयभीत व्यक्ति की है, जो पुनः प्रकृति को देख सकने की इच्छा व्यक्त कर रहा है।[१] श्री अरविन्द के मत में अदिति शब्द की व्युत्पत्ति अद् (भक्षणे) से हुई है, जो तत्व सबका भक्षण अथवा आच्छादन कर ले और सब तत्व जिसके अन्दर व्याप्त हो, वह अदिति है।[२] बृहदारण्यकोपनिषद् में अदिति की व्युत्पत्ति भक्षणार्थक अद् से की गई है, जो सबको अपने में लय करती है, वह परम सत्ता अदिति है।[३] डा. फतेहसिंह का विचार है कि सम्भवतः आर्यों के आरम्भिक जीवन में ही अद् से व्युत्पन्न 'अदिति' नाम विद्यमान था। उन्होंने 'अदिति' के दो अर्थ निर्दिष्ट किए हैं (1) संहारक रूप में, सबको अपने में लय करने वाली परम सत्ता, अद् से, और (2) सर्जक रूप में सबको (अपना रूप) देने वाली 'पृथिवी' दा (देना से)।[४] स्वामी दयानन्द ने 'कारणरूपेण नित्या प्रकृति' (यजु. 18। 30), 'अखण्डिता प्रकृतिः' (6। 51। 3), 'विनाशरहिता माता प्रकृतिः' (यजु. 25। 23), अविनाशिनी प्रकृतिः (यजु. 4। 19) इत्यादि अर्थों द्वारा अंनेकशः अदिति से 'कारण प्रकृति' का अभिप्राय भी वेदार्थ में लिया है। ऋषि अरविन्द की विचारधारा के अनुयायी एम.पी. पण्डित का मत है कि वेदों में अदिति उस चेतन अव्यक्त सत्ता की प्रतीक है, जो जगत् को असत् से सत् करती है। जिसे परवर्ती तांत्रिक साहित्य में आद्या या पराशक्ति कहा गया है, वही वेदों में अदिति है। वैदिक ऋषियों ने परमात्मा की सत्ता की मातृरूप में कल्पना

---

१. *Original Sanskrit Texts,* J. Muir, 1884, Vol V, p. 45-46; *Treatment of Nature in the Rigveda,* B.B. Choubey p. 15. ff.

२. *On the Vedas,* Sri Aurobindo, p. 151.

३. सर्वं वा अत्तीति तददितेरदितित्वम्। बृ. उ. 1। 2। 5

४. *The Vedic Etymology,* Dr. Fateh Singh, p. 38-39.

की थी।[१] इस प्रकार आध्यात्मिक व्याख्या के अन्तर्गत अदिति समस्त चराचर जगत् की उत्पादिका 'अव्यक्त प्रकृति' है और वही बाह्य परिदृश्यमान प्रकृति भी है। तभी विविध प्राकृतिक शक्तियाँ उसके पुत्रस्थानीय हैं। इस मत की सम्पुष्टि के लिए कुछ ऋग्वैदिक उद्धरण उल्लेखनीय हैं। एक मंत्र में अदिति को समग्र प्रकृति का प्रतिरूप बताया गया है–'अदिति द्यौ, अन्तरिक्ष, माता, पिता, पुत्र, समस्त देवता और पञ्चजन है, वही भूत और भविष्य हैं।[२] कठोपनिषद् (417) अदिति को 'देवतामयी' कहता है, तो ऐतरेयारण्यक के अनुसार सब कुछ अदिति ही है।[३] ऋचाओं में अदिति को प्रदत्त विशेषताओं और कर्मों यथा उरुव्यचा, पशुरक्षा, ज्योतिष्मता, अविनाशी, धनसम्पन्नता, पापविमोचन, मातृत्व आदि की संगति भी इसे प्रकृति का प्रतिरूप मानने पर सरलतया हो जाती है। मित्र, वरुण और अर्यमन् की माता अदिति से जब सर्वविध रक्षण और सुख की प्रार्थना की जाती है (8 । 47 । 97), तब भी इनका प्रकृति से तादात्म्य प्रकट होता है।

ऋग्वेद में अदिति का जो स्वरूप दिखलाई देता है, निस्सन्देह वही उसका मूलरूप है। विद्वानों द्वारा स्थापित विविध मत प्रायः वैदिक वाङ्मय में प्राप्त उसके व्यापक स्वरूप पर आधारित हैं। सायण आदि भाष्यकारों के मत जो मुख्यतया ब्राह्मण-साहित्य पर आधृत हैं, अदिति को पृथिवी बताते हैं। परन्तु ऋग्वैदिक अदिति को पृथ्वी समझना सर्वथा अनुपयुक्त है। उसे ऋचाओं में बहुंशः आदित्यों की माता कहा गया है और आदित्यों के साथ बुलाया गया है,[४] जब द्युस्थानीय देवगण आदित्य पृथ्वीस्थानीय नहीं है, तो उनकी माता पृथ्वी कैसे हो सकती है ? कई ऋचाओं में एक साथ अदिति और पृथ्वी पृथक्तया उल्लिखित भी हुई है।[५] अन्य संहिताओं में भी अदिति और पृथ्वी की पृथकता सूचित करने वाले मंत्र उपलब्ध हैं।[६] इसी प्रकार प्रकृति के दूसरे तत्वों या नाम के आधार पर भावात्मक देवता के रूप में अदिति के मूलरूप को

---

१. *Aditi and other deities in the Vedas,* M.P. Pandit, p. 137

२. अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः। विश्वेदेवा अदितिः पञ्चजना अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् ॥ 1 ।89 । 10

३. अदितिर्हीदं सर्वं यदिदं किञ्च। ऐ.आ. 3 ।1 । 6

४. 3 ।54 । 20; 6 । 51 । 5

५. अदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः (1 । 94 । 16, 1 । 95 । 11, 1 । 96 । 9) इत्यादि।

६. पृथिवी च मेऽदितिश्च मे । वा.सं. 18 । 22; भूमिर्मातादितिर्नो जनित्रम् । अथ. सं. 6 । 120 । 2

समझना ठीक नहीं है। विद्वानों द्वारा स्थापित विविध मतों का खण्डन पहले ही किया जा चुका है। सर्वप्रथम निरुक्त टीका में स्कन्द स्वामी द्वारा निर्दिष्ट और अनन्तर श्री अरविन्द, स्वामी दयानन्द आदि कुछ विद्वानों द्वारा मान्य अदिति विषयक धारणा ही ऋग्वैदिक अदिति के स्वरूप और नाम की व्युत्पत्ति से पूर्णतया संगत बैठती है। अतः अदिति उस प्रकृति का प्रति-रूप है, जिसमें समग्र प्राकृतिक तत्व समाविष्ट हैं और जो निष्पाप, अविनाशी, अविभक्त, अखण्डनीय, अदीन, स्वतंत्र आदि अमूर्त गुणों से सम्पन्न है। आध्यात्मिक या दार्शनिक अर्थ में यदि अदिति ब्रह्म की शक्तिस्वरूपा, जगत् की कारणरूपा अव्याकृत प्रकृति है, तो आधिदैविक अर्थ में 'सार्वभौम प्रकृति', जिससे सब उत्पन्न होते हैं और जिसमें ही सब लय होते हैं।

'अदितेर्दक्षो अजायत दक्षादु अदितिः परि' (ऋ. 10। 72। 4) मंत्र के अनुसार अदिति दक्ष की पुत्री एवं माता है, और दोनों एक दूसरे से उत्पन्न हुए हैं। यद्यपि यह परस्पर जनयितृत्व की भावना ऋग्वेद के लिए नयी बात नहीं है (ऋ. 10। 90। 5), तथापि यास्क की व्याख्या के अनुसार दोनों ही किसी समान तत्व से उत्पन्न हुए होंगे (समानजन्मानौ स्यातामिति। नि. 11। 23। रॉथ का मत है कि 'दक्ष' शब्द का अर्थ यहाँ आध्यात्मिक शक्ति से है और 'अदिति' अनन्तता की द्योतक है। दक्ष अव्यक्त परमात्मा के सामर्थ्यशाली पितृरूप का प्रतीक है और अदिति मातृरूप में कल्पित सृष्टि की सर्वोच्च शक्ति है। आदि और अन्त से रहित होने के कारण वह आध्यात्मिक शक्ति 'दक्ष' अदिति (अनन्तता) से उत्पन्न मानी जाती है; यह दक्ष का अदिति से जन्म है। आध्यात्मिक शक्ति से पूर्व उसके अतिरिक्त कुछ नहीं है, इसलिए अदिति भी एक प्रकार से दक्ष की पुत्री है।[१] एक अन्य मंत्र के अनुसार 'दक्ष तत्व अदिति की गोद में अवस्थित था' (दक्षस्य जन्मन्नदितेरुपस्थे। 10। 5। 7); अतः 'दक्ष' की माता और पुत्री रूप 'अदिति' के मूल में भी 'प्रकृति' की परिकल्पना ही व्यक्त होती है। उदयवीर शास्त्री का प्रतिपादन है कि 'दक्ष' पुरुष है और अदिति है– अव्याकृत, अव्यक्त प्रकृति। यह नाम अद् (भक्षणे) से है क्योंकि वह पुरुष द्वारा भोगी जाती है। वैदिक 'अदिति' सांख्य की प्रकृति का ही एक रूप है।[२]

ऋग्वेद में आदित्यगण के निमित्त छः सकल सूक्त और कुछ मंत्र कहे गये हैं। अदिति के पुत्र रूप में 'आदित्याः' का उल्लेख हुआ है, परन्तु अदिति के समान ही आदित्यगण की धारणा का मूल आधार भी अत्यन्त जटिल और अस्पष्ट है। आदित्य

---

१. *Illustrations of the Nirukta,* Roth, p. 151.

२. *Samkhya Siddhanta,* Udayavir Shastri, Gaziabad, 1962, p. 338-48.

देवता 'अदितेः पुत्राः' होने से ही 'आदित्याः' है, अतः 'अदिति' की धारणा की उत्पत्ति के बाद ही 'आदित्यां:' का आविर्भाव हुआ होगा। माता अदिति को बहुधा आदित्यों के साथ बुलाया गया है। अनेक ब्राह्मण ग्रन्थ आदित्यों के 'अदितिपुत्रत्व' के वाचक हैं। यास्क ने 'आदित्य' शब्द की एक व्युत्पत्ति यह भी की है (अदितेः पुत्र वा । नि. २ । १३)। आदित्यगण ऋग्वेद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण देवगण है, परन्तु इस संहिता में इनकी संख्या तक निश्चित नहीं है। ऋग्वेद में एक बार (2 । 27 । 1) छः आदित्यों का उल्लेख हुआ है, और एक बार (9 । 114 । 3) सात का। अन्यत्र अदिति के आठ पुत्र (अष्टौ पुत्रासो अदितेः - 10 । 72 । 8) बताए गए हैं। ऋग्वेद में मित्र अर्यमा, भग, वरुण, दक्ष और अंश-यह छः आदित्यों के नाम दिए गये हैं, पर आठ नामों का सर्वप्रथम उल्लेख तैत्तिरीय ब्राह्मण में हुआ है- मित्र, वरुण, अर्यमन्, अंश, भग, धाता, इन्द्र और विवस्वान् (तै. ब्रा. 1 । 7 । 9 । 1-3)। शतपथ ब्राह्मण में दो बार आदित्यों की संख्या बारह कही गई है, और बारह मासों से उनकी तद्रूपता स्थापित की गई है। [१] ब्राह्मणों और वेदोत्तरकालीन साहित्य में स्पष्टतया आदित्यगण में बारह आदित्य सुनिश्चित हैं, जो सूर्यरूप हैं और बारह मासों से सम्बद्ध हैं; परन्तु ऋग्वेद में तो आदित्य देवताओं का सौर देवताओं से कोई स्पष्ट सम्बन्ध दिखाई नहीं देता है। यहां न तो आदित्यों की संख्या निश्चित है और न नाम ही। दर्शनीय है कि एकवचन में 'आदित्य' नाम से यजुर्वेद और अथर्ववेद की संहिताओं में सूर्य की स्तुति की गई है (तै. सं. 5 । 1 । 8, वा. सं. 13 । 3, अथ. वे. सं. 13 । 2 । 3) और ब्राह्मणों में तो 'सूर्य' का 'आदित्य' नाम अत्यन्त प्रचलित है, परन्तु ऋग्वेद में यदा कदा ही सूर्य को 'आदित्य' (1 । 50 । 13, 1 । 191 । 9, 8 । 10 । 11) या 'आदितेय' (10 । 88 । 11) कहा गया है। कभी उन्हें आदित्यगण से पृथक् भी दिखाया गया है (8 ।35 । 13), 15); अतः अदिति के देवमाता होने से ही सूर्य के लिए 'आदित्य' एक सामान्य विशेषण है। जबकि ब्राह्मणों और परवर्ती साहित्य में 'आदित्य' सूर्य का एक नाम बन गया है। निःसन्देह ऋग्वेद में सूर्य के लिए प्रयुक्त 'आदित्य' विशेषण ही आगे चल कर उसका पर्याय और द्वादशात्मा सूर्य रूप आदित्यगण का आधार बना है। फिर छह आदित्य नामों में से तीन-अर्यमन्, भग और मित्र—स्पष्टतः सौर देवता हैं। एक स्थान पर सम्भवतः सूर्य को 'द्वादशाकृति' (1 । 164 । 12) कहा गया है। अतः ऋग्वैदिक 'आदित्याः' के ही विकसित अवस्था में द्वादश आदित्य रूप द्वादशात्मा सूर्य बन जाने के पर्याप्त आधार हैं।

---

१. ये द्वादशादित्या असृज्यन्त। श. ब्रा. 6 । 1 । 2 । 8; कतम आदित्या इति। द्वादश मासाः संवत्सरस्यैत आदित्याः। श. ब्रा. 11 । 6 । 3 । 8

ऋग्वेद में आदित्यों के निमित्त कहे गए सूक्तों में से कई में प्रायः अदिति के पुत्र रूप में मित्र, वरुण और अर्यमन् का ही एकत्र वर्णन किया गया है। आदित्यों के प्रमुख 'वरुण' प्रतीत होते हैं। शेष आदित्यों की चारित्रिक विशेषताएं नगण्य हैं। वर्ग के रूप में इनका सामूहिक चरित्र देवसामान्य के चरित्र जैसा है। वे नैतिक तत्वों से युक्त हैं। वे ऋतु की रक्षा करते हैं और चराचर को धारण करते हैं (2। 27। 4)। वे अत्यन्त पवित्र, असत्य से घृणा करने वाले और पापियों को दण्ड देने वाले हैं (7। 66। 3)। उनसे प्रार्थना है कि वे पाप के लिए क्षमा कर दें (2। 27। 14)। वे अपने उपासकों की रक्षा करते हैं (8। 47। 2)। वे रोग और बाधाओं के निवारक (8। 18। 10), और प्रकाश, दीर्घायु, अपत्य एवं नेतृत्व आदि के दाता हैं (2। 27। 10, 2। 27। 11, 8। 18। 12 इत्यादि)। शुचि, हिरण्यय, भूर्यक्ष, अनिमिष, अस्वप्नज, अवृजिन, अनवद्य, धारपूत, अरिष्ट, उरु, गभीर, अदब्ध इत्यादि–उनके प्रमुख विशेषण हैं (2। 27। 2,3)। ऋग्वेद में 'आदित्याः' की विशेषताओं में वरुण के गुणों की प्रधानता है। ग्रिसवोल्ड के शब्दों में कहा जा सकता है कि 'सम्पूर्ण आदित्यों के लिए मिलाकर वेदों में सम्भवतः ऐसी कोई बात नहीं कही गई है, जो वरुण के लिए सत्य न हो।'[१] सामूहिक रूप से आदित्यगण दिव्य ज्योति से सम्बद्ध होते हुए भी सत्य, पवित्रता और ऋत के रक्षक हैं। प्रतीत होता है कि जिस प्रकार 'अदितेः पुत्राः' के रूप में वर्णित 'आदित्याः' में अदिति के गुणों और विशेषताओं ने स्थान पाया, उसी प्रकार आदित्यों के प्रमुख 'वरुण' के विशेष गुण और कर्म–यथा पापबन्धननिर्मोचनादि स्वाभाविक रूप से अदिति में सन्निविष्ट हो गए। 'आदित्य' नाम की दूसरी व्युत्पत्तियाँ[२] अवश्य ही बाद की खोज है, जब आदित्यों के स्वरूप का विकास हुआ और उन्हें अन्य गुणों और विशेषताओं से भी संयुक्त किया गया।[३] दर्शनीय है कि ऋग्वेद में उक्त छह आदित्य नामों के अतिरिक्त दूसरे देवताओं—यथा इन्द्र को भी 'आदित्य' कहा गया है।[४] एकेन्द्रनाथ घोष की मान्यता है कि कई देवता ऋग्वेद में एक या अनेक बार 'आदित्य' रूप में वर्णित हैं।[५] कई बार 'आदित्याः'

---

१. *The Religion of the Rigveda,* H.D. Griswold, p. 143

२. निरुक्त 2। 4। 1

३. *Vedic Etymology,* Fateh singh, p. 80

४. तुरीयादित्य हवनं त इन्द्रियम्। बालखिल्य 417; ऋ. 7। 8

५. *Studies on Rigvedic Deities,* Ekendranath Ghosh, p. 17.

देवसामान्य के लिए भी व्यवहृत हुआ प्रतीत होता है।[१] अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ऋग्वेद में आदित्य सम्बन्धी धारणा अदिति विषयक धारणा से जुड़ी हुई है। 'आदित्याः' का प्रधान आधार 'अदिति पुत्रत्व' ही है, इसीलिए उनका ऋग्वैदिक स्वरूप धुंधला और नाम व संख्या तक अनिश्चित है। विशेष बात तो यह है कि अदिति के समान ही आदित्य गण का स्वरूप भी ऋग्वेदोत्तर ग्रन्थों में क्रमशः अधिक स्पष्ट और निश्चित होता चला गया है। जिस प्रकार 'अदिति' अपने ऋग्वैदिक स्वरूप में मातृत्व गुण की प्रधानता के कारण कालान्तर में 'देवमाता' पद को प्राप्त कर लेती है, उसी प्रकार अदितिपुत्र ऋत के रक्षक के आदित्याः अपने ऋग्वैदिक स्वरूप में प्रमुखतया दिव्य प्रकाश से युक्त होने जैसे कुछ कारणों से द्वादशात्मा सूर्य के प्रतिरूप हो जाते हैं।

□□□

---

१. 2 । 1 । 3,2 । 28 । 3,10 । 65 । 9; *Vedic Mythology,* Hillebrandt, Vol. II, p. 59.

विधवा शब्द का व्युत्पत्त्यात्मक अध्ययन

देवी प्रसाद तिवारी

फैजाबाद

The author in this paper has established on the evidence of Vedic literature that the word *vidhavā* is of Sanskrit origin, derived from the root *dhu* or *dhū* to 'tremble'.

आयु, विवाह, चरित्र आदि के आधार पर भारतीय नारी की जातिवाचक संज्ञाएँ नियत की गई हैं। इसी क्रम में संस्कृत साहित्य में मृतपतिका स्त्री के लिए विधवा शब्द का प्रयोग मिलता है।[१] भारतीयों ने विधवा शब्द का प्रयोग कैसे सीखा इस विषय में इतिहासकारों में मतभेद है। कुछ इसे प्राचीन इण्डोयूरोपीय भाषायी परिवार से ग्रहण किया गया मानते हैं।[२] दत्त महोदय का तर्क है कि उक्त भाषायी परिवार के शब्द "विधव" से आर्यों ने विधवा शब्द का प्रयोग किया और जो स्त्रियाँ विधवा नहीं होती थीं उनके लिए उन्होंने "अविधवा" शब्द का प्रयोग किया।[३] प्राचीन इण्डोयूरोपीय भाषाओं में कुछ शब्द ऐसे अवश्य हैं जिनसे इस शब्द की ध्वनि-साम्यता दिखाई देती है। यथा-अवेस्ता-vidavā, लैटिन-Vidua, इटैलियन-Vedova, प्राचीन आयरिश-Febd, वेल्स-Gweddr, गोथिक-Viduvo, widuwa, ओल्ड इंग्लिश-Widuwe, Widewe, मिडिल

---

१. देखिए ऋ.4/18/112; 10/187; 10/40/2; 10/40/8, अथर्ववेदीय पैप्पलाद संहिता 2/61/1; षड्विंशब्राह्मण 3/7; केशव-कल्पद्रुमकोष 1/3/22; पाणिनिगण पाठ 4/1/123, वैखानस गृ. सू. 5/9/2; 7/2/7, बौधायन पितृमेध सूत्र 3/5/2; यास्क, निरुक्त 3/15; निघण्टु 2/3, शिवोपनिषद् 6/227, निशीथ चूर्णी-8, गाथासप्तशती-539, स्वप्नवासवदत्ता, पृ. 56, सुर सुन्दरी चरिअ 1/43

२. देखिए एन. के. दत्त का लेख- "विडो इन एंशिएण्ट इंडिया" दि इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली, दिसम्बर 1938, जिल्द 14, भाग-4, पृ. 661; श्रीमती विमला बंसल, मुरैना शहर के हिन्दू समाज में विधवाओं की स्थिति एवं पुनर्वास- एक समाज- शास्त्रीय अध्ययन, (अप्रकाशित शोध-प्रबंध) ग्वालियर विश्वविद्यालय, 1981, पृ. 1-2; डा. शिवराज शास्त्री, ऋग्वैदिक काल में पारिवारिक सम्बन्ध, 1962, पृ. 78.

३. एन. के. दत्ता का लेख, यथोपरि; और भी देखिए, ए. ए. मैक्डोनेल एवं ए. बी. कीथ के वैदिक इण्डेक्स आफ नेम्स एण्ड सब्जेक्ट्स, जिल्द 1, 1967, पृ. 397 पर उद्धृत राथ का मत।

इंग्लिश-Widowe, न्यू इंग्लिश-Widow, डच-Weduwe, ओल्डहाईजर्मन-Wituwa, ओल्ड-स्लैविक-Vidova, चर्चस्लैविक-Vidova, फ्रेंच-Veuve, स्पैनिश-Viuda, बोहेमियन-Vdova, पोलिश-Wdowa, रशियन-Vdova, पर्सियन-Beva, इत्यादि।[१]

आज भारत के विभिन्न भाषाओं में इसी प्रकार विधवा के लिए इन शब्दों का प्रयोग हो रहा है। यथा:—हिन्दी-विधवा, रॉड़, पंजाबी-रण्डा-रण्डी, उर्दू-राण्ड, काश्मीरी-क्वॉड, सिंधी-विधवा, रन, रन्न, मराठी-बिधवा, बिधवाँ, बाँग्ला-विधवा, विधॉवा, असमिया-विधवा, बिधॉवा, उड़िया-बिधवाँ, विधाँवा, तेलगू-बिधबा, तमिल-विधवै, मलयालम-विधव, कन्नड़-विधवे, संस्कृत-विधवा आदि[२]।

सैद्धान्तिक स्तर पर विधवा शब्द के मूल भाषायी परिवार के सम्बन्ध में निम्नलिखित तीन संभावनाएँ व्यक्त की जा सकती हैं।

1- इन सभी भाषाओं की जननी कोई एक भाषा रही हो जिससे देशकाल के परिप्रेक्ष्य में अन्य भाषाओं में परिवर्तित रूप प्रचलन में आते गये।

2- इन पश्चिमी भाषाओं में से किसी से संस्कृत भाषा में इस शब्द को ग्रहण किया गया।

3- उपर्युक्त पश्चिमी भाषाओं में संस्कृत भाषा से विधवा शब्द को ग्रहण किया गया।

संस्कृत भाषा का व्याकरण अनेक पश्चिमी भाषाओं से सुन्दर, सुव्यवस्थित, एवं वैज्ञानिक है। इस तथ्य को भारतीय ही नहीं अपितु सुधी पाश्चात्य विद्वान भी स्वीकार करते हैं। सर विलियम जोन्स ने लिखा है:—"संस्कृत का गठन अद्‌भुत रूप से सुन्दर है; यह ग्रीक की पूर्णता से भी बढ़कर है; लैटिन से भी परिपुष्ट है और इन दोनों भाषाओं से संस्कृत कहीं अधिक सुसंस्कृत भाषा है।[३]

---

१. कार्ल बुइल, ए न्यू जर्मन एण्ड इंग्लिश डिक्शनरी, लंदन (विडो शब्द), जे. ई. मैन्सन, हैरप्स न्यू शार्टर फ्रेंच एण्ड इंग्लिश डिक्शनरी, लंदन, 1978, पृ. डब्लू-18, एफ. स्टेंगस, न्यू अरेबिक डिक्शनरी, नई दिल्ली, 1978, पृ.459; एच.टी.बिटरिज, कैसेल्स जर्मन-इंग्लिश, इंग्लिश-जर्मन ड़िक्शनरी, लंदन 1978, पृ. 1565, जैकब वेकरेंगल, अल्टिंडिशे ग्रैमेटिक, जिल्द 1, 1896, पृ.252, सी. डी. बक, ए डिक्शनरी आफ सेलेक्टेड सिनोनिम्स इन दि प्रिंसिपल इण्डो यूरोपियन लैंग्वेजेज, शिकागो, 1949, पृ. 131.

२. देखिए भारतीय व्यवहार कोष (सोलह भाषाओं का शब्द कोश) संपादक- विश्वनाथ दिनकर नरवणे, बम्बई, 1961, पृ. 184-185.

३. डा. सुनीत कुमार चाटुर्ज्या द्वारा भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी, तृतीय संस्करण, दिल्ली, 1963, पृ. 17, पर उद्धृत.

संस्कृत आर्यों की भाषा थी, जिनके मूल स्थान के विषय में पश्चिमी मत विवादित होता चला जा रहा है। कतिपय विदग्ध इतिहासकार इनके भारतीय मूल की पुष्टि करने लगे हैं। इस दशा में विचारणीय हो जाता है कि क्या संस्कृत व्याकरण से विधवा शब्द की सिद्धि की जा सकती है।

विधवा शब्द "धु" या "धू" धातु[१], जिसका प्रयोग कम्पन अर्थ में होता है, में "वि" उपसर्ग, 'अप्' एवं 'टाप्' प्रत्यय लगाने से बना है। "धू" अथवा "धु" धातु एक अनेकगणी धातु है जिसके भिन्न-भिन्न गणों में पृथक्-पृथक् रूप बनते हैं। यथा-तुदादिगण-धू विधूनने, धुवति इति धवः[२] भ्वादिगण-धवति इति धवः, स्वादिगण-धुनोति धुनुते इति धवः (उभयपदी), क्रयादिगण-धू कम्पने, धुनाति धुनीते इति धवः[३] (उभयपदी), चुरादिगण- धू कम्पने, धूनयति धवति धवते इति धवः[४]। इन अनेकगणी रूपों का कम्पन अर्थ में कविरहस्य में एक साथ प्रयोग किया गया है:-

> धूनोति चंपकवनानि धुनोत्यशोकं
> चूतं धुनाति धुवति स्फुरितातिमुक्तम्।
> वायुर्विधूनयति चंपकपुष्परेणून्-
> यत् कानने धवति चन्दनमञ्जरीश्च॥[५]

"धु" या "धू" + अप्[६] से "धवः" शब्द की सिद्धि होती है जिसका अर्थ हिलना-डुलना, कम्पन, मनुष्य, पति, स्वामी, बदमाश, ठग, या एक प्रकार का वृक्ष "धव" (GRISLEA TORMENTOSA) होता है।[७]

---

१. धुञ् कम्पने (स्वादिगण-1256)

२. तुदा. ग. 1399

३. क्रयादिगण धातु पाठ 1488

४. चुरादिगण धातु पाठ 1836

५. भट्टोजिदीक्षित द्वारा वैय्याकरण सिद्धान्त कौमुदी पृ. 339 पर उद्धृत.

६. वि + धू + त्रयोदरप् (अष्टाध्यायी 3/3/57) = वि + धू + अप् जहाँ "प्" की इत् संज्ञा होने से "धू" + "अ" में ऊ + अ को गुण आदेश होकर "अव" हो गया और वि + धृ + अव = विधव शब्द बना।

७. देखिए-वामन शिवराम आप्टे, संस्कृत-हिन्दी-कोश, पृ. 491, और 498; एम. मोनियर विलियम्स, ए संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी-, ए.ए. मैक्डोनेल एवं ए. बी. कीथ, वैदिक इण्डेक्स आफ नेम्स एण्ड सब्जेक्ट्स जिल्द । पृ. 397

इसका प्रयोग तीनों लिंगों में होता है। यथा–विगतः धवः यस्य सः विधवः (पुल्लिग) अर्थात् स्वामीविहीन पुरुष या वृक्ष-विहीन वन, विगतः धवः यस्य तत् विधवम् (नपुंसकलिंग) अर्थात् कम्पन रहित पुष्प। स्त्रीलिंग की विवक्षा में "धवः" में टाप् प्रत्यय[१] लगाने से विधवा शब्द बनता है। अर्थात् विगतः (विशेषेण गतः=मृतः) धवः (पतिः) यस्याः सा विधवा (स्त्रीलिंग) मृतपतिका स्त्री होता है। विशेषेण गतः की एक व्याख्या इस प्रकार भी की जा सकती है कि वह पति जो पुनः गृहस्थ जीवन में अपने दाम्पत्य जीवन के निर्वाह के लिए न वापस आने के लिए चला गया हो अर्थात् प्रव्रजित हो गया हो। आगम साहित्य में मृतपतिका स्त्रियों के साथ-साथ प्रव्रजित-पतिका स्त्रियों के लिए भी विधवा शब्द का प्रयोग किया गया है।[२]

इस प्रकार उन विद्वानों का तर्क, जो "विधवा" को मूल शब्द मानते हैं, स्वतो व्याघाती होकर खण्डित हो जाता है क्योंकि "विधव" स्वयं में मूल शब्द न होकर एक सिद्ध शब्द है।

दत्त महोदय का तर्क है कि "विधव" शब्द इण्डोयूरोपीय भापायी परिवार से निःसृत शब्द है। इसमें वि + धवा का योग नहीं है क्योंकि वैदिक वाङ्मय में "धव" शब्द का प्रयोग पति के अभिप्राय में नहीं हुआ है। ऋग्वेद के कतिपय मंत्रों में विधवा[३] और अविधवा[४] शब्दों का प्रयोग किया गया है। यदि यह शब्द धवः से बना होता तो पतिवती स्त्री के लिए 'सधवा' शब्द का भी प्रयोग ऋग्वेद में मिलता जैसा कि बाद के संस्कृत साहित्य में मिलता है।[५]

दत्त महोदय के इस तर्क में बल हो सकता है कि "विधव" शब्द भारोपीय भाषाओं का शब्द है। किन्तु उनका यह कथन कि 'विधव' से 'विधवा' शब्द बना है और उसमें "अ" लगाकर उसे इसलिए निषेधपरक बनाया गया है क्योंकि "धव" शब्द का अर्थ पति नहीं होता यदि होता तो "अविधवा" का प्रयोग न कर "सधवा" शब्द

---

१. विधव + टाप्-'अजाद्यतस्टाप्, अष्टाध्यायी 4/1/4. विधव + ट् + आ + प् जहाँ "ट" और "प्" की इत् संज्ञा होने से इन दोनों का लोप हो जाता है और "विधव" + "आ" = विधवा शब्द बनता है।

२. देखिए, महावग्ग, पृ. 41; औपपातिक सूत्र, पृ. 167; नारी जीवन 1967, पृष्ठ 119.

३. ऋग्वेद 4/18/12, 10/40/2, 10/40/8.

४. ऋग्वेद 10/18/7; ऋग्वेद खिलसूक्त 3/11/8, 3/17 ।1; शौनकीय ब्राह्मण 12/2/31, 18/3/57.

५. देखिए, एन. के. दत्त का लेख- पूर्वोक्त, पृ. 661.

का प्रयोग किया गया होता, बहुत तार्किक नहीं प्रतीत होता। कारण कि ऋग्वेद या अन्य किसी भी ग्रन्थ में हम सृष्टि की समस्त सामग्रियों या किसी संज्ञा के समस्त पर्यायों के उल्लेख की आशा नहीं कर सकते और न ही किसी लेखक या कवि से अपनी इच्छानुरूप शब्दों के प्रयोग की। प्रत्यय के परिवर्तन से नवीन शब्दों का प्रयोग कवि की इच्छा पर निर्भर करता है जैसे विधवा अभिप्राय में "धवा" में "अ" लगाकर "अधवा" शब्द का प्रयोग हलायुध कोष में मिलता है जो प्रयोग आज भी नितान्त विरल है[१]। वैदिक वाङ्मय में कंपन एवं वृक्ष विशेष के अर्थ में "धव" शब्द का प्रयोग किया गया है[२] और बाद के संस्कृत साहित्य में इसका पति पर्याय प्रयोग अनेकधा उपलब्ध है।[३] यास्क ने निरुक्त में "व" शब्द का प्रयोग मनुष्य अर्थ में किया है-"अपि वा धवः इति मनुष्य नाम"[४], जिससे पति अर्थ लेना बाधित नहीं होता। आज भी 'आदमी' और 'औरत' शब्दों का प्रयोग 'पति' और 'पत्नी' के अर्थों में किया जाता है। चूँकि स्त्री के संपर्क से पुरुष में स्वाभाविक रूप से चंचलता (मन, शरीर एवं इन्द्रियों में) व्याप्त होती है इसलिए पति अर्थ में "धू" मूलीय "धव" शब्द का प्रयोग उपयुक्त प्रतीत होता है।

चर्मशिरस् आचार्य ने "विधवा" शब्द के दो विग्रह प्रस्तुत किए हैं-विधवा विधातृका भवति विधवनाद्वा। विधावनाद्वेति।[५] विधवनात् शब्द "धू" धातु (चुरादिगण-1836) में "धूञ्प्रीञोनुग्वक्तव्यः" वार्तिक से 'विधवन्' का पंचमी एकवचन का रूप है जिसका अभिप्राय पतिमरणोपरान्त समुपस्थित वैधव्य जीवन के कष्टों से कँप जाने वाली स्त्री से है जिसे विधवा कहा जाता है। छज्जूराम शास्त्री "विधावनात्" की व्याख्या इस तरह करते हैं-"सा हि भर्तुरभावाद् निरुध्यमाना यत्र तत्र विधावत्येव"[६] किन्तु इस विग्रह से

---

१. हलायुधकोष, पृ. 268 शब्दरत्नाकर, पंक्ति 934-35, 389. पण्णवणासुत्त-1, उपदेशपद टीका-1031.

२. अथर्ववेद 5/5/5; 20/137/2.

३. देखिए, ऋ. 10/18/7 पर सायण भाष्य; अमरकोष 6/35; शब्द-स्तोम-महानिधि, पृ. 397; वा. शि. आप्टे, संस्कृत-हिन्दी-कोश पृ. 491; कल्पद्रुमकोश 1/3 ।124; हलायुधकोश, पृ. 268; वैजयन्तीकोश 6/2/31; शाश्वतकोश पृ. 225; बाणभट्ट-शब्दरत्नाकरः पंक्ति संख्या 2098, व्यवहारसूत्र 7, णायाधम्म कहा सुत्त 1/7.

४. यास्क, निरुक्त 3/15

५. यास्क, निरुक्त 3/15, संपादक— लक्ष्मणस्वरूप 1927, लाहौर, राजवीरशास्त्री, वैदिक-कोष 1975, पृ. 866

६. यास्क, निरुक्त 3/15 छज्जूराम शास्त्री की टीका,

"विधवा" शब्द की सिद्धि नहीं की जा सकती, क्योंकि इस प्रकार "विधावा" शब्द बनेगा न कि "विधवा"। विधावनात् में "धावु" धातु "गतिशुद्धोः स्वरितेत्"। (भ्वादिगण-601) प्रयुक्त है न कि "धू" अथवा "धु"। विधवा शब्द के अभिप्राय में वि + धू + णिच् से विधावनात् बनाने पर पति के अभाव में नियंत्रणहीन होकर इधर उधर स्वच्छन्द विचरण करने वाली नहीं अपितु वैधव्य जीवन में विधवा की स्वेच्छाचारिता से संभावित दुष्चरित्र से संभाव्य अपयश से परिजनों के कॅप जाने के कारण उसे विधवा कहा जा सकता है, जो व्याकरण की दृष्टि से ठीक है। एक सुभाषित संग्रह में:-

सुवर्णालंकृता कन्या हेमालंकारवर्जिता
सा कन्या विधवा जाता गृहे रोदिति तत् पतिः ॥

"विधवा" शब्द का प्रयोग (विविधाः धवाः यस्याः सा) कुलटा स्त्री के लिए किया गया है।[१]

इस प्रकार "विधवा" शब्द संस्कृत भाषा का शब्द सिद्ध होता है जो कम्पनार्थ प्रयोग किये जाने वाली धातु "धु" या "धू" से निष्पन्न है। ऋग्वेद के एक मंत्र[२] में कम्पनयुक्त (हिलती) पृथ्वी की तुलना विधवा स्त्री से की गई है जो इसके आर्ष प्रयोग की प्रामाणिकता प्रस्तुत करती है।

□□□

१. देखिए-काशीनाथ शर्मा, सुभाषितरत्नभाण्डागारम् पृ. 164.

२. ऋग्वेद 1/87/3, विस्तार के लिए द्रष्टव्य-शिवराज शास्त्री, पूर्वोक्त, पृ. 373

तान्त्रिक-“मुद्रा” : एक संक्षिप्त परिचय

डा. प्रकाश पाण्डेय

इलाहाबाद

The author in this paper has critically dealt with the origin, nature and development of *Tāntrika Mudrās* in its historical persepective.

हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की सभी शाखाओं-प्रशाखाओं में मुद्रा शब्द का प्रयोग बहुशः होता है। देव-पूजा के सभी अंगों, नृत्य की सभी विधाओं, स्थापत्य एवं चित्रकला की सभी कृतियों, जिनमें मानवाकृति की अभिव्यक्ति की गई हो, व्यक्तिगत यौगिक क्रियाओं, यहाँ तक कि पारस्परिक संभाषणों में मुद्राओं का प्रयोगिक रूप देखा जाता है। यह भी कहा जा सकता है कि अभिव्यक्ति का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जिसमें बिना किसी “मुद्रा” का प्रयोग किये पूर्णता लाई जा सकती हो। हिन्दूसंस्कृति में, मुख्यतः तन्त्रों में इस शब्द द्वारा शारीरिक भंगिमा या अवस्था की व्यंजना होती है। देवपूजन में यह विशिष्ट प्रकार की अंगुलि-रचना को व्यक्त करती है। इन प्रकरणों में इसका प्रयोग मानवीय चेष्टाओं आन्तरभावों एवं अनुभूतियों को सर्वसंवेद्य रीति से व्यक्त करने के लिए अथवा किसी वस्तु या स्थिति का सांकेतिक सृजन करने के लिए होता आया है।

कर या हाथ आन्तरभावों को मूर्त करने का साधकतम या करण है। विशेष प्रकार की अंगुलि रचनाएँ ऐसी मूकभाषा का कार्य करती हैं, जो भाषाई बन्धन से मुक्त और सर्वबोध्य होती हैं। ध्वन्यात्मिका भाषा का ग्रहण करने में असमर्थ मूक एवं बधिर अपना सम्पूर्ण विचार-विनिमय अंगुलि-संकेतों की सहायता से करने में दक्ष होते हैं। यह तथ्य इस प्राक्कल्पना को भी जन्म देती है कि आरम्भ में मुद्राएँ ही मनुष्य के विचार-विनिमय की प्रथम साधन रहीं होंगी। विकास के आद्यचरणों में जब मनुष्य के पास अपने मनोभावों को व्यक्त करने के ध्वनि-संकेत नहीं रहे होंगे, जब मनुष्य ऐसी भाषा को विकसित नहीं कर सका होगा जो उसके विचारों को परिपूर्णता के साथ संक्रमित कर सके तब अपनी आवश्यकताओं, विचारों को व्यक्त करने के लिए एक

ही उपकरण उसके पास था-"मुद्रा"। वह नेत्र-वक्त्र-संकेतात्मिका मुद्रा रही हो अथवा हस्त-संकेतात्मिका। यद्यपि हस्त संकेत मानव समाज की अभिव्यक्ति के प्राथमिक माध्यमों में प्रतिष्ठित थे, तथापि भाषा की उत्पत्ति के अनन्तर भी वह तद्वत् प्रतिष्ठित ही रहे। भाषा की उत्पत्ति ने उसके महत्त्व को गौण नहीं होने दिया। अपितु संकेत या मुद्राएँ भाषा की ही उपकारिका बन गईं। मुद्राओं के साथ भाषा के प्रयोग ने वैचारिक आदान प्रदान में सुकरता ला दी। यह स्थिति सम्पूर्ण मानव जाति पर समान रूप से घटित होती है।

भारतीय संदर्भ में मुद्राएँ सर्वाधिक विकसित दिखाई देती हैं। तन्त्रों एवं नाट्य-शास्त्र ने तो इनका सर्वाधिक सुव्यवस्थित एवं व्यापक उपयोग किया है तथा इन्हें शास्त्रीय रूप भी प्रदान किया है। जो संकेत आदि-मानव की भावाभिव्यक्ति का माध्यम था, उसका अतिप्राकृत शक्तियों के प्रति आस्था एवं श्रद्धा की अभिव्यक्ति के लिए भी प्रयोग किया जाना स्वाभाविक था। इस कारण प्रारम्भिक जनजातीय पूजनविधि में मुद्राएँ अत्यन्त महत्त्वशालिनी बनीं। कालान्तर में तन्त्रवेत्ता ऋषियों ने मुद्राओं की दार्शनिक व्याख्या करते हुए उनका विस्तार एवं वर्गीकरण भी किया।

तन्त्रों में मुख्यतः अंगुलिमुद्राओं का प्राधान्य है। सर्वत्र चेतना का दर्शन करने वाले ऋषिगण मनुष्य की अंगुलियों को भी चेतना युक्त मानते हैं[१]। उनका कथन है कि परमसत्ता पंचमहाभूतों को उत्पन्न करके उनके परस्पर सन्तुलित सम्मेल से विश्व की रचना करती है तथा सभी देवताओं की भी अभिव्यक्ति करती है। मनुष्य के हाथों की अंगुलियाँ इन पंचमहाभूतों की भौतिक प्रतिकृति हैं। अंगुष्ठ आकाश का, तर्जनी वायु की, मध्यमा अग्नि की, अनामिका जल की एवं कनिष्ठा भूमि की आत्मभूता है। संसार के सभी पदार्थों के समवायि-कारण पंचभूतों की स्वरूपभूता अंगुलियों के परस्पर संघटन से निर्मित संकेतों से देवताओं की आराधना उनमें निश्चित रूप से हर्ष उत्पन्न करती है, तथा साधक का उन देवताओं से सामीप्य होता है[२]।

योगिनी-हृदय में मुद्राओं की व्याख्या और अधिक सूक्ष्मता से की गई है। उसके अनुसार त्रिपुर-सुन्दरी चिद्-रूपा हैं। वस्तुतः वे ही मुद्रापद का पारमार्थिक अर्थ हैं। मुद्रापद से चित्-तत्त्व का ही अभिव्यंजन होता है। इस व्याख्या की संगति इस प्रकार की जाती है—परमचिदात्मिकाशक्ति त्रिपुरेश्वरी जब चिद्भूमिका में विश्व का उन्मीलन करने की इच्छा करतीं हैं। तब उनका स्वरूप क्रियारूप हो जाता है। यह क्रियात्मिका चित् विश्वचिकीर्षाकाल में **अनुमोदन** एवं **द्रावण** व्यापार करती है। **अनुमोदन** का **अर्थ है** क्रियाशक्ति द्वारा करिष्यमाण या उन्मील्यमान विश्व की उत्पत्ति एवं संवर्धन के प्रति

सांकल्पिक अनुकूलता। दूसरे शब्दों में चित्-तत्त्व से अभिन्न क्रियाशक्ति के उन्मीलन व्यापार में नित्य अनुग्रह के कारण चिद् युक्तता का आधान करना। क्योंकि चेतना की अनुकूलता से ही क्रिया- प्रवाह यथानियोजित रीति से अभिव्यक्ति पा सकता है। **द्रावण** का अर्थ है महाप्रलयावस्था में चिद्भाव में निमीलित या घनीभूत विश्व के घनत्व में विशरण का आपादन अथवा पुनः सावयव-प्रपंचरूप में विश्व का अभिव्यंजन। विश्व के प्रति इस **अनुमोदन** एवं **द्रावणं** व्यापार का प्रवर्तन करने के कारण क्रियात्मिका चित् ही मुद्रा है।[३] इस प्रकार "मुद्रा" पद को मुद् + द्रा दो धातुओं के मिश्रित रूप को विभाजित करके व्याख्या की गई है।

ये व्याख्याएँ इस तथ्य को पुष्टता से प्रमाणित करती हैं कि तन्त्रों में मुद्राओं को परापारमेश्वरी कला की अनुभाविका के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। इन्हें साधकैकवेद्य परमरहस्यमय अर्थों की व्यंजिका माना गया है।[४]

तान्त्रिक अवधारणा है कि मुद्राएँ चेतना को प्रभावित करती हैं। देवता भी चिद्रूप होते हैं। अतः तत्तत् मुद्राएँ तत्तत् देवताओं पर भी प्रभाव डालतीं हैं। जाग्रत् अवस्था में मनुष्य पर इनका प्रभाव अनुभवगम्य हो अथवा न हो किन्तु चित्त पर उसका प्रभाव अवश्य होता है। **कादम्बरी** में चन्द्रापीड की हृदयगति रूक जाने पर शुकनास द्वारा तारापीड को कहे गए सान्त्वना वाक्य में इस विश्वास का उल्लेख भी प्राप्त होता है।[५] सातवीं शती में प्रचलित मुद्राओं के रहस्यात्मक प्रयोग के प्रति **वर्षक्रिया-कौमुदीकार** भी आस्था व्यक्त करते हैं।[६]

केवल हिन्दूतन्त्रों में ही नहीं अपितु योग एवं बौद्धसाहित्य में भी मुद्राओं के रहस्यात्मक एवं चामत्कारिक प्रभाव को स्वीकार किया जाता रहा है। **घेरण्ड संहिता** (उपदेश 3) में 25 जटिल एवं रहस्यमय मुद्राबन्धों का वर्णन किया गया है। **शिवसंहिता** में योग की मुद्राओं के विषय में यह विश्वास व्यक्त किया गया है कि इन विचित्र मुद्राओं के प्रयोग से साधक विविध प्रकार की अकल्पनीय एवं दिव्य सिद्धियाँ तथा शारीरिक क्षमताएँ, बिना किसी अन्य उपासना या साधना का मार्ग अपनाए, प्राप्त कर सकता है। ये मुद्राएँ मनुष्य को दीर्घजीवी बनाकर साधना के उत्तम मार्ग को प्रशस्त करती हैं।[७] यद्यपि योग के ग्रन्थों में प्राप्त ये मुद्रा-बन्ध केवल अंगलियों द्वारा ही निर्मित नहीं होते। अपितु इनकी साधना सम्पूर्ण शरीर के बाह्याभ्यन्तर अंगों द्वारा की जाती है। तथापि ये मुद्राएँ तान्त्रिक मुद्राओं से सर्वथा भिन्न नहीं है। इनका उपयोग भी तान्त्रिक साधना में होता रहा है। **हठयोग प्रदीपिका** (3। 32-53) में इसी प्रकार की 10 मुद्राओं का उल्लेख है। **शिवसंहिता** (अध्याय 4) में भी महामुद्रा, महाबन्ध,

महाभेद, खेचरी, जालन्धबन्ध, मूलबन्ध, विपरीतकरण, शक्तिचालन आदि उत्तम प्रभावोत्पादिका मुद्राओं का उल्लेख है। ये सभी मुद्राएँ अत्यन्त जटिल हैं तथा बिना किसी योग्य गुरू के सीखी नहीं जा सकती हैं।

बौद्ध पारमिताओं को भी मुद्रा संज्ञा दी गई है। साधनमाला में मानव अस्थियों के प्रतीक आभूषणों को पारमिता कहा गया है तथा इन्हें मुद्रा शब्द से अभिहित किया गया है-[८]

कण्ठिका रुचकं रत्नमेखलं भस्मसूत्रकम्।
षड् वै पारमिता एता मुद्रारूपेण योजिता : ॥

आर्यमंजुश्रीमूलकल्प (पटल 38) में 108 मुद्राओं की सूची एवं उनके अर्थों का वर्णन है। ये मुद्राएँ हिन्दू तान्त्रिक मुद्राओं के समान ही हैं। 35 वें पटल में आर्यमंजुश्रीमूल-कल्पकार स्पष्टतया निर्देश देते हैं कि यदि मन्त्र एवं मुद्राओं का संयुक्त प्रयोग किया जाए तो साधक को असंदिग्ध रूप से, सभी कार्यो में सफलता प्राप्त होती है। इनके प्रयोग के बाद तिथि, नक्षत्र, उपवास आदि की आवश्यकता नहीं होती है।

इण्डियन ऐन्टिक्वेरी (भाग 26, 1857,, पृष्ठ 24-25) में बर्गेस ने वाडेल द्वारा अन्वेषित 10 बौद्धमुद्राओं का विवरण दिया है। ए. के. कुमारस्वामी ने बौद्धमुद्राओं के विषय में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण लेख 1928 में लिखा था। इसमें बौद्धसम्प्रदाय में मुद्राओं के महत्त्व का ख्यापन अत्यन्त शोध-पूर्ण सामग्री द्वारा किया गया है।[९]

जैन सम्प्रदाय में भी अत्यन्त प्राचीन काल से मुद्राओं का महत्त्व स्वीकार किया गया है। जैन-पूजन-पद्धति में भी रहस्यमयी मुद्राओं का प्रयोग प्रचलित है। प्रियबाला शाह ने जर्नल आफ ओरिएन्टल इन्स्टीट्यूट, बड़ौदा (भा 6, संख्या 1,1956-57) में (जैन भण्डार, पटना में सुरक्षित) दो मातृकाओं को प्रकाशित किया है। मुद्राविधि, एवं मुद्राविचार नामक इन दोनों पुस्तकों में केवल जैनसम्प्रदायानुमत मुद्राओं का वर्णन है। इनमें मुद्राविधि का संकलन काल 13वीं 14वीं शती ईसवीय माना जाता है। किन्तु मुद्राविचार के उद्धरण निर्वाणकालिका में प्राप्त होते हैं। गुजराती विद्वान् मोहनलाल जावेरी निर्वाणकालिका को प्रथमशती ईसापूर्व से तीसरी शती ईसवीय का ग्रन्थ मानते हैं। अतः मुद्रा विचार का काल दूसरी शती ईसापूर्व से प्रथम शताब्दी ईसवीय का माना जाना चाहिए। किन्तु प्रियबाला शाह इसका काल भी चौथी-पाँचवीं शताब्दी मानती हैं[१०]। जो भी हो, इतना अवश्य स्पष्ट है कि ईसा की प्रथम शती में जैनियों में भी मुद्राओं का नियमबद्ध प्रयोग प्रचलित एवं प्रतिष्ठित हो चुका था।

इस प्रकार ईसा की आरम्भिक शताब्दियों में जब कथित आर्य एवं आर्येतर संस्कृतियों का परस्पर विलय पूर्णता को प्राप्त कर चुका था। तब तक मुद्राएँ भी सभी प्राचीन उपासना पन्थों में प्रतिष्ठा पा चुकीं थीं। हिन्दू योगतन्त्र, बौद्धतन्त्र, जैनतन्त्र, योगशास्त्र इन रहस्यमयी मुद्राओं को स्वीकार कर चुका था। इनका स्वरूप हाथ या सम्पूर्ण शरीर या शरीरिक अवयवों की अवस्था विशेष था। विशेषतः योग के सम्बन्ध में मुद्राएँ योग्यता का आधान करने वाली या रक्षिका भी होतीं हैं। सम्पूर्ण शरीर से निर्मित होने वाली अभ्यास साध्या जटिल मुद्राएँ शरीर का संस्कार करती हुईं चित् शक्ति का उद्बोधन भी करती हैं। उनका प्रभाव शरीर, मन एवं चेतना पर बताया गया है। जैसे– **महाबन्ध** की साधना करते हुए **नभोमुद्रा** का अभ्यास किया जाता है, इसमें गलजिह्व के पीछे स्थित ब्रह्मरंध्र से सतत क्षरमाण अमृत का पान किया जाता है। इस क्रिया से शरीर नीरोग रहता है, मन की एकाग्रता बढ़ती है तथा चित्शक्ति जागरित होती है।

मुद्रा स्व-रूपख्यापिका भी कही गई है। पार्थिव शरीर के विशेष भंगिमाओं या क्रियाओं के माध्यम से आत्मरूप् का साक्षत्कार कराने की क्षमता का ख्यापन मुद्राओं की रहस्यमयी अवधारणा को स्पष्ट करता है[११]।

जो मुद्राएँ कभी भाषा की अभिव्यक्ति क्षमता को पूरा करने वाले संकेत के रूप में थी, वे चिन्तन एवं संस्कृति के विकास के साथ अत्यन्त सूक्ष्मप्रभावोत्पादकता के कारण रहस्यात्मिका क्रियाओं तक विस्तृत हो गई। आज वे भारतीय तान्त्रिक उपासनापद्धति की प्रत्येक विधा में अपरिहार्य अंग के रूप में श्रद्धा के साथ प्रयुक्त होती हैं। निश्चित रूप से मुद्राओं से होने वाले सूक्ष्म एवं दिव्य प्रभावों का अन्वेषण तान्त्रिक ऋषियों ने ही किया होगा। इन्हीं तन्त्रानुयायियों के मन्त्र-मुद्रामयी साधना से प्रभावित होकर योग एवं बौद्ध-जैन तन्त्रों में भी मुद्राओं को धार्मिक प्रतिष्ठा एवं विस्तार मिला।

मुद्राओं के इतिहास पर भारतीय दृष्टि से विचार करने पर उक्त कथन की सम्पुष्टि भी होती है। तन्त्रों का मूल मातृशक्तियों एवं शिव की प्रागैतिहासिक काल से चली आ रही उपासना परम्परा में निहित है। ऐसा प्रतीत होता है कि शक्ति उपासना की परम्परा में ही मूलतः मुद्राओं का प्रचलन स्वीकृत हुआ होगा। वैदिक काल सम्पूर्ण भारत में सांस्कृतिक विनिमय का काल था। इस काल में शक्ति पूजा या तान्त्रिक विद्या ने अत्यन्त व्यापक रूप से भारत की सभी धार्मिक परम्पराओं को प्रभाबित किया था। क्योंकि शक्ति पूजा किसी न किसी रूप में पूरे भारत में होती थी तथा उसकी व्यापकता का कोई भी सम्प्रदाय अथवा दर्शन उपेक्षा नहीं कर सकता था, अतः शैव,

गाणपत्य, सौर, वैष्णव, बौद्ध, जैन, हठयोग आदि अनेक धार्मिक सिद्धान्तों में मुद्राओं को अपनी धार्मिक क्रियाओं का अंग बनाया गया। अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य यह भी प्रमाणित करते हैं कि मातृदेवियों की उपासना, एसिया, अफ्रीका एवं यूरोप के कई देशों में अनादिकाल से होती रही थी। कैम्पबेल[१२] ने एतिहासिक दृष्टि से मुद्राओं के सम्बन्ध में अपनी कल्पना प्रस्तुत की है। तद्नुसार संभवतः मिस्रीय, शाकद्वीपीय एवं भारतीय अध्यात्मपरक-साधनाओं में प्रथमतः योगविद्या का प्रादुर्भाव हुआ था। कालान्तर में एशियाई ज्ञानप्रक्रिया पर योग ने अपना प्रभावी आधिपत्य स्थापित कर लिया। इस योगविद्या ने अपनी साधनापद्धति में मन्त्र एवं मुद्राओं का प्रयोग प्रचलित किया। साधना में मुद्राओं का प्रयोग स्थित हो जाने पर पूर्व की ओर इसका प्रसार हुआ। इस प्रकार मुद्राएँ कथित आर्य आव्रजन मार्ग से भारत, चीन, जापान, आदि देशों में प्रचारित हुई। पुनः भारत से ये समुद्रमार्ग से जावा एवं बाली द्वीपों में ले जाई गई। कैम्पबेल ने मुद्राओं की तुलना संगीत के सुरों एवं गणितीय संकेतों से की है जो कि सर्वग्राह्य एवं प्रभावी होती हैं[१३]। कैम्पबेल सरीखे विद्वानों की मान्यता है कि मुद्राएँ योग के प्रारम्भिक क्रियाओं की देन हैं।

किन्तु इन कल्पनाओं का समादर आधार के अभाव में नहीं हो पाया। बाली के द्वीपों और चीन, जापान आदि देशों में भारत से मुद्राओं का निर्यात बौद्धधर्म के प्रचार के साथ अथवा शैवों द्वारा हुआ था। किन्तु मिस्र, यूनान या किसी एसियाई देश से मुद्राओं का अथवा योग के आयात का न कोई स्पष्ट कारण है न प्रमाण। तन्त्रों का भारत में प्रवेश तुर्की से हुआ,[१४] बंगाल में इसका उद्‌भव हुआ अथवा कथित आर्यपूर्वभारत में ही तन्त्रों की उत्पत्ति हुई[१५] यह एक पृथक अध्ययन का विषय है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि प्रचीन कालिक भारत में तान्त्रिक परम्पराएँ अव्यवस्थित रूप में वर्तमान थीं जो कि आर्यों आर्येतरों के सम्मिश्रण के साथ व्यवस्थित हुई। शाकद्वीप या चीन से आयातित विद्याओं ने उन्हें केवल समृद्ध किया होगा। प्राग्वैदिक काल में मध्य, मध्य पूर्व एवं पश्चिमी भारत में अनेकानेक धार्मिक सम्प्रदाय थे जिनमें शिव एवं शक्ति की पूजा की प्रधानता थी। अति प्राचीन कबीलाई संस्कृति वाला विश्व भी तद् देशों में अपनी-अपनी धार्मिक विद्याओं से सम्पन्न था। इनमें भी मातृशक्तियों की उपासना की प्रधानता थी। किन्तु इससे यह प्रमाणित करने का प्रयास कि मन्त्रों एवं मुद्राओं का प्रयोग भारत ने कहीं और से सीखा, अन्यायपूर्ण एवं निरर्थक है। भारत में प्राचीन काल से ही अंग भंगिमाओं के रूप में मुद्राओं का विवरण प्राप्य है। सिन्धुकालिक पशुपति, नर्तकी आदि एवं गंगाघाटी में प्राप्त भित्तिचित्र इसके स्पष्ट उदाहरण हैं।

ऋग्वैदिक शब्द **"लोपा मुद्रा"**[१६] से भी यह प्रमाणित है कि मुद्रा शब्द संस्कृत में पूर्णरूप से स्वीकृत एवं प्रचलित था। इसी कारण व्यक्तिवाचक संज्ञा में इसका प्रयोग हुआ है। इसका अर्थ सम्भवतः चिह्न था।[१७] इनके अतिरिक्त पौराणिक साहित्य, तन्त्रों, बौद्धतन्त्रों, सामहस्त आदि में मुद्राओं के प्रयोग की सुगठित एवं विकसित परम्पराएँ, भारत में सभी गुणों को आयातित मानने की अप्रामाणिक एवं अन्धकारपूर्ण पाश्चात्यपरम्परा को मुद्राओं के प्रसंग मे भी असंगत कर देती हैं। अतः मुद्राओं के उद्‌भव के विषय में पृथक् दृष्टि से विचार करना ही श्रेयस्कर होगा।

भारत में योगतन्त्र सम्वन्धी मुद्राओं का अपरिहार्य एवं घनिष्ठ सम्बन्ध यहाँ उत्पन्न हुए **वैदिक-अवैदिक** धार्मिक सम्प्रदायों के साथ नृत्य एवं नाट्य से भी रहा है। भरत के **नाट्यशास्त्र** में हस्ताभिनय नियमवद्ध एवं विस्तार के साथ सम्पूर्ण नवमाध्याय में व्याख्यात है। जिस प्रकार के हस्ताभिनय के लक्षणों का वर्णन भरतमुनि ने किया है, उनके लक्ष्य हस्तसंकेत अत्यधिक प्राचीन थे तथा लोक में समान्य रूप से स्वीकृत थे। हाथों द्वारा बनाए गए जिस आकार से जिस भाव या वस्तु का अभिनय करने का निर्देश भरत ने दिया है वे हस्त आकृतियाँ उसी भाव या वस्तु के रूप में लोक या सामाजिक द्वारा समझीं जातीं थीं। उस आकृति एवं भाव या वस्तु का प्रतिपाद्य-प्रतिपादक भाव सम्बन्ध लोक में निर्विवाद रूप से स्थिर हो जाने के पश्चात् ही भारत ने लक्षणों का निर्माण किया होगा। इस प्रकार हस्ताभिनय एवं पूजन मुद्राएँ दोनों की प्राचीनता समानरूप से स्थित होती है।[१८]

इस स्थिति में दो विकल्पों का जन्म होता है। 1. पूजन की मुद्राएँ नृत्य या नाट्य के हस्ताभिनय अथवा नृत्त की हस्त मुद्राओं से विकसित हुई थीं। 2. प्राचीन धार्मिक हस्तमुद्राओं की नृत्त की हस्त मुद्राएँ या हस्ताभिनय ऋणी हैं। पाण्डुरंगवामन कार्णे प्रथम विकल्प के प्रति अपनी रुझान प्रकट करते हैं। यद्यपि विशेष विवरण अप्रासंगिक होने के कारण काणे जी नहीं देते हैं। किन्तु उनके संकेतों से यही द्योतित होता है कि वे भरत के हस्ताभिनयों को मुद्राओं का पूर्वरूप मानना चाहते हैं। वैसे भी स्वरूपतः मुद्राएँ संकेतात्मिका होने के कारण अभिनय की कोटि से बाहर नहीं हैं। मुद्राओं से अवस्थानुकृति तो होती ही है। मुद्रात्मक अभिनयाभिव्यक्ति का इतिहास भी अत्यन्त प्राचीन है। **नाट्यशास्त्र** हस्ताभिनयों का उल्लेख करता है। पाणिनि को **शिलाली** एवं **कृशाश्व** के नट सूत्रों का ज्ञान था[१९]। अभिनय के 4 प्रकारों[२०] में आंगिक का प्रभेद हस्ताभिनय है। **नाट्यशास्त्र** के नवें अध्याय में हाथों एवं अंगुलियों के लपेट या सम्मिलन को **संयोग** कहा गया है एवं उसके विविध रूपों का वर्णन है। भरत मुष्टि की पृथक् परिभाषा देते हैं। इसी प्रकार "करण" हाथों एवं पैरों के विभिन्न संघटनों

के आधार पर व्याख्यात हैं। 'मुष्टि' 'संयोग' आदि करणो में अन्तर्भूत हैं। 'करण' ही नट के अंगों को शोभित करते हैं। इसीलिए भरत ने करणों को माध्यम से अंगहारों का वर्णन किया गया है। ये अंगहार कई अध्यायों में वर्णित है। हस्तमुद्राएँ इनमें अन्तर्भूत की जा सकती है। अतः पी. वी. काणें द्वारा व्यक्त की गई सम्भावना भी विचारणीय है कि 'यह संभव है कि हिन्दू एवं बौद्धतन्त्रों में पाई जाने वाली मुद्राएँ प्राचीन भारतीय नृत्य एवं नाटकों में वर्णित मुद्राओं एवं शारीरिक गतियों पर आधारित हों और उनके ही विकसित रूप हों। उनके अत्यन्त प्रारम्भिक रूप **नाट्यशास्त्र** में पाए जाते हैं, तथा नाट्य सम्बन्धी मध्यकालीन ग्रन्थ **अभिनयदर्पण** (संपा. डा. जगमोहन घोष, 1957, पृष्ठ 47) आदि भी उन पर प्रकाश डालते हैं[२१]।

किन्तु आदरणीय विद्वान् की उक्त सम्भावना पर विचार करने से पूर्व यह निर्णय कर लेना होगा कि पूजन या योग की मुद्राएँ नाट्यविद्या या **नाट्यशास्त्र** के उद्भव के अनन्तर ही प्रचलित हुईं। तभी उक्त सम्भावना की पुष्टि की जा सकेगी।

नाट्यशास्त्र में वर्णित हस्ताभिनय आन्तर भावाभिव्यंजन के लिए विविध हस्तसंकेतों के द्वारा तत्तत् भावों के प्रदर्शनार्थ, तत्तत् प्रकरण में की जाने वाली लौकिक क्रियाओं के अनुसार किया जाता था। इसके लिए करण, हस्तसंघटन, कर्म, अभिनेय-वस्तु, स्थान-परिवेश, प्रचारयुक्ति या प्रस्तुति एवं क्रियाओं का ध्यान रखते हुए लोकरंजनार्थ हस्ताभिनयों का विधान भरत ने किया है[२२]। वस्तुतः हस्ताभिनय ही नहीं संपूर्ण नाट्य ही लोकानुकरण है[२३]। **विष्णुधर्मोत्तरपुराण** में नृत्तहस्तों के नाम से मुद्राओं का ही वर्णन है[२४]। इस ग्रन्थ में मुद्राहस्तों के वर्णन में अधिकांश मुद्राओं के देवताओं का भी उल्लेख किया गया है **विष्णुधर्मोत्तर** के नृत्तसूत्र में मुद्राओं का वर्णन करते हुए रहस्यमुद्राओं का भी वर्णन है। जो शुद्ध रूप से तान्त्रिक विधा की मुद्राएँ हैं[२५]। ये मुद्राएँ सामान्यतया नृत्तोपयोगिनी नहीं कही जा सकती हैं[२६] तैतीसवें अध्याय में वर्णित मुद्राएँ अवश्य ही नृत्त एवं स्थापत्य में प्रयुक्त होती रहीं हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि नृत्त की मुद्राओं का पूजन की मुद्राओं से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

दूसरी ओर कुछ विद्वान् मुद्राओं का मूल वैदिक सामहस्तों में देखते हैं जिसे स्वरों की शुद्धता को बनाए रखने के लिये तथा आरोहावरोह को संकेतित करने के लिए वैदिक पाठक प्रयोग करते रहे हैं। सामहस्त की सारी मुद्राएँ कलाई एवं अंगुलियों की सहायता से बनतीं थीं।[२७] यदि सामहस्तों एवं **नाट्यशास्त्र** की प्राचीनता की तुलना की जाए तो एक नई समस्या जन्म ले सकती है। साथ ही मुद्रा शब्द की प्राचीनता एवं **नाट्यशास्त्र** में इस शब्द के अभाव से भी इस सम्भावना पर प्रश्नचिन्ह लगता है

कि पूजन मुद्राएँ हस्ताभिनय का विकसित रूप हैं। अतः कुछ साम्य के कारण जन्य-जनक भाव की व्यर्थ कल्पना न करके इस विषय को पृथक् दृष्टि से विचार करना चाहिए।

इस सम्बन्ध में प्राच्यविद्या के मनीषी डॉ. गयाचरण त्रिपाठी द्वारा प्रदत्त दृष्टि अधिक संगत प्रतीत होती है। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार "मानव अनुभूतियों की अभिव्यक्ति का सर्वाधिक सशक्त माध्यम सदा से गतिशीलता रही है। देवप्रत्यय के उद्भव काल में प्रथमतः मनुष्य उनके प्रति श्रद्धाभाव का प्रदर्शन आनन्दमय गत्यात्मकता से ही करता था। इसके लिये प्रधान साधन हाथ ही हो सकते थे। तदनन्तर सर्वांग। यह भी ध्यातव्य है कि प्रारम्भिक मानव देवी-देवताओं या अतिप्राकृतप्रकृतिनियन्ता चतन्यों का पूजन बहुधा समूह में एवं उल्लास के वातावरण में करता था। इस उल्लास पूर्णश्रद्धा प्रदर्शन की सामूहिक गत्यात्मक चेष्टा ने नृत्य को जन्म दिया। अज्ञातकाल से ही सम्पूर्ण-विश्व में नृत्य विद्या सभी आदिम जनजातियों में धार्मिक कृत्यों के पर्याय के रूप में प्रतिष्ठित थी। इस कला के द्वारा न केवल अनुभूतियों का व्यंजन अपितु जीवन के उच्चावच की अभिव्यक्ति, शस्योत्पादन के कारण आनन्द प्रदर्शन, आतुरों की आत्मशान्ति, रुग्ण शरीरों का उपचार भी किया जाता था। ऐसा विश्वास था कि धार्मिक नृत्य की भंगिमाएँ सदात्माओं को आकृष्ट करती हैं एवं दुरात्माओं को दूर भगाती हैं। साथ ही युद्ध आदि उत्साह के अवसरों पर सैनिकों का उत्साह भी बढ़ाती हैं सी. सैक्स की पुस्तक वर्ल्ड हिस्ट्री आफ द डॉन्स के प्रथम पृष्ठ के शब्द नृत्य की दिव्यता का परिचय देते हैं 'नृत्य' की उदात्तता से मंनुष्य इस लोक एवं लोकान्तर के मध्य एक भावात्मक सेतु का निर्माण कर लेता है। मनुष्य की आत्मा इसके माध्यम से दुरात्माओं एवं ईश्वरतत्त्व से सम्बन्ध स्थापित कर लेती है। इस विद्या के द्वारा मनुष्य अपने स्वत्व का विसर्जन करते हुए सम्पूर्ण विश्व से संवाद स्थापित कर लेता है। नृत्यकला आदिम जनजातियों द्वारा धरोहर के रूप में प्रदत्त जीव के त्वरात्मकता का अभिव्यंजन करती हुई एक सुव्यवस्थित अभिव्यक्ति है, जो ईश्वरान्वेषण की वृत्ति को विकसित करती है। यह कला हमारे लक्ष्यों के नियन्ता अति-मानवीय शक्तियों के प्रति अंगभाव का आपादन कराने वाली चेतनात्मक चेष्टाओं का विकास करती है। नृत्य एक याज्ञिक क्रिया, विचित्र आकर्षण, प्रार्थना, तथा अलौकिक दृश्य है।[२८]

आरम्भिक अवस्था में पूजा या धार्मिक क्रिया नृत्यरूपा होती थी। दूसरे शब्दों में नृत्य धार्मिक क्रियाओं के लिए ही किये जाते थे। इसके अनेक उदाहरण विश्व इतिहास में सुरक्षित हैं। सम्भ्रान्त रोमवासी धर्मकार्य से भिन्न स्थलों पर नृत्य नहीं करते थे। पुराकालिक यूनानी लोग उत्सवों पर नृत्य एवं गान करते हुए मन्दिरों की प्रदक्षिणा करते थे। यही परम्परा प्राचीन यहूदियों में भी थी। विष्णुधर्मोत्तर के अनुसार विष्णु ने

देवताओं की आराधना करने के माध्यम के रूप में ही नृत्य को उत्पन्न किया था[२९]। भगवान विष्णु के लिए पुष्प-नैवेद्य आदि की अपेक्षा नृत्तादान अधिक महत्त्वपूर्ण है। जो व्यक्ति स्वयं नृत्त के द्वारा देवता की पूजा करता है उससे श्री केशव विशेषरूप से प्रसन्न होते हैं। नृत्त-गीत-वाद्य का समर्पण करने से साधक सर्वांगपूर्ण यज्ञ का फल प्राप्त करता है। जो व्यक्ति नृत्त के द्वारा देवता की आराधना करता है वह आप्तकाम होने के साथ मुक्ति के रहस्य का ज्ञाता होता है[३०]।

अवश्य ही ये धार्मिक नृत्य अद्यतनीन विकसित नृत्य से भिन्न भी थे। इन नृत्यों में साधक विभिन्न प्रकार के लय एवं संकेतों से देवता को प्रसन्न करने का प्रयत्न करता था। कुछ शब्दोच्चार भी करता था। किन्तु अव्यवस्थित रूप में। इतना अवश्य निश्चित है कि वह उन्हीं संकेतों का प्रयोग करता था जिनका अर्थ वह स्वयं समझता था। इन संकेतों की व्यवस्था कालान्तर में हुई। आज भी अनेक पूजन मुद्रायेँ नृत्य में प्रयुक्त होती हैं। **नृत्यरत्नावली** (2/286) के वराभिनय की तुलना **तन्त्रसार** (मुद्रा प्रकरण, पृष्ठ 436) के वरमुद्रा से की जा सकती है। इसी प्रकार, मृग, हंस, वराह, मत्स्य, कूर्म, कुम्भ, शंख, आदि के लिये नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थों में जो हस्ताभिनय वर्णित हैं वही तन्त्रग्रन्थों में पूजनमुद्राओं के रूप में वर्णित हैं। अतः यह सम्भावना है कि कुछ वस्तु या भाव परक मुद्राओं एवं हस्ताभिनयों का उत्स एक ही हो।

कालान्तर में नृत्य एवं नाट्य लोकरंजन के उत्तम माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित एवं विकसित हुये। उसकी सीमा धार्मिक क्रियाओं तक ही सीमित नहीं रही। लोकरंजनार्थ प्रयुक्त होने वाला नाट्य नियमबद्ध होता गया। उसके विधायक शास्त्रों की रचना होने लगी। उसके प्रभेद प्रकल्पित होने लगे। उसमें नई-नई उद्भावनाएँ स्थान पाने लगीं। दूसरी ओर तान्त्रिक उपासनापद्धति सभ्यता, वैचारिकसूक्ष्मता, एवं अध्यात्म के विकास के साथ उदात्तरूप धारण करती गई एवं दुर्वासा आदि ऋषियों की प्रत्यभिज्ञा से समृद्ध होती रही। नाट्य, नृत्य एवं पूजन पद्धति दोनों ने अनादिकाल से स्वीकृत एवं प्रतिष्ठित भावाभिव्यक्ति के माध्यम हस्तसंकेतों को अपनी-अपनी आवश्यकता के अनुसार विकसित किया। आज भी पूजन के सामान्य उपचारों में नित्य प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं का उद्देश्य एवं प्रक्रिया नाट्य या नृत्य के अभिनय के समान ही है। नाट्याभिनय सामाजिकों के विनोद के लिये होता है, मुद्राएँ देवताओं के हर्ष के लिये होती है। अभिनेता हस्ताभिनय द्वारा तत्तत् भावों, परिस्थितियों एवं वस्तुओं का मुद्रण या अभिकल्पन सामाजिक के लिये करता है। उपासक भी मुद्राओं के द्वारा देवता के लिये वस्त्र, शस्त्र, स्वरूप आदि का अभिकल्पन करता है। अभिनय से पुष्ट होने वाले रस की स्थिति सामाजिक या भावक में होती है क्योंकि उन्हीं के प्रति अभिनय का प्रदर्शन होता है चूँकि

अभिनेता स्वयं या अनुकार्य के प्रति मुद्राओं का समर्पण नहीं करता अपितु प्रेक्षक का हृदय ही उसका लक्ष्य होता है, अतः रसानुभूति या आह्लाद प्रेक्षक को होता है। तान्त्रिक पूजा में भी उसी प्रकार से साधक अपने इष्ट के लिये मुद्राओं का प्रदर्शन करता है। अतः तज्जन्य हर्ष की स्थिति देवताओं में मानी गयी है[३१]।

इस प्रकार एक ही विधा विकास की प्रक्रिया में दो धाराओं में बँट गई। दोनों का उपजीव्य एक ही थी और वह थी **'भाव संप्रेषण की गत्यात्मक चेष्टा'**।

डा. गयाचरण त्रिपाठी जी के सिद्धान्त[३२] में पूर्वोक्त दोनों विकल्पों का उचित सामञ्जस्य दृष्टिगोचर होता है। तन्त्र-साधना ने जब 'योगतन्त्र' को विकसित किया, तब शारीरिक क्रियाओं का महत्त्व व्यक्त हुआ। एकाग्रता की आवश्यकता पर ध्यान दिया जाने लगा। अनेक जटिल एवं रहस्यमयी क्रियाओं का अनुसन्धान हुआ एवं उनका संग्रह तन्त्रोपासना में किया गया। इस स्थिति में पूजा सामूहिक से व्यक्तिगत, रहस्यमयी एवं गोप्य होती गई। नृत्य एवं नाट्य के विकास में जितना सार्वजनिकत्व का ध्यान रखा गया, तान्त्रिक मुद्राओं के विकास में उतनी ही गोप्यत्व की महिमा उल्लसित हुई। पूजन के व्यक्तिगत होने के साथ-साथ साधना की क्रियाओं में योग की रहस्यमयी क्रियाओं का प्रभाव होता गया जिनमें मुद्राएँ प्रधान थीं। तब तान्त्रिक मुद्राओं के सार्वज़निक प्रदर्शन का निषेध कर दिया गया[३३]। तन्त्रकारों का यह आदेश है कि जिस प्रकार मन्त्र गुप्त रखे जाने चाहिए उसी प्रकार मुद्राओं का भी गोपन आवश्यक है[३४]।

तन्त्र साधना द्वारा चित्-तत्व के गुप्त रहस्यों का ज्ञान किया जाता है। इन विधियों का उपदेश गुरु उचित पात्र को ही देता है। इस कारण भी मुद्राएँ गोपनीया हैं। **परशुरामकल्पसूत्र** के व्याख्याकार कहते हैं कि मुद्राओं को सार्वजनिक इसलिए नहीं बनाना चाहिए क्योंकि दीक्षा विहीन व्यक्ति के समक्ष मुद्राओं का लक्षण प्रकट करने से देवता क्षुब्ध होते हैं तथा कर्म विफल हो जाते हैं[३५]। इतना ही नहीं, यहाँ तक कहा गया है कि मुद्राओं को गुरु के समक्ष भी नहीं प्रदर्शित करना चाहिए[३६]। यह गोपनीयता का चरमोत्कर्ष है।

मुद्राशब्द : व्युत्पत्ति एवं अर्थ

इस शब्द का प्रयोग वैदिक संस्कृत में प्रचलित था। **ऋग्वेद** (1/176/4) एवं **अथर्ववेद** (18/3/19) में यह शब्द एक-एक बार प्रयुक्त हुआ है। भाषा वैज्ञानिक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि मुद्रा शब्द का मूल संस्कृत भाषा थी अथवा अन्य कोई भाषा। अतः इसे अनिर्ज्ञात मूलक मानते हुए इसकी विभिन्न व्याख्याएँ या सम्भावनाएँ व्यक्त की जाती हैं।

फारसी शब्द "मुहर" अथवा प्राचीन फारसी "मुद्राय" का साम्य संस्कृत शब्द मुद्रा के साथ है। किन्तु यह निश्चित करना दुष्कर है कि यह शब्द मूल भारत-ईरानी भाषा में था अथवा नहीं। इस स्थिति में दो सम्भावनाएँ बनतीं हैं-

1. फारसी भाषा में इस शब्द को संस्कृत से ग्रहण किया गया एवं इसका स्वरूप मुहुर या मुहर बना।

2. प्राचीन फारसी का मुद्राय शब्द संस्कृत में मुद्रा रूप में प्रचलित हुआ। किन्तु भाषाविदों ने इन दोनों विकल्पों में से किसी एक को पुष्ट करने वाला कोई प्रमाण नहीं दिया है[३७]।

ऐसा माना जाता है कि मुद्राय शब्द प्राचीन फारसी में मिस्त्र से आयातित है। अतः फारसी इस शब्द का मूल स्रोत नहीं है। दूसरा तथ्य यह है कि सुमेर की भाषा में एक शब्द था मुसर। इसका अर्थ था अभिलेख। संस्कृत में 'मुद्र' धातु का अर्थ भी अभिलेखन हैं। ईसा पूर्व 3500 के आस-पास अक्काड जाति ने सुमेरिया पर आक्रमण किया तथा उन्होंने सुमेरियाई सभ्यता को तहस-नहस कर डाला। सुमेर वासियों का पूर्ण अभिभव हो जाने पर वहाँ की सांस्कृतिक एवं भाषाई उपलब्धियों से अक्काडों ने स्वयं को समृद्ध किया। इसी प्रक्रिया में उन्होंने मुसर शब्द को अपनी भाषा की प्रकृति के अनुरूप बनाते हुए 'मुत्रा' रूप में ग्रहण किया। अतः तीसरी सम्भावना इस प्रकार भी की जा सकती है कि सुमेरियाई 'मुसर' को अक्काडों ने 'मुत्रा' तथा प्राचीन फारसी में 'मुद्राय' रूप में ग्रहण किया गया। किन्तु वस्तुतः ये तीनों सम्भावनाएँ मात्र कल्पना पर आधारित हैं। अतः भाषा विज्ञान की इन प्राक्कल्पनाओं के चक्रव्यूह में इस शब्द का मूल खोजने की अपेक्षा संस्कृत शब्द 'मुद्रा' पर विचार करना अधिक समीचीन एवं प्रासंगिक है। वायर ने इस शब्द का मूल अर्थ चिह्नित मुद्रिका, सील या ताला, मानते हुए योग की दृष्टि से मुद्रा शब्द को "बाह्य विश्व के प्रभावों का रक्षक" के रूप में व्याख्यायित किया है[३८]। संस्कृत "मुद्रा" को आधुनिक देशज शब्द "मुदना" भी व्यक्त करता है जिसका अर्थ है ढक्कन। यह अर्थ वायर के अर्थ से साम्य रखता है। अभिलेखार्थक मुसर, मुत्रा, मुद्राय संस्कृत के लिप्यर्थक मुद्रा या मुद्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं।

संस्कृत वैयाकरणों की व्याख्याओं में इसकी अनेकार्थकता के कारण अनेक विकल्प प्राप्त होते हैं। सिद्धान्त-कौमुदी-कार इसकी व्याख्या "स्फायितञ्च—" आदि औणादिक 2/13 सूत्र के आधार पर करते हैं। उनके अनुसार मुद् धातु से 'रक्' प्रत्यय करने पर 'मुद्रा' शब्द की व्युत्पत्ति होती है। इस शब्द का अर्थ है "प्रत्यय कारिणी" या 'ज्ञान कराने वाली'[३९]। इसी व्याख्या को शब्दकल्पद्रुम एवं अथर्ववेद 18/3/19 के सायणभाष्य में भी

देखा जा सकता है[४०]। जैनाचार्य हेमचन्द्र सूरि ने अपने व्याकरण ग्रन्थ में इसे **मुद्** धातु से व्युत्पन्न माना है[४१]।

शारदा-तिलक में इस शब्द को मुद् एवं रा इन दो धातुओं से व्युत्पन्न मान कर "प्रसन्नता देने वाला" अर्थ किया गया है[४२]। **प्रत्यभिज्ञाहृदय** में मुद् एवं रा, मु पद एवं द्रा तथा मुद्र से व्युत्पन्न माना गया है।[४३] इस प्रकार एक ही स्थान पर एक ही शब्द का धातु युग्मों एवं एक धातु से अलग अलग 3 प्रकार की व्याख्या की गई है। सम्भवतः इस शब्द के अर्थ विस्तार को ध्यान में रखकर निरुक्त की पद्धति से निर्वचन किया गया है। इन तीनों व्याख्याओं के आधार पर अर्थ भी 3 बताए गए हैं। **1. हर्ष वितरक 2. पाशद्रावक, 3. मुद्रक।**

अथर्ववेद (18/3/19) में **'मुद्र'** प्रसन्नता का वाचक है। इस अर्थ के आधार पर मुद्र शब्द मुद् हर्षे धातु से ही निष्पन्न होगा। किन्तु **ऋग्वेद** (1/179/4) में प्रयुक्त **"मुद्रा'** शब्द चिह्न का वाचक है। अतः यह शब्द मुद्र धातु से निष्पन्न मानना समीचीन होगा।

इस विचित्र किन्तु अत्यधिक प्रचलित शब्द के कोशीय अर्थ भी इसे किसी एक धातु से व्युत्पन्न होने का संकेत नहीं देते। इस सम्बन्ध में यह रोचक तथ्य है कि इस शब्द के निर्विवाद रूप से अत्यधिक प्राचीन एवं प्रसिद्ध होने पर भी यह शब्द मथुरेश की **शब्द-रत्नावली** एवं पुरुषोत्तम के **त्रिकाण्डशेष** के अतिरिक्त **अमरकोश** आदि किसी भी प्राचीन कोश में उपलब्ध नहीं होता। **त्रिकाण्डशेष** में प्रत्ययकारिणी एवं **शब्दरत्नावली** में अँगूठी अर्थ किया गया है। आधुनिक संस्कृत शब्दकोश **"शब्दकल्पद्रुम"** में मुद्रा के 6 अर्थों का संग्रह है[४४]।

1. अंगुलिमुद्रा।
2. चिह्न।
3. लिपिविशेष।
4. भुनाअन्न।
5. वैष्णव चिह्न जो शरीर पर धारण किया जाता है।
6. देवताप्रीतिजनिका अंगुलि रचना।

बृहद् वाचस्पत्यम् में **"संकोच"** अर्थ अतिरिक्ततया संग्रहीत है। रोठ के **संस्कृत वर्टर बूख़** में 9 अर्थ संग्रहीत हैं-

1. चिह्नित छल्ला, चिह्न। 2. अक्षर-काष्ठाक्षर। 3. अंगूठी। 4. अभिलेख।

5. सिक्का, किसी वस्तु पर बना हुआ चिह्न। 6. प्रतिलिपि, मूर्ति, चिह्नविशेष, प्रतीक। 7. रहस्य। 8. ताला। 9. साहित्य का अलंकार विशेष।

मुद्रा नामक अलंकार की व्याख्या करते हुए साहित्य शास्त्र के आचार्यों ने भी इस शब्द की व्याख्या की है। सरस्वतीकण्ठाभरणकार भोज का कथन है कि 'मुद्रालङ्कार' पाठकों को आनन्द प्रदान करता है। इसी कारण "मुद्रा" कहा जाता है। रत्नदर्पणटीकाकार इस पद को समझाते हुए उसे मुद् एवं रा धातु से व्युत्पन्न बताते हैं[४५]। उन्होंने मुद् शब्द को धातु न मान कर उपपद के रूप में स्वीकार किया है तथा रा दाने धातु से शब्द की व्युत्पत्ति की है।

किन्तु तन्त्रों में जिस मुद्रा की चर्चा है वह उक्त अर्थों, व्युत्पत्तियों या व्याख्याओं से पूर्ण स्पष्ट नहीं होता। अतः तान्त्रिक साहित्य में इस शब्द की विशेष शैली में व्याख्याएँ की गई हैं। वैष्णव एवं शाक्त तन्त्रों के निर्वचनों में मुद्रा को मुख्यतः "देवता प्रीति जनिका अंगुलिरचना" माना गया है। अधिकतर निर्वचन इसी अर्थ को केन्द्र में रखकर किए गए हैं। कुलार्णवतन्त्र (17/57) का वचन है।

मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।
तस्मान्मुद्रा समाख्याता दर्शितव्या सुरेश्वरि॥

यह निर्वचन मुद् एवं द्रा धातु-युग्म के आधार पर किया गया है। पाद्मसंहिता (भाग-2, 22/2-3) में इसी प्रकार की व्याख्या अधिक स्पष्टता के साथ किया गया है।

अंगुली रचनाभेदो मुद्रा यस्मात् प्रदर्शिता।
हिंसकानामशेषाणां मुदं द्रावयति क्षणात्॥
ततो मुद्रा निरसनं तेषां तस्या प्रयोजनम्।
प्रीणनं चापि देवानां कर्मणा सापि दर्शिता॥

श्रीप्रश्नसंहिता (53/63-64) भी इसी प्रकार का निर्वचन करती है-

मुदे भगवतो मुद्रां दर्शयेत् देशिकोत्तमः।
मुद्रानाम पिशाचानामसुराणां च रक्षसाम्॥
यस्मान्मुदं द्रावयन्ति तस्मान्मुद्रेति कीर्त्यते।

इन दोनों उद्धरणों में हस्तमुद्राओं की दो प्रकृतियों का भी वर्णन किया गया है।

1. हस्तसंकेत दुष्टों के लिये भय उत्पन्न करते हैं। पिशाच असुर आदि को अप्रसन्न करते हैं या मोद का द्रावण करते हैं। पूजन में विघ्नोत्सारण की एवं रक्षण की सभी मुद्राओं का उद्देश्य दुष्टात्माओं का निरसन ही होता है।

2. मुद्राएँ प्रसन्नता उत्पन्न करती हैं। यह व्यवहार में अनुभूत है। पूजन में स्वागत आदि की मुद्राएँ देवताओं के आभूषण आदि की मुद्राएँ, योनि, भूतिनी आदि स्वरूप मुद्राएँ देवताओं के लिए परम प्रीति उत्पन्न करती हैं।

इन व्याख्याओं में भी **मुद्** एवं **द्रा** धातुएँ हैं। **कामकलाविलास** एवं **तन्त्रसार** में दूसरे प्रकार का निर्वचन प्राप्त होता है। **कामकलाविलास** के अनुसार मुद्राएँ ग्रहों के प्रकोप से मुक्त करतीं हैं तथा पांपों का द्रावण या विनाश करतीं है। इस प्रकर मोचन एवं द्रावण व्यापारों के कारण ये मुद्राएँ कही जातीं हैं। यहाँ भी मुद्रा शब्द का निर्वचन मुद्र एवं द्रा धातुओं के आधार पर किया गया है[४६]। **तन्त्रसार** की व्याख्या विचित्र है। उसके अनुसार मुद्राएँ सभी देवताओं को संयुक्त करतीं हैं तथा पाप समूह का द्रावण करती है। अतः यह ग्रन्थ **युज्** एवं **द्रा** धातुओं से मुद्रा की व्युत्पत्ति मानता है[४७]। किन्तु इस व्याख्या का मर्म चिन्तनीय है। युज् धातु का यकार मुद्रा शब्द में मकार के रूप में कैसे परिवर्तित हो गया यह स्पष्ट नहीं हो पाता।

तीसरे प्रकार के निर्वचन में **मुद्** एवं **रा** धातु युग्मों को मूल में माना गया हैं। **शारदातिलक** (23/106) पर टीका करते हुए राघवभट्ट लिखते हैं-

मुदं राति ददाति मुद्रेति निर्वचनम्। इदमेव मोदन्ते सर्व देवताः इत्यनेन सूचितम्।

इस स्थल पर **पदार्थादर्शकार** एक अन्य उद्धरण भी देते हैं—एक ही मुष्टि किंचित स्वरूप भेद से प्राणियों में कोप एवं हर्ष दोनों उत्पन्न करती है। हर्षजनिका होने के कारण ही इसे मुद्रा कहा गया है[४८]।

इस प्रकार यह शब्द जिन अर्थो में संस्कृत वाङ्मय में प्रयुक्त होता रहा है उनके आधार पर इसकी व्युत्पत्ति के लिए **मुद् हर्षे + रक्, मुद् (मोद) द्रा, मु (पाश) + द्रा, मुच् + द्रा, मुद् + रा, युज् + द्रा एवं मुद्र** धातु-प्रत्यय, धतुयुग्म या धातु बताए गए हैं।

सायण (**अथर्ववेद 18/3/19** पर भाष्य), **शब्दकल्पद्रुम** एवं हेमचन्द्र सूरि द्वारा स्वीकृत **मुद्** एवं औणादिक **रक्** प्रत्यय द्वारा की गई व्युत्पत्ति अधिक समीचीन दिखने पर भी संदेहास्पद है। क्योंकि व्याकरण के सामान्य नियमों से अतिरिक्त, अतिपरोक्षवृत्ति- शब्दों

की व्याकृति करने वाले औणादिक प्रत्ययों का आश्रय लिया गया है। कदाचित् ये लोग भी मुद्रा शब्द को अतिपरोक्षवृत्ति ही मानते थे।

तात्पर्य यह कि वैयाकरण स्वयं इस शब्द की व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में संदिग्ध हैं। मुद् + र, मुच् + द्र, मुद् +द्रा एवं मु + द्रा द्वारा किए गए निर्वचन केवल तन्त्रशास्त्र कारों को अनुकूल लगते हैं। तन्त्रों की ये धातु कल्पनाएँ मुद्राओं के निर्माण अथवा प्रदर्शन जन्य फल को ध्यान में रखते हुए **यास्क** की शैली में की गई है[४९]। इन निर्वचनों में इस शब्द के मूल अर्थ के प्रति जिज्ञासा या व्याचिख्यासा पर बल नहीं दिया गया है। मुद् + द्रा से मुद्द्रा शब्द बनेगा। इसके एक दकार के लोप का विधान या संकेत नहीं किया गया है। मुच् + द्रा या युज् + द्रा द्वारा निर्वचन करना स्पष्टतः संदेहपूर्ण है।

रोठ ने मृद् या मर्द से भी मुद्रा की निष्पत्ति बताई है।[५०] किन्तु इन धातुओं से निष्पत्ति करना कृच्छ्र-द्राविड प्राणायाम मात्र है। ये निष्पत्तियाँ भी घट्टकुटीप्रभातन्याय से संदिग्ध ही रहेगी क्यों कि मूलार्थज्ञान के लिए इन धातुओं की कल्पना करने पर भी शब्द के स्वरूप का विकास अपरिचित रह जाता है। पारिशेष्यात् मुद्र धातु ही शरण है। इस धातु से निर्वचन करना अधिक तर्क संगत है। जिसका समर्थन **प्रत्याभिज्ञाहृदय** की तृतीय निरुक्ति में भी प्राप्त होता है।

वस्तुतः मुद्र का अर्थ ही समस्या के मूल में है। जिसके समाधान का एक ही उपाय है– प्रचलितार्थानुसंधानपूर्वककल्पना। संस्कृत में मुद्र धातु अभिलेखन, ध्वनि, वस्तु या भाव के यथावत् प्रतिकरण एवं प्रसाद के अर्थ में प्रयुक्त होता है। यही अर्थ सुमेरियाई मुसर, अक्काडी "मुञ्रा" प्राचीन फारसी के "मुद्राय", फारसी-"मुहुर" या "मुहर" का भी था। "मुहर" शब्द आज भी "विशेपचिह्नाभिलिखित" का ही वाचक है। यह अर्थ संस्कृत "मुद्रा" के समानान्तर है।

उक्त विवरण के आधार पर यह कहना अनुचित नहीं है कि इस शब्द का मूल अर्थ "प्रत्ययकारिणी" रहा होगा। प्रसंग एवं प्रयोग के अनुरूप इसका अर्थ विस्तार हुआ। "हर्पजनक" या "हर्पादिजनकसंकेत" अर्थ भी प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध था। अतः तान्त्रिक साहित्य में अधिसंख्य व्याख्या मुद् + रक् या मुद् + रा धातुओं द्वारा किया जाना सर्वथा काल्पनिक नहीं है। अथर्ववेद (18/3/19) में प्रयुक्त मुद्र शब्द हर्ष का ही वाचक है।

तन्त्रों में भुने हुए चावल, गेहूँ, चने आदि को एवं स्त्री को भी "मुद्रा" कहा गया है[५१]। बौद्ध तन्त्रों में तन्त्रसाधना की सहभागिनी स्त्री को भी "मुद्रा" कहा गया

है।[५२] इस शब्द का यह अर्थ विस्तार उसके मोदकत्व अर्थ से प्रेरित प्रतीत होता है। मद्यसेवी साधक के लिए भुना हुआ अन्न एवं गुह्यसाधनाओं की सहायिका स्त्री आनन्द के हेतु ही होते हैं।

इस प्रकार "मुद्र" शब्द का अर्थ द्विरूपात्मक मानना होगा। 1. यदि मुद्रा शब्द मुद्र धातु से व्युत्पन्न माना जाएगा तव वह "प्रत्ययकारिणी" अर्थ देता है। 2. यदि मुद् + रा या रक् के द्वारा व्युत्पन्न माना जाता है तब उसका अर्थ "प्रीतिकरी" होगा। इन दोनों अर्थो में परस्पर भी सामंजस्य माना जा सकता है। किसी वस्तु की निश्चितता के प्रति सावधान जिज्ञासु के लिए उस वस्तु की "प्रत्ययकारिणी" उसके लिए "प्रतिकारिणी" भी हो सकती है। उक्त दोनों अर्थो की पूर्ण संगति हस्तमुद्राओं के संदर्भ में सम्यक् रूप से होती है।

2. मुद्राओं का वर्णन करने वाले तन्त्रों ने मुद्राओं के प्रयोग या प्रदर्शन की अपिरहार्यता को दृष्टि में रखते हुए कुछ सामान्य अवसरों का निर्देश किया है। **शारदातिलक** अर्चन, जपकाल, ध्यान एवं काम्यकर्म के प्रसंगों पर यथोचित मुद्राओं के प्रयोग का निर्देश देता है[५३]। **परशुरामकल्पसूत्र द्वितीया वृत्तिकार** ने कुछ अधिक स्थल वताए हैं। उन्होंने उक्त सभी स्थलों के अतिरिक्त स्नान, आवाहन, शंख, प्राणप्रतिष्ठा, रक्षाकर्म एवं नैवेद्य की भी गणना की है। इसके अतिरिक्त वे सभी स्थल जिनकी गणना नहीं की जा सकी है उसके लिए शास्त्र मुद्रा के प्रयोग का संकेत देते हैं[५४]।

यद्यपि अर्चन शब्द में स्नान, आवाहन, प्रतिष्ठा, नैवेद्य आदि का तथा जपकाल की मुद्राओं में रक्षणमुद्राओं का समाहार हो सकता है तथापि कुछ रक्षण एवं पवित्रीकरण मुद्राओं का प्रयोग पूजन से पूर्व ही होता है। अतः इनकी पृथक् गणना स्पष्टता के लिए उचित ही है। वैष्णवतन्त्र **जयाख्यसंहिता** में कुछ और भी अवसरों का नामोल्लेख किया गया है। इसके अनुसार स्वयं स्नान करते समय जल के मध्य में, स्वयं न्यास करते समय, पूजा समाप्त होने पर जिस स्थान पर मण्डल वनाया गया हो, अर्चन के उपचारों को समर्पित करने के अवसरों पर, मन्त्रों का विन्यास या अंकन करने के अवसर पर, अर्घ्यपात्र पर, जल पात्र पर, पूर्णाहुति के अन्त में, मन्त्र प्रदान एवं ग्रहण काल में, आग में घिर जाने पर, हिंसकों को नष्ट करने के लिए सभी प्रकार के विघ्न दूर करने के लिए एवं सभी प्रकार के कार्यो की सिद्धि के लिए मुद्राओं का प्रयोग करना चाहिये[५५]।

मन्त्र एवं मुद्रा को तन्त्र का पूर्ण लक्षण माना गया है। मन्त्र उन उन देवताओं के तात्त्विक रूप होते हैं तथा मुद्राएँ उन मन्त्रों के आत्मस्वरूप की ज्ञापिका होती हैं।

मन्त्र देवता के प्रकाशात्मक चैतन्य का विमर्श कराते हैं तथा मुद्राएँ उस विमर्श के स्वरूप का अभिव्यंजन करतीं हैं।

मुद्रामन्त्रात्मकोऽत्रैव संप्रदायोऽनुवर्तते
प्रसंगादिह तस्यापि स्वरूपं प्रतिपाद्यते ॥
स्वरूपज्ञापनारूपं मुद्रा संस्थानमिष्यते।
स्वविमर्शत्मना त्राणमिष्यते मन्त्रलक्षणम् ॥
नानानुभवरूपासु व्यवहारदशास्वपि।
एतद् द्वयं व्याप्तिसारं स्फुटं प्रत्यक्षतः स्थितम् ॥

(महानय प्रकाश 7 । 122-124)

अपने लोक व्यवहार काल में भी ध्वन्यात्मक भाषा का प्रयोग करते हुए आन्तरभावों को अधिकाधिक स्पष्ट करने के लिए वक्ता मुद्राओं वा संकेतों का प्रयोग करता। किसी की टेप की हुई ध्वनि सुनने तथा प्रत्यक्ष खड़े होकर उसके हावभाव हस्तसंचालनादि के साथ वही कथ्य सुनने की संप्रेषणीयता में महान् अन्तर होता है, इस लौकिक तथ्य को भी उक्त उद्धरण की अन्तिम दो पंक्तियों में समझाया गया है।

आधिदैविक स्तर पर मन्त्रों को देवताओं का स्वरूप कहा गया है। अतः त्रिखण्डा, योनि आदि स्वरूप-मुद्राएँ उन देवताओं के अलौकिक स्वरूप को ज्ञापिका मानी जाती हैं।

यद्यपि पूजा में मुद्राओं का स्थान मन्त्र के पश्चात् आता है, क्योंकि प्रथम महत्व दिव्यध्वनिरूप मन्त्रों को ही प्राप्त है। मन्त्रों की चेतनता ही मुद्राओं की साक्षी है, तथापि इनका महत्व पूजन की पूर्णता की दृष्टि से तनिक भी कम नहीं है। पृथक्तया मुद्राओं को भी मोक्ष का साधन बताया गया है। मेरुतन्त्र का कथन है कि कोई शास्त्रज्ञ पण्डित हो अथवा मूर्ख हो, गुरु से मन्त्र दीक्षा प्राप्त किया हो अथवा अदीक्षित हो, यथोचित रीति से मुद्राओं का अभ्यास करने से मोक्ष प्राप्त कर सकता है[५६]। इतना ही नहीं मुमुक्षु व्यक्ति इनका मानस निर्माण कर के भी मोक्षलाभ कर सकता है। किन्तु सामान्य साधकों, काम्य अनुष्ठान कर्ताओं के लिए मुद्राओं का मानस निर्माण निषिद्ध है। उनके लिए प्रकट रूप से हाथों द्वारा मुद्राओं का निर्माण ही श्रेयस्कर है[५७]।

मन्त्र एवं मुद्राओं का घनिष्ठ संबन्ध होने के कारण ही कुछ विद्वान् वैदिकमन्त्र पाठकाल में प्रयुक्त होने वाले सामहस्तों की वैदिक विद्या में मुद्राओं का मूल देखने की चेष्टा करते हैं। सामहस्त की मुद्राओं एवं तान्त्रिक मुद्राओं के निर्माण प्रक्रिया में

साम्य के आधार पर सामहस्तों से तान्त्रिक मुद्राओं का विकास खोजने की चेष्टा करते हैं। किन्तु सामहस्त वैदिक स्वरों के आरोहावरोह को दर्शाते हैं जबकि तान्त्रिक मुद्राएँ ध्वनि के भावों, वस्तुओं, एवं रहस्यमय पदार्थों को चित्रित करती हैं। वैदिक गायत्री मन्त्र की उपासना में तान्त्रिक मुद्राओं का विधान किया गया है। स्पष्ट रूप से गायत्री उपासना पद्धति पर तान्त्रिक जपपद्धति का प्रभाव है। इसके अतिरिक्त **धर्मसिन्धु** में न्यास एवं मुद्राओं को वैदिक नहीं माना गया है[५८]।

पूजन एवं ध्यान की मुद्राओं का उनके देवताओं के स्वरूप एवं स्वभाव के अनुसार भी वर्गीकरण किया गया है। **मन्त्रमहार्णव** (तरंग 2) में प्रत्येक देवताओं के लिए मुख्यरूप से प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं का नामोल्लेख पूर्वक वर्गीकरण प्राप्त होता है। शंख, चक्र, महापद्म, वेणु, श्रीवत्स, कौस्तुभ, वनमाला, ज्ञान, बिल्व, गरुड, नारसिंही, वाराही, हयग्रीवी, धनु, वाण, परशु, जगन्मोहन एवं काममुद्रा, ये 19 मुद्राएँ विष्णु के लिए प्रयुक्त होती हैं। जगन्मोहन, काम, लिंग, योनि, त्रिशूल, माला, मृग, खट्वांग कपाल, डमरू मुद्राएँ शिव की, पद्म सूर्य की, दन्त, पाश, अङ्कुश, अविघ्न, पर्शु, लड्डुक, बीजपूर मुद्राएँ गणेश की, पाश, अंकुश, वर, अभय, खड्ग, चर्म, धनु, शर, मुशल, दुर्गा की, लक्ष्मी मुद्रा लक्ष्मी की, मत्स्य, कूर्म, लेलिहा, मुण्ड एवं महायोनि मुद्राएँ सरस्वती की महायोनि शक्ति की, मुण्ड काली, तारा आदि उग्र देवियों की, मत्स्य, कूर्म एवं लेलिहा सभी देवियों की, सर्वसंक्षोभिणी, द्राविणी, आकर्षिणी, सर्ववश्यकरी, उन्मादिनी, महाङ्कुशा, खेचरी बीजयोनि एवं त्रिखण्डा त्रिपुरा की, वेणु श्रीकृष्ण की, नारसिंही नृसिंह की, वाराही वराह की, धनु एवं बाण राम के, एवं परशु राम के पूजन में प्रदर्शित करने का विधान है[५९]।

कुछ मुद्राएँ सभी देवताओं के पूजन में समान रूप से प्रयुक्त होतीं थीं। जैसे-आवाहनी आदि उपचार मुद्राएँ सभी देवताओं के पूजन के समय समानरूप से प्रयुक्त होती हैं। न्यास की मुद्राएँ भी सभी मन्त्रों के जप के प्रसंग में प्रयुक्त होती हैं। ध्यान एवं प्रार्थना के लिए अंजलि का ही प्रयोग होगा। किन्तु छोटिका आदि रक्षण मुद्राएँ किसी भी देवता के पूजन के पूर्व आत्मरक्षार्थ प्रयुक्त होती हैं[६०]।

उक्त मुद्राओं का वर्णन पंचदेवोपासना की स्मार्त-पद्धति की दृष्टि से किया गया है। सूर्य, शक्ति, विष्णु, गणपति एवं शिव इन 5 विग्रहों को मुख्यतः तान्त्रिक एवं पौराणिक साहित्य में पराशक्ति के रूप में स्मरण किया गया है। अतः **मन्त्र महार्णव** में मुख्यतः इन्ही 5 एवं इनके विशेष स्वरूपान्तरों से सम्बन्ध मुद्राओं की गणना की गई है। अन्य देवताओं एवं ग्रहों की पूजन की मुद्राओं का उल्लेख भी तत्तत् ग्रन्थों में वर्णित है[६१]।

कई मुद्राएँ एक से अधिक देवताओं के लिए, कुछ एक से अधिक कर्मों में समानरूप से प्रयुक्त होती हैं। महायोनि मुद्रा त्रिपुरा, काली पराशक्ति एवं सरस्वती के लिए समान रूप से प्रशस्त है। इसी प्रकार विष्णु, राम एवं दुर्गा के लिए धनुर्मुद्रा, लक्ष्मी, सरस्वती एवं शिव के लिए भग मुद्रा, दुर्गा एवं शिव के लिए योनि मुद्रा, सरस्वती एवं श्यामा, तारा छिन्नमस्ता के लिए मुण्ड मुद्रा का प्रयोग होता है। अर्धचन्द्र मुद्रा यद्यपि चन्द्रमा की मुद्रा है तथापि सभी ग्रहों के लिए समान रूप से प्रयुक्त होती है। अंकुश मुद्रा दुर्गा एवं गणेश के लिए प्रशस्त है किन्तु उसका प्रयोग द्रव्य शोधन के अवसर पर भी होता है। मत्स्य सरस्वती की मुद्रा होने पर भी आच्छादन के लिए प्रयुक्त होती है। इसी प्रकार वाराही मुद्रा विष्णु एवं वराह के लिए तो प्रयुक्त होती ही है शूकरी नाम से इसका प्रयोग हवनकर्म में भी होता है।

मुद्राओं का रहस्यात्मक प्रयोग शाक्त संप्रदाय में विशेषरूप से होता है, शाक्तों द्वारा देवियों के लिए प्रयुक्त होने वाली रहस्यमुद्राओं में योनिमुद्रा मूलतः सभी मुद्राओं में अनुगत दिखाई पड़ती है। संक्षोभिणी, विद्राविणी, आकर्षिणी, उन्मादिनी, भूतिनी एवं त्रिखण्डा आदि की आकृति योनि एवं महायोनि मुद्रा से विकसित है। **पंचमुद्रामयी योनिमुद्रा** से उक्त तथ्य की और भी पुष्टि होती है। क्योंकि केवल स्थान भेद मात्र से ही योनि मुद्रा का नाम परिवर्तित हो जाता है। योनि मुद्रा हृदय, मुख, भ्रूमध्य, ललाट, एवं ब्रहमरंध्र पर स्थापित करके प्रदर्शित करने पर उसका नाम त्रैलोक्य क्षोभिणी, त्रैलोक्य-द्रविणी, त्रैलोक्याकर्षिणी, त्रैलोक्योन्मादिनी आदि हो जाता है[६२]। इन मुद्राओं के अतिरिक्त कुण्डली, खेचरी, त्रिखण्डा नभोमुद्रा आदि शाक्त मुद्राएँ पूर्णतया रहस्यमयी स्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

अनेकों कर्म एवं संस्कार भी शाक्तगण मुद्राओं के द्वारा ही करते हैं। पूजन को सामग्री की पूर्व शोधन मुद्राओं की सहायता से ही सम्भव हो पाता है। मत्स्य मुद्रा द्वारा द्रव्यों का आच्छादन, धेनुमुद्रा द्वारा अमृतसंचार, गालिनी द्वारा जलशोधन किया जाता है। तत्त्व मुद्रा द्वारा ही शुद्धि (माँस) का ग्रहण किया जाता है। बलिमुद्राओं द्वारा बलिविसर्जन, मृगी, हंसी, शूकरी आदि हवन मुद्राओं द्वारा हवन द्रव्य अग्नि में डाला जाता है। इन सभी कर्मों में मुद्राओं का प्रयोग सम्भतः अलौकिक अदृष्ट या अपूर्व का उत्पादक होता है।

किसी भी ग्रन्थ ने इनकी संख्या अपनी सम्प्रदाय एवं आवश्यकतानुसार ही बताई है। **नारादीयपुराण** (2/57/55-56) विष्णु की 8 मुद्राओं की चर्चा करता है। **ब्राह्माण्डपुराण** (11/16/96-102) गायत्री के 24 मुद्राओं का उल्लेख करता है जिनके लक्षण **वीरमित्रोदय** के 'आह्निक प्रकाश' में प्राप्त होता है। **वीरमित्रोदय** (पूजा प्रकाश) में विभिन्न देवताओं

की 32 मुद्राओं का वर्णन है जिनमें सभी देवताओं ग्रहों आदि की मुद्राओं ग्राहों आदि की मुद्राएँ है। एस. सी. वैनर्जी बंगाली बंगाली तन्त्रों में प्राप्त 51 मुद्राओं की नामावली देते हैं।[६३] **विष्णुधर्मोत्तर** (3/32 एवं 33) 74 रहस्य एवं 126 सामान्य मुद्राओं का संकलन प्रस्तुत करता है। **मेरूतन्त्र** (8वां प्रकाश लगभग 130 मुद्रओं के लक्षणों का वर्णन करता है। **जयाख्यसंहिता,** **श्री प्रश्न संहिता** आदि प्राचीन वैष्णव ग्रन्थों में वैष्णव मुद्राओं का विस्तार से विवेचन हुआ है। **विष्णुधर्मोत्तरपुराण** (3/32-33) में वर्णित मुद्राओं में से अधिसंख्य का प्रयोग सामान्यतया कम होता है।

इन ग्रन्थों में उल्लिखित अधिसंख्य मुद्राएँ, **विष्णुधर्मोत्तर** की कुछ मुद्राओं को छोड कर, सभी ग्रन्थों में प्राप्त होती हैं। कुछ ही नवीन मुद्राएँ प्रत्येक ग्रन्थ जोड़ता है। **तन्त्रसार** (मुद्रा प्रकरण), **आगमरहस्य** (मुद्राप्रकरण), **परशुरामकल्पसूत्र** (द्वितीया वृत्ति 'मुद्राप्रकीर्णम्) आदि ग्रन्थों में सभी प्रमुख मुद्राओं को देवतानुसार संग्रहीत करने की चेष्टा की गई है। आनन्दाश्रम ग्रथावली से प्रकाशित **मुद्राप्रसार** तथा आर्थर एवोलन संपादित **तान्त्रिक टेक्स्ट्स्** (भाग 1) में प्रकाशित **मुद्रानिघण्टु** में भी आवश्यक मुद्राओं के संकलन की चेष्टा की गई है। किन्तु तान्त्रिक मुद्राओं की संख्या इदन्तया स्थिर नहीं की जा सकती। भाव अनन्त हैं, अभिव्यक्ति की विधाएँ अनन्त हैं[६३]।

अस्तु। भारतीय संस्कृति की प्रचीन तान्त्रिक विद्या की यह व्यवस्थित एवं महान् देन **मुद्रा** आज भी व्यावहारिक अभिव्यक्ति के प्रत्येक क्षेत्र में प्रतिपल प्रासंगिक है।

उद्धरणिका

1. चैतन्यमङ्गुलीनां तु रमे यद्यपि विद्यते।
तथापि मन्त्रोऽत्राध्यक्षस्तत्फलं सम्प्रयच्छति॥

श्रीप्रश्न संहिता 23/66

2. स्वागुंलयोहि पञ्चभूतात्मिका अगुंष्ठाद्याः आकाशवाय्वग्निसलिलभूरूपाः। तासां मिथः संयोगरूपसंकेतात् कोऽपि देवताप्रगुणीभावपूर्वको मोदः सान्निध्यकरो भवति तदुक्तं-

पृथिव्यादीनि भूतानि कनिष्ठाद्याः क्रमान् मताः।
तेषामन्योन्यसंभेदप्रकारैस्तत् प्रपंचिताः

शारदातिलक, 23/106 पर पदार्थादर्श।

3. चिदात्मभित्तौ विश्वस्य प्रकाशामर्शने यदा।
करोति स्वेच्छया पूर्णविचिकीर्षासमन्विता॥
क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तथा।

मुद्राख्या सा सदा संविदाम्बिका त्रिकालमयी क्रियाशक्तिस्तु क्रियाशक्तिरेव भूत्वा। तुरवधारणे। एवं विधस्य विश्वस्य मोदनाद् द्रावणाच्च। अत्रत्वनुकूलक्रियैव मोदनं, द्रावणं नाम तदैकरसीभावः। संवित् मुद्राख्यां लभते। अयमर्थः यदा विमर्शशक्तिरूपेण विहर्तुमिच्छति तदा सा क्रिया शक्तिर्भूत्वा स्वविकारभूतस्य विश्वस्य परचिदानन्दलक्षणेन मोदनेन तदैकरस्यलक्षणेन द्रावणेन च मुद्राख्यामापन्नेत्यर्थः।

योगिनीहृदयदीपिका, बनारस, 1923, नवचक्र निरूपणम् 2 श्लो. 56-57 एवं भाष्य। उक्त तथ्य पाठान्तर के साथ परशुरामकल्पसूत्र, खण्ड 4, सूत्र 1, त्रिखण्डा मुद्रा की व्याख्या में भी उपलब्ध है।

4. संस्थिता मोदन परा मुद्रारूपत्वमास्थिता।

परशिवसामरस्यलक्षणा परानुसंधानमयी, अतएव मुद्रारूपत्वमास्थिता।

यो. हृ. दी. नवचक्रनिरूपण, श्लोक-66, उत्तरार्ध एवं व्याख्या।

एवञ्च-

सर्वासामेव नाडीनां चलनं विन्दुमारणम्।
जीवनं तु कषायस्य पातकानां विनाशनम्॥
कुण्डली तापनं वायोर्ब्रह्मरन्ध्रप्रवेशनम्।
सर्वरोगोपशमनं जठराग्निविवर्धनम्।
वपुषा कान्तिममलां जरामृत्युविनाशनम्
वांछितार्थ फलं सौख्यमिन्द्रियाणां च मारणम्।

शिव संहिता, 4-31-34, बरेली, 1975, महामुद्रा।

5. मुद्राबन्धाद् ध्यानाद्वा विषप्रसुप्तस्योत्थापने कीदृशी युक्तिः। कादम्बरी, उत्तरभाग

6. निर्विषोऽपि भवेत् क्षिप्रं यो जन्तुर्विषमूर्च्छितः।
चत्वारिंशत् समाख्याता मुद्रा श्रेष्ठा महर्धिका : ॥

वर्षक्रियाकौमुदी, पृष्ठ-156।

7. शिवसंहिता, 4/31-34

8. इसी प्रकार का विवरण कापालिक मत के विपय में भी प्राप्त होता है-

काण्ठिका रुचकं चैव कुण्डलं च शिखामणिः।
भस्म यज्ञोपवीतं च मुद्रापट्कं प्रचक्षते।

श्रीभाष्य एवं वेदान्त कौस्तुभ में उद्धत।

9. Journal of American Oriental Society, Vol. 28, 1928 pp 297-81

10. Journal of Oriental Institute, Bardoa, Vol. 6, part I, 1956, pp 1-3

11. मुदं स्वरूपलाभाम्यां देहद्वारेण चात्मनः।
या अर्पयन्त्ययत्नेन मुद्रास्ताः शक्तयो मताः ॥

पुरश्चर्यार्णव, पृ. 449 दिल्ली ,1985,

पुरश्चर्यार्णव में यह उद्धरण मेरूतन्त्र के नाम से है किन्तु प्रकाशित मेरुतन्त्रम् (वम्बई, 1990) के "मुद्राप्रकाश" में यह उद्धरण नहीं है।

12-13. Tyra De Kleen-The Ritual Hand poses of Buddha Priests and Siva priests of Bali, Introduction.

14. देखें- भारतीय साहित्य परिषद पत्रिका, भाग 36, पृष्ठ 15।

15. देखें- Tantras : Studeis on their religion and literature chap. vi pp. 45-49:

16. ऋग्वेद 1। 179। 4 उत्तरार्ध

लोपामुद्रा वृषणं नी रिणाति धीरमधीरा धयति श्वसन्तम्।

17. लोपामुद्रा का अर्थ-

"लोपाचेयं मुद्रा च विशेषणोत्तरपद कर्मधारय"

संस्कृतनाटक, कीथ

18. करणं कर्म स्थानं प्रचारयुक्ति क्रियां च संप्रेक्षय।

हस्ताभिनयः कार्यस्तज्ज्ञैर्लोकोपचारेण।
लक्षणव्यंजिता हस्ताः कार्यास्तूत्तममध्यमैः
लोकक्रियास्वभावेन नीचैरत्यर्थसंम्भवाः ॥

नाट्यशास्त्र 9/163 एवं 166

19. पाणिनीय अष्टाध्यायी 4/3/110-111

पाराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः कर्मन्दकृशाश्वादिनिः ॥

20. वाचिकश्च तथाहार्योस्त्वांगिकः सात्त्विकस्तथा।
चतुष्प्रकारोऽभिनयः कीर्तितो नाट्य कोविदैः ॥

विष्णुधर्मोत्तर 3/27-1 नाट्यशास्त्र 8/9-10

21. देखें-अपिच धर्मशास्त्र का इतिहास, खण्ड 5, पृष्ठ 69

22. ना. शा 9/163 एवं 166

23. लोकस्य च स्वभावो यः सुखदुःखविमिश्रितः।
नाट्यं तस्यानुकरणं चतुर्धाभिनयान्वितम् ॥

नृत्यरत्नावली, वी. राघवन्, 1/25

24. एते वै संयुता हस्ता मया प्रोक्तास्त्रयोदश।
नृत्तहस्तान् पुनश्चैव भूयो नाम निबोधत ॥

वि. धर्मो. 3/26/7

25. विष्णुधर्मोत्तर ने 3/32 एवं 33 में नृत्त में उपयोगिनी रहस्यमुद्राओं (अध्याय 32) एवं अन्य मुद्राओं (अध्याय 33) का वर्णन किया है। तथा इन्हें "मुद्राहस्त" की संज्ञा दी है-

अथातो मुद्राहस्तान् व्याख्यास्यामः। 3/32/1
इत्युद्देशेन ते प्रोक्ता मुद्रा हस्ता मयानृप। 3/33 अन्त

इन अध्यायों में वर्णित मुद्राएँ नृत्त हस्तों से पृथक् बताई गई हैं।

26. विष्णुधर्मोत्तर 3/32 को "रहस्यमुद्राध्याय" नाम दिया गया है। मुद्रानिर्माण के लिए हाथों को मातृकामय बताया गया है–

"करमध्यगतासु सर्वास्वंगुलीपु क्रमात् कुब्जीकृतास्वंगुष्ठाग्रासु अ इ उ ए ओ। प्रसारितासु आ इ ऊ ए ओ अं मुकुलः। 'अः मुकुलविशेषः। अंगुष्ठमूलगतया परहस्ततर्जन्या क्रमात् कवर्गः सर्वाधः, परं रेखागतया तवर्गः। तदुपरि बवशतयैः पवर्गः। तर्जन्याद्यास्तु प्रथमपवर्गतया प (यवर्गः) । अग्रेषु शवर्गः। मध्यमानखस्पर्शे र (ह) क्ष इति। अ वासुदेवः म आ संकर्पणः हं प्रद्युम्नः। अः अनिरुद्धः। अंजलिपुरुष।

इस प्रकार की अंजलि पुरुष के माध्यम से तार्क्ष्य, मकर, अर्धचन्द्र, शंख पद्म, लक्ष्मी, गदा, हल, मुसल, धनु, आदि वैष्णवी मुद्राओं के लक्षण बताए गए हैं। इन लक्षणों में पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग है। यथा-शिखरो मध्यभ्रष्टाङ्गिलर्धनुः। "अः करौ पृथालग्नां नृसिंहः। इ हयशिरः। आदि। कुछ मुद्राएँ सरलतया ग्राह्य हैं। यथा-"वामस्य प्रसारितागुंले तदुपरि तथाविध एव दक्षिणः कपिलः। वेष्ट्यमाणास्वंगुलीपु करमध्यगमनेन गायत्री। आदि।

27. एन्साइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजनस् भाग 10 पृष्ठ 136

28. In the ecstasy of the Dance man bridges the chasm between this and the other world, to the realm of demans, spirit and God. Cuptivated and entreneed he bursts his earthly eains and trembling feels himself in tune with all the world—the Dance, in heriled from savage ansestors as an ordered expression in motion of the exbilaration of the soul, develops and broadens into the search for God, in to a conscious afforts to become part of those powers beyond the might of man which control our destinies. The Dance becomes a sacrificial life, a charm, a prayer, and a prophetic vision.

Reffered from Sachs World history of the Dance in Eneyelopeadia of Man, Myth and Magic, Vol II, Dance, page 587.

इसी प्रकार विष्णुधर्मोत्तर नृत्त की प्रशंसा करता है- .

धन्यं यशस्यमायुष्यं स्वर्गलोकप्रदं तथा।
ईश्वराणां विलासं तदातीनां दुःखनाशनम्॥
मधुनामुद्देशं तत्स्त्रीणां सौभाग्यवर्धनम्।
शान्तिक पौष्टिकं काम्यं वासुदेवेन निर्मितम्।

3/34/29-31

29. नृत्तेनाराधयिष्यन्ति भक्तिमन्तस्तु मां शुभे।
अन्येऽपि देवास्तुष्यन्ति सम्यङ् नृत्तेन तोषिताः।
आप्यायनं परं ह्येतत् कथितं हि दिवौकराम्।

वि.ध. 3/34/17 का पूर्वार्ध एवं 24।

30. पुष्प नैवेद्यदानेभ्यो नृत्तदानं विशिष्यते।
स्वयं नृत्तेन यः कुर्याद्विवदेवस्य पूजनम्॥
विशेषेण महाभाग तस्य तुष्यति केशवः।
नृत्तं गीतं तथा वाद्ये दत्त्वा देवाय विष्णवे।
सर्वकाम समृद्धस्य यज्ञस्य फलमश्नुते।
देवताराधनं कुर्याद्यस्तु नृत्तेन धर्मवित्।
स सर्वकामावानाप्नोति मोक्षोपायं च विन्दति।

वही 3/34/25-29

इसी प्रकार का वाक्य मेरुतन्त्र 17-222 एवं 224 में प्राप्त है-

पण्डितो वापि मूर्खो वा दीक्षितो वाप्यदीक्षितः।
मुद्राः शतसहस्रं तु कृत्वा मोक्षमवाप्नुयात्
मुद्राभिरेव तृप्यन्ति न पुष्पादिक पूजनैः
महापूजा कृता तेन येन मुद्राष्टकं कृतम्॥

31. तासां मिथः संयोगरूप संकेतात् कोऽपि देवताप्रगुणीभावपूर्वको मोदः सान्निध्यकरो भवति। शारदातिलक 23/106 पर पदार्थादर्श।

यथा बालस्याभिनयं दृष्ट्वा हृष्यन्ति मातरः।
तथा भक्तकृता मुद्रा दृष्ट्वा हृष्यन्ति देवताः॥

मेरुतन्त्र, बम्बई, 1908 8/154

32. यह विवरण डॉ. गयाचरण त्रिपाठी, प्राचार्य, गंगानाथ झा शोधसंस्थान इलाहाबाद, से मुद्राओं के इतिहास के विषय में की गई शैक्षिक वार्ता के आधार पर दिया गया है।

33. प्रयोक्तव्या च हरसि न बहिर्जन संसदि।
मन्त्रमण्डलमुद्राणां गुप्तिरेषा सनातनी॥

पाद्म संहिता भाग-2, मुद्राप्रकरण।

34. मन्त्रजातस्य संख्यानं यथा गुप्तं विधीयते।
तथैव मुद्रां रहसि दर्शयेन्न जनाग्रतः ॥
विश्वामित्र संहिता 1970 तिरूपति, मुद्राप्रकरण श्लोक 4-5।

35. न जातु दर्शयेन्मुद्रां महाजन समागमे।
क्षुभ्यति देवतास्तस्य विफलं तु कृतं भवेत् ॥
मेरु. 8/153।

36. अक्षमालां च मुद्रां च गुरोरपि न दर्शयेत्। वही

37. देखें-Etymological Dictionary- 'Mudra' शब्द।

38. प्रत्यभिज्ञाहृदय-वायर, टिप्पणी पृष्ठ 139

39. बाल मनोरमा, पृष्ठ 1083-84, औणादि 2/13 "स्फायितञ्चि—इत्यादि। द्वात्रिंशतो रक् स्यात्। मुद्रा प्रत्ययकारिणी।

40. अथर्व, 18/3/19, सायणभाष्य-मुद्र मोदकं हर्षजनकम्। मुद् हर्षे इत्यस्मात् स्फायितञ्च्येति।

(उ. 2/13) रक्। यद्वा-मुद् हर्ष राति ददाति इति मुद्र आतोऽनुपसर्गे कः (पा. 3/2/3) इति कः प्रत्ययः। प्रीतिकरम्। मुद्राचिह्नकारणम्।

41. अभिधान चिन्तामणि 17/195, हरगोविन्दशास्त्री, बनारस, 1964, विमुद्रम्-खिलाफूल। मुद्रितम्-मुकुलित फूल।

42. शारदातिलक 23/106 पदार्थादर्श पृष्ठ 510, मुदं राति ददातीति मुद्रा।

43. अयं नित्योदित समावेशात्मा मुद्रो हर्षस्य वितरणात्, परमानन्द रूपत्वात् पाशद्रावणात्,। विश्वस्य अतः तुरीयावस्थायां मुद्रणात् व मुद्रात्मा क्रमोऽपि– ।प्रत्यभिज्ञाहृदय, वायर, पृष्ठ 38

44. 1. अगुलि मुद्रा यथा अभिज्ञान शाकुन्तले द्वितीयांके।

इमा मुद्रां त्वदगुंलौ निवेशयता मया।

2. चिह्नम् - यथा भागवते 3/24/17

हिरण्यकेशः पद्माक्षः पद्ममुद्रा पदाम्बुजः।

3. पंचधा लिप्यन्तर्गतलिपिविशेषः।

मुद्रालिपिः शिल्पलिपिः लिपिर्लेखनिसम्भवा।

गुण्डिकाधुणसंभूता लिपयः पंचधा मताः ॥

4. पंचमकारान्तर्गत भृष्टद्रव्यविशेषः।

5. शरीरे धार्यं भगवदायुधादि चिह्नम् ॥

6. देवताप्रीति जनिका गुंलिरचना।

शब्दकल्पद्रुम, मुद्रा।

45. सरस्वती कण्ठाभरणम्, भोज, बनारस, 1976

साभिप्रायस्य वाक्ये यद् वचसो विनिवेशनम्।

मुद्रा तां मुत् प्रदायित्वात् काव्यमुद्राविदो विदुः ॥

रत्नदर्पण भाष्य-

मुद्युपपदे रातेर्दानकर्मणः रूपम्।

46. मोचयन्ति ग्रहादिभ्यः पापौघान् द्रावंयन्ति च।

मोचनं द्रावणं यस्मात्' मुद्रारताः परिकीर्तिताः।

प्रियबाला शाह द्वारा उद्धत।

यह उद्धरण पुरश्चर्यार्णव, दिल्ली, 1985 पृष्ठ 449 में इस प्रकार है तथा मेरूतन्त्र मोदयन्ति ग्रहादिभ्यः पापौघं द्रावयन्ति च।

मोदनं द्रावणं यस्मादतो मुद्रा प्रकीर्तिता ॥

यद्यपि मेरुतन्त्र, बम्बई, 1908 मुद्राप्रकाश में उद्धरण अनुपलब्ध है।

47. तन्त्रसार का उद्धरण शारदातिलक 23/106 के पदार्थादर्श में इस प्रकार प्राप्त होता है—

योजनात् सर्वदेवानां द्रावणात् पापसंहतेः।

तस्मान्मुद्रा समाख्याता सर्वकामार्थसाक्षिणी ॥

तन्त्रसार, रामकुमारराय, वाराणसी 1985 पृष्ठ 432 में उक्त उद्धरण में पाठ भेद है-

मोदनात् सर्वदेवानां द्रावणात् पापसंहतेः।

तस्मान्मुद्रति विश्वात्मा मुनिभिस्तन्त्रवेदिभिः।

किन्तु वा. स. आप्टे ने अपने शब्द कोश में मुद्रा का अर्थ करते हुए शारदातिलक के पाठ को ही कुछ अन्तर के साथ उद्धृत किया है-

योजना सर्वदेवानां द्रावणात् पापसंहतेः।
तस्मान्मुद्रेति सा ख्याता सर्वकामार्थसाक्षिणी॥

48. मुदं रातीति मुद्रास्याद्येनैका मुष्टिरेव।

स्वल्पभेदात् कोप हर्षो प्राणिनां जनयत्यतः॥
तेनैव सर्वदिवानां मुद्रा हर्षप्रदा मता॥

शरदाति 23/106 पदार्थादर्श

49. निर्वचन के सिद्धान्तों के अनुसार प्रचलित या इच्छित अर्थ को ध्यान में रखते हुए व्याख्या की जानी चाहिए। वैयाकरण नियमों की यदि ऐसे प्रसंगों पर उपेक्षा हो जाय तो अनुचित नहीं है- न संस्कारमाद्रियेत। निरुक्तम, अ. 1॥

50. Roth Sanskrita Worter Buch 'Mudra'

J. O. I. Boroda Vol. 6.1.1956-57

51. पृथुकास्तण्डुलाः भृष्टाः गोधूमचणकादयः।
तस्य नाम भवेद्देवि मुद्रा मुक्तिप्रदायिनी॥

प्रियबाला शाह द्वारा उद्धृत निर्वाणतन्त्र प.॥

किन्तु उक्त उद्धरण तन्त्रसंग्रह भाग 2, गोपीनाथ कविराज, बनारस 1970 में प्रकाशित निर्वाण तन्त्र में अनुपलब्ध है। यद्यपि मुद्रा का अर्थ भृष्टान्न शब्दकल्पद्रुम में दिया गया है। पंचमकारान्तर्गत मुद्रा का अर्थ भुना हुआ अन्न होता है।यह भी वामाचार के तान्त्रिक ग्रन्थों में स्वीकृत है।

52 साधन माला 3, प्रज्ञोपायविनिश्चयसिद्धि 5/24

53. अर्चने जपकाले च ध्याने काम्ये च कर्माणी।
तत्तन्मुद्राः प्रयोक्तव्या देवता सन्निधापिकाः॥

शा.ति. 23/106 पदार्थादर्श।

54. प.क.सू. द्वि. वृ. मुद्राप्रकीर्णम् में मुद्राप्रकार का उद्धरण-

अर्चन जपकाले च ध्याने काम्ये च कर्मणि।

स्नाने चावाहने शंखे प्रतिष्ठायां च रक्षणे।
नैवेद्ये च तथान्यत्र तत्तत् कल्पप्रकाशिते।
स्थाने मुद्राः प्रदृष्टव्याः सर्वलक्षणलक्षिताः

इसमें मुद्राओं का ही विशदीकरण स्नाने चा वाहने शंखे प्रतिष्ठायां च—। तथा "नैवेद्ये'—से किया गया है।

55. मुद्रां वै वन्धयेन्मन्त्री स्नानकाले जलान्तरे।
आत्मनो न्यासकाले तु पूजान्ते मण्डलावनौ।
अर्चासु मन्त्रविन्यासे अर्घ्यपात्रेऽम्बु भाजने।
पूर्णाहुत्यवसाने च मन्त्रे हन्यन्तर स्थिते।
हिंसंकानामशेपाणां विधाताय सर्वविघ्नोपशान्तये।
सर्वकार्यार्थ सिद्ध्यर्थं मुद्राकोश इहोदितः।

जयाख्य संहिता पटल 8/2-4

56. सर्वत्र मोक्षं लभते मुद्राविन्नात्र संशयः।
पण्डितो वापि मूर्खो वा दीक्षितो वाप्यदीक्षितः।
मुद्राः शतसहस्रं तु कृत्वा मोक्षमवाप्नुयात्॥

मेरुतन्त्र 8/159 उत्तरार्ध एवं 17/223

57. मानसरूपसंकल्पा मुद्रा मोक्षार्थिनां विदुः।
इतरेपां तु सर्वेपां हस्ताभ्यां शस्यते बुधैः॥
प. रा. क. सू. 'मुद्राप्रकीर्णम्'
देवी भागवत 11/16/98-102

58. धर्मसिन्धु परिच्छेद 3/ए 272

तेषामाक्षरन्यास पादन्यासादीनां मुद्राविधेः शापविमोचनादि विधेश्च तान्त्रिकत्वे-नास्यावैदिकत्वादनावश्यकत्वं वेदितव्यम्॥

59. एकोनविंशतिर्मुद्रा विष्णोरुक्ता मनीषिभिः।
शंखं चक्रगदापद्मवेणुश्रीवत्सकौस्तुभाः॥
वनमाला तथा ज्ञानमुद्रा विल्वाह्वया तथा।
गरुडाख्या विष्णोर्मुद्रा संतोषवर्द्धिनी॥

नारसिंही वाराही हयग्रीवी धनुस्तथा।
बाणमुद्रा परशुर्जगन्मोहनिका च सा॥
काममुद्रा पराख्याता शिवस्य दशमुद्रिकाः।
लिंगयोनित्रिशूलाख्या मालेऽष्टाभिर्मृगात्मिकाः॥
खट्वागं च कपालाख्यां डमरुः शिवतोपिका।
सूर्यस्यैकैव पद्माख्या सप्तमुद्रा गणेशितुः।
दन्तपाशांकुशाविघ्नपर्शुर्लड्डुकसंज्ञकाः।
बीजपूराह्वया मुद्रा विज्ञेया विघ्नपूजने॥
पाशंकुशवराभीतिखड्गचर्मधनुःशरा।
मौशली मुद्रिका दौर्गी मुद्राः शक्तेः प्रियंकराः॥
लक्ष्मी मुद्रार्चने लक्ष्म्या वाग्वादिन्यास्तु पूजने।
मत्यमुद्रा च कूर्माख्या लेलिहामुण्ड संज्ञिका॥
महायोनिरितिख्याता सर्वसिद्धिसमृद्धिदा।
शक्त्यर्चने महायोनि श्यामादेर्मुण्ड संज्ञिका।
मत्स्यकूर्मलेलिहाख्या सर्वसाधारणी मता॥
दशमुद्रास्तु विज्ञेया त्रिपुरायाः प्रपूजने।
सर्वसंक्षोभद्रावणाकर्पवश्योन्मादमहांकुशाः।
खेचरी बीजयोन्याख्या त्रिखण्डा परिकीर्तिता॥
श्रीगोपालर्चने वेणुर्नृहरिनारिसिंहिका।
वराहस्य च पूजायां वराहाख्यां प्रदर्शयेत्।
रामार्चने धनुर्बाणमुद्रे पर्शुस्तथार्चने।
पर्शुरामस्य विज्ञेया तथा परशुमुद्रिका॥

मन्त्रमहार्णव, 2 एवं पुरश्चर्यार्णव, पृष्ठ 449-450

60. आवाहन्यादिमुद्रा नव साधारणी मता।
यथा पडंगमुद्राश्च सर्वमन्त्रेपु योजयेत्॥
वासुदेवाह्वया ध्याने कुन्तमुद्रा तु रक्षणे।
सर्वत्र प्रार्थने चैव प्रार्थनाख्यां नियोजयेत्॥

वही

61. विष्णुधर्मोत्तर 3/33/4, में चन्द्रमा, एवं 92-95 तक नवग्रहों की मुद्राएँ वर्णित है इसी प्रकार कालिकापुराण आदि में भी देखा जा सकता है।

62. परिवर्त्य करौ सम्यक् तर्जन्यावाहनी समे॥
मध्यमे कुरु तन्मध्ये योजयेत्तदनन्तरम्॥
अन्योन्यानामिके देवि कनिष्ठे तु यथास्थिते।
अंगुष्ठाभ्यां योजिताभ्यां योन्याकारं तु कल्पयेत्॥
योनिमुद्रेयमाख्याता परा त्रैलोक्यमातृका।
इयमेव हृदि क्षिप्ता त्रैलोक्यक्षोभिणी भवेत्॥
त्रैलोक्यद्राविणी नाम मुखस्था परमेश्वरी।
भ्रूमध्यस्था महादेवि त्रैलोक्याकर्षिणी भवेत्।
ललाटस्था महादेवि त्रैलोक्यवशकारिणी।
ब्रह्मरंध्रस्थिता देवि त्रैलौक्योन्मादकारिणी।
पंचमुद्रामयीं मुद्रां योनिमुद्रां च दर्शयेत्॥

प.क.सू. भाग 3. द्वितीयपरिशिष्ट पृ. 635 पर ज्ञानार्णव (4/51-56) का उद्धरण।

63. Tantra in Bengal. by S.C. Banarjee.

64. आनन्त्यादखिला मुद्रा वक्तुं ब्रह्मन् न शक्यते॥
विष्णुसंहिता, 7/45 उत्तरार्ध
कश्मीर संस्कृत सिरीज़

□□□

"श्रीकण्ठचरितमहाकाव्ये प्रत्यभिज्ञादर्शनस्य प्रभावः"

डॉ. राम किशोर झा

प्रयागः

Referring pointedly towards the philosophy relied upon by the poet Mankhaka in his praises for Lord Siva in his work entitled *ŚrīKaṇṭha caritam,* the author in this paper has concluded that the poet was definitely influenced by *pratyabhijnā darśana.*

प्राकृतिकसुपमाभिर्मण्डिते शारदादेशे [१] कश्मीरे द्वादशशताब्द्याः पूर्वार्द्धे महाकविर्मङ्खकः जनुराधिगृह्य श्रीकण्ठचरिताख्यं पञ्चविंशतिसर्गात्मकं शिवकथामृतोपमं महाकाव्यं प्राणैपीत्। यथा हि राज्ञां विप्लवकारिण्या प्रवृत्त्या कूटनीत्या चोद्वेलितः सन् राजानकरत्नाकरः शिवभक्तिपरकं हरविजयाख्यं महाकाव्यं प्रणिनाय। अथ च आचार्यक्षेमेन्द्रोऽपि राज्ञां युद्धोन्मादेन देशस्य दुर्दशां विलोक्य भक्तिभावविह्वलेन चेतसा मर्यादापुरुषोत्तमस्य भगवतो रामचन्द्रस्येतिवृत्तमधिगृह्य कविकर्मणि प्रवृत्तोभूत्। फलतः रामायणमञ्जरी-महाभारतमञ्जरी प्रभृतय उपदेशप्रधानग्रन्थास्तेन प्रणीताः। तथैव राज्ञां विलासिन्या प्रवृत्त्या समधिकं खिन्नोऽयं प्रकृतमहाकविर्मङ्खकः नृपतिविरुदपरकं काव्यं प्रणीय स्वकीयां वाग्देवीं दूषयितुं नैच्छत्। तथा च स्वकीयनृपतिविरुदेषु निरताः ये खलु कवयस्तत्तन्नृपतीनामितिवृत्तमुपजीव्यत्वेनावलम्ब्य कविकर्मणि प्रवृत्ताः बभूवुस्तान् चटुलकवीनधिकृत्य महाकविना मङ्खकेनोक्तम्–

महत्कष्टमहो हित्वा यच्छर्वं सर्वतः श्रुतिम्।
गर्वानवधिबाधिर्यो नरेण स्तूयते नरः ॥[२]

तथा च–

धिक्तान् कृतप्लुतिर्येषां भारत्यधिसरस्वति।
स्वं दूषयति मत्तेव नृपचाटुकपांसुभिः ॥[३]

---

१. 'कश्मीरे तु सरस्वती' ॥ कालिकापुराणम्, अष्टादशोऽध्यायः (42-51 पद्यानि द्रष्टव्यानि।)

२. श्रीकण्ठचरितम् 25/6

३. तदेव 25/8

अन्यच्च–

दृष्टिः सारस्वती भूरिरजोभिरिह पार्थिवैः।
वशंवदीकृता सत्यं कवेः कालुष्यमश्नुते ॥[१]

अत्रैतदवधेयम्–दार्शनिकमहाकवेः श्रीहर्षस्य **नैषधीयचरितं** पुण्यश्लोकस्य राज्ञो **नलस्य** चरितं प्रस्तौति।तत्र हि चिन्तामणिमन्त्रसमुपासकः **श्रीहर्षः** महाभारतान्तर्गतं नल-दमयन्तीविषयकमितिवृत्तमुपादाय असाधारणगुणोपेतस्य राज्ञो **नलस्य** विष्णुरूपतया दमयन्त्याश्च लक्ष्मीरूपतया चरितं चित्रयित्वा तयोर्जगद्वन्द्यत्वं लोकोत्तरत्वञ्च प्रातिष्ठिपत्। किन्तु लोकसामान्यस्य नृपस्य चरितं वर्णनीयतया विचित्य काव्यप्रणयनं नोचितमिति मनसि निधाय महाकविर्मङ्खकोऽभिधत्ते–

जन्मजन्मान्तरेष्वर्जितपुण्यवशान्मानुष्यकं जनुरधिगृह्य तत्राप्यतिदुर्लभं काव्यचातुर्यमासाद्य यद्यहं चाटुकारोभविष्यम् तर्हि नहि नरश्रेष्ठमपितु भगवन्तं लोकशङ्करं श्रीशङ्करं स्वप्रबन्धेन स्तुत्वा स्वहृदयस्थितां तद्विषयिणीं रतिं द्योतयित्वा चात्मानं धन्यमकरिष्यम्। तद्यथा–

"अहो धन्योऽस्मि यस्येयं स्वच्छन्दापि सरस्वती।
विना श्रीकण्ठमन्यत्र नाचरच्चाटुकारिताम् ॥[२]

सर्वथा देवाधिदेवस्य भगवतः **शङ्करस्य** स्तुतौ प्रवृत्तेनानेन महाकविना **मङ्खकेनालौकिकी** पुण्यपरम्परा समधिगतेति तदीयं निम्नपद्यं स्पष्टयति–

मानुष्यजन्म वैदुष्यं विवेकः काव्यचातुरी।
श्रीकण्ठे चाटुकारित्वमहो पुण्यपरम्परा[३] **॥**

यथा हि व्यासादिभिर्वर्णितस्य विष्णोस्तद्भक्तानां वा चरितकाव्यस्य नवरसात्मकस्य श्रवणादिनोपजाता **भक्तिः** [४] तृष्णाक्षयसुखकल्पत्वेनोपनिबद्धा दरीदृश्यते। तथैवानेन महाकविना **मङ्खकेन श्रीकण्ठचरिताख्ये** महाकाव्ये 'भगवतः शिवस्य त्रिपुरदाहसम्बन्धिनमितिवृत्तं नवरसात्मकैर्विविधवस्तुवर्णनैर्निपुणतयोपनिबद्धय स्वहृदयस्थिता तद्विषयिणी रतिश्च द्योतिता।

काव्यप्रकाशकृता श्रीमता **मम्मटाचार्येण** देवादिविषयिणी रतिरूपा भक्तिर्भावतयाभिहिता। तद्यथा–

---

१. तदेव 25/9.

२. तदेव 25/5.

३. तदेव 25/7.

४. परानुरक्तिरीश्वरे भक्तिः, इति शाण्डिल्यसूत्रम्.

रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः ।

.........भावः प्रोक्तः[१] ॥

तत्पूर्ववर्तिना ध्वनिकृता श्रीमता आनन्दवर्धनाचार्येणापि देवादिविषयिणी रतिरूपा भक्तिः तृष्णाक्षयसुखकल्पत्वेनोपनिबद्धा। सा च भक्तिः ध्वन्यालोकस्यामुना पद्येन सुस्पष्टं परिज्ञायते–

"या व्यापारवती रसान् रसयितुं काचित्कवीनां नवा,

दृष्टिर्या परिनिष्ठितार्थविषयोन्मेषा च वैपश्चिती ।

ते द्वे अप्यवलम्ब्य विश्वमनिशं निर्वर्णयन्तो वयं ।

श्रान्ता नैव च लब्धमब्धिशयन त्वद्भक्तितुल्यं सुखम्[२]

तस्मादेतत्स्थीयते–प्रतिभासम्पन्नः शास्त्रज्ञो विद्वांश्चापि न तथा सुखमश्नुते यथा हि कश्चिद् भगवद्भक्तः।

एवमेव महाकवेर्मङ्खकस्य पूर्वजा अपि भगवद्भक्तिरसे बहुशः कृतावगाहाः ज्ञानोन्मीलितनयनाश्चावर्तन्त। महाकवेरस्य पितामहो 'मन्मथः' पितृचरणश्च विश्ववर्ताभिधानः शिवोपासकावेवास्ताम् ।

अथ च तदानीन्तनस्य प्रत्यभिज्ञादर्शनस्य सिद्धान्तमुररीकृत्य द्वैतभावं परित्यज्याद्वैते श्रद्दधानावेतौ समग्रं जगज्जातं शिवमयममनुताम् ।

ज्ञातस्यपि माया-मलवशात्पिहितस्यात्मतत्त्वस्य भूयोऽपि ज्ञानं प्रत्यभिज्ञानमित्युच्यते। तद्यथोक्तं ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिन्याः भास्करीनाम्न्यां टीकायाम्–

पूर्वं ज्ञातस्य मध्ये विस्मृतस्य पुनराभिमुख्येन ज्ञानं प्रत्यभिज्ञेति [३]

तदभिसन्धिरयम्–सर्वभूतेषु तस्यैव परमशिवस्य सूक्ष्मातिसूक्ष्मरूपा अणव आत्मतत्त्वतया विराजन्त[४] इति।

तद्यथोक्तं कुलार्णवतन्त्रे–

'जीवः शिवः शिवो जीवः स जीवः केवलः शिवः'॥[५] इति।

---

१. काव्यप्रकाशः, 4/35.

२. दीपशिखाटीकोपेतः ध्वन्यालोकः, टीकाकारः डॉ. चण्डिकाप्रसादशुक्लः पृ. सं. 345.

३. 'भास्करी' टीकोपेता ईश्वरप्रत्यभिज्ञाविमर्शिनी 1/1/1 पृ. सं. 36.

४. क-'पूर्णत्वाभावेन परिमितत्वादणुत्वम्।' प्रत्यभिज्ञाहृदयम् III 2/4 ख-'सुप्तस्थानीयत्वादणुत्वम्।' तन्त्रसारः (अष्टाध्यायः)

५. कुलार्णवतन्त्रम् 9/42

यथा ह्यतिलघुरूपे रत्नखण्डे रत्नत्वं तिष्ठत्येव। तथैवातिसूक्ष्मरूपे सर्वभूतात्मके आत्मतत्त्वे परमशिवस्यैवावस्थानं काश्मीरिक-शैवदर्शनानुयायिनोऽङ्गीकुर्वन्ति। तद्यथा–

आत्मैवायं स्फुरति सकलप्राणिनामीश्वरोऽन्तः।
कर्त्ता ज्ञातापि च यदि परं प्रत्यभिज्ञास्य साध्या॥[१]

तथा च

आत्मैव सर्वभावेषु स्फुरन्निर्वृतचिद्विभुः।
अनिरुद्धेच्छाप्रसरः प्रसरद् दिक्क्रियः शिवः॥[२]

अन्यच्च–

चिदात्मैव हि देवोऽन्तः स्थितमिच्छावशाद्बहिः।
योगीव निरुपादानमर्थजातं प्रकाशयेत्॥[३]

एतावता समग्रं जगज्जातं कौतुकावलोकनतत्परस्य तस्यैव परमशिवस्येच्छाशक्तेः ज्ञानशक्तेः क्रियाशक्तेश्च प्रसाररूपमिति स्पष्टम्।

विषयममुमधिकृत्य महामाहेश्वरः सोमानन्दोऽपि शिवदृष्टावभिधत्ते–

इत्थं शिवो बोधमयः स एव परनिर्वृतिः।
सैव चोन्मुखतां याति सेच्छाज्ञानक्रियात्मताम्॥[४]

अयं हि सोमानन्दः तथ्यमिदमुपमानोपमेयभावतया समधिकं स्पष्टयति–

स्त्वमापस्त्वं भूमिस्त्वमसि पवनस्त्वञ्च गगनम् ।
विरञ्चिस्त्वं रुद्रस्त्वमसि सकलं दृश्यमिह यत्
त्वदन्यद् वस्त्वेकं नहि जगति भूमन् रघुपते* ।।३६।।

आप ही देवाधिपति इन्द्र हैं, आप ही चन्द्रमा (या सोमरस) तथा सूर्य हैं। आप ही अग्नि तथा जल तत्त्व हैं, आप ही भूमि तथा वायु हैं। आप ही ब्रह्मा तथा रुद्र के रूप में जगत् के सर्जक तथा संहारक हैं। वस्तुतः जो कुछ भी इस संसार में दिखाई दे रहा है वह सब प्रकारान्तर से आप ही हैं। हे सर्वव्यापी, आपके अतिरिक्त इस जगत् में और किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं है ।।३६।।

त्वमेवादौ भूमन् निगमनिचयानां जलनिधौ
निमग्नानां चैवोद्धरणमकरोन्मीनवपुषा ।
सुधाकामैर्नीतं सलिलनिधिनिर्मन्थनविधौ
गिरिं पृष्ठे त्वं वै दृढकमठरूपेण धृतवान् ।।३७।।

जब वैदिक-वाङ्मय समुद्र में डूब गया था तो हे सर्वात्मन्, सृष्टि के प्रारम्भ में आपने ही मत्स्य रूप धारण करके उन वेदों को समुद्र से बाहर निकाला था। [उसके बाद] जब देवों ने अमृत प्राप्त करने की इच्छा से सागर का मन्थन किया और उसके लिये मन्दराचल को वहाँ लाये तो आपने ही एक शक्तिशाली कच्छप का रूप धारण करके उसको नीचे से सँभाला और उसे पीठ पर उठाये रहे ।।३७।।

---

*यह श्लोक 'शिवमहिम्नःस्तव' के—

त्वमर्कस्त्वं सोमस्त्वमसि पवनस्त्वं हुतवहः
त्वमापस्त्वं व्योम त्वमु धरणिरात्मा त्वमिति च ।
परिच्छिन्नामेवं त्वयि परिणता बिभ्रतु गिरं
न विद्मस्तत् तत्त्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि ।।

से पूर्णतया प्रभावित है और एक प्रकार से उसकी छाया लगता है।

निहत्याजौ दैत्यं प्रलयजलधौ घोरमतुलम्
हिरण्याक्षं कृत्वा वपुरपि वराहस्य विपुलम् ।
समुद्धारं भूमेर्गिरिकुलयुतायाः सरभसं
महादंष्ट्राग्रेणामितगुणविधे त्वं च कृतवान् ।।३८।।

हे अनन्त गुणशाली, आपने एक विशाल वराह का रूप धारण करके प्रलयकालीन समुद्र में विचरण करते हुए उस अतुल-बलशाली, घोर दैत्य, हिरण्याक्ष का वध किया और तदनन्तर अपनी दंष्ट्रा के अग्रभाग पर सम्पूर्ण पर्वतों से युक्त पृथ्वी को उठाकर ऊपर ले आए ।।३८।।

स्वभक्तं प्रह्लादं परमविदुषामार्यममलं
विदित्वा त्वं पित्रा कृतविविधदण्डं कुमतिना ।
विधायोग्रं रूपं नरहरिविचित्रं त्रिनयनं
चकर्त त्वं दैत्येश्वरममितवीर्यं रघुपते ।।३९।।

जब आपको पता चला कि आपके भक्त प्रह्लाद को, जो परम विद्वान्, सच्चरित्र और निष्पाप था, उसके दुर्बुद्धि पिता (हिरण्यकंशिपु) ने आपके प्रति भक्ति-भाव रखने के कारण अनेक प्रकार से दण्डित किया है तो आपने तीन नेत्रों से युक्त, सिंह का मिला-जुला एक विचित्र और उग्र रूप बनाया और उस अमित बलशाली दैत्यराज को चीर कर रख दिया ।।३९।।

शुनासीरैश्वर्यं हृतमतुलवीर्येण बलिना
विदित्वेदं राम प्रणतजनवात्सल्यजलधे ।
स्तुतस्त्वं शक्राद्यैरमरनिवहैर्वामनवपु-
र्विधायोग्रं वैरोचनकमुदवध्नोऽमररिपुम् ।।४०।।

हे राम, प्रणतजनों के लिये करुणा के सागर, जब आपको पता चला कि इन्द्र का ऐश्वर्य अतुलबलशाली दैत्यराज बलि ने छीन लिया है तो इन्द्रादि देवों के द्वारा आकर स्तुति करने पर आपने एक तेजस्वी वामन-रूप धारण किया और देवताओं के शत्रु उस बलि को [वरुणपाशों से] बाँध लिया ।।४०।।

कुलं क्षात्रं सप्तत्रिकमपि च कृत्वा रघुपते
जहर्थ त्वं राम प्रबलमिह शस्त्रास्त्रविशदम् ।
निहत्योग्रान् कंसप्रमुखदितिजान् यादवकुले
त्वमाविर्भूत्वा श्रीरमण भुवि भारं च हृतवान् ।।४१।।

शस्त्र-अस्त्र चलाने में कुशल, प्रबल बलशाली (आततायी) क्षत्रियों के कुल को, हे रघुपति, आपने [परशुराम का रूप धारण करके] इक्कीस बार विनष्ट किया। [तदनन्तर] हे लक्ष्मी के स्वामी, आपने [कृष्ण के रूप में] आविर्भूत होकर यादवों के कुल में उत्पन्न कंस आदि उग्र दैत्यों का विनाश करके पृथ्वी का भार हलका किया ।।४१।।

अनन्तान्येवं वै तव विविधरूपाण्यथ विभो
प्रवक्तुं तानीह प्रभवति न कोऽप्यत्र जगति ।
परात्मन् श्रीराम त्रिगुणरहिताकार नियम-
प्रभापारावारामितगुणनिधे चिद्घन विभो ।।४२।।

इस प्रकार, हे रामचन्द्रजी, आपके विभिन्न रूपों का कोई ओर-छोर नहीं है। वे अनन्त हैं और इस जगत् में कोई भी उनकी गणना नहीं कर सकता। आप जगत् के अणु-अणु में व्याप्त हैं (विभु) तथा सत्त्व-रजस्-तमस् रूप तीनों गुणों से रहित, विशुद्ध चैतन्य-स्वरूप, परमात्मा हैं। आपके गुण असंख्य और अपरिमेय हैं। आप जगत् के नियन्ता एवं अनन्त तेजोमय हैं ।।४२।।

नमस्ते श्रीराम त्वमितगुणगेहाय सततं
नमो भूयो भूयः पुनरपि नमस्ते रघुपते ।
नमो वेदावेद्याखिलमुनिगणाराध्य भगवन्
नमो भूयो भूयः शुभचरणपङ्केरुह विभो ।।४३।।

अनन्त गुणों के आगार, हे राम, आपको मेरा सदैव नमस्कार है। हे रघुपति, मैं आपको वारंगार पुनः पुनः प्रणाम करता हूँ। सम्पूर्ण मुनिजनों के द्वारा आराधनीय एवं वेदों के द्वारा ही जाने जा सकने वाले, भगवन्, आपको मैं नमन करता हूँ। आपके मंगलमय चरणकमलों में मेरा वारंवार प्रणाम है ।।४३।।

सहस्रैः शेषोऽपि प्रभवति न वक्त्रैर्गुणगणान्
प्रवक्तुं चाकल्पं कथमपि च ते राम सततम् ।
अतो मर्त्यः स्तोतुं भवति कुशलः को रघुपते
व्रजन्त्याकाशस्य क्वचिदपि न पारं हि मशकाः ।।४४।।

आपके गुणों के समूह को यदि शेषनाग भी अपने एक सहस्र मुखों से कल्पर्यन्त निरन्तर वर्णन करते रहें तो भी वे उनका पार नहीं पा सकते, अतः कौन मरणधर्मा मनुष्य [अपने सीमित-जीवन काल में] उनका वर्णन करने में समर्थ हो सकता है ? ठीक भी है, मच्छर कभी अनन्त आकाश को पार करके उसके दूसरे छोर तक नहीं जा सकते ।।४४।।

मया ते पादाम्भोरुह युगलमाश्रित्य विमलम्
अयोध्यायां भक्त्या विविधपदरम्यैर्विरचितम् ।
पठेत् स्तोत्रं पुण्यं रघुकुलमणे यः प्रतिदिनं
स भुक्त्वा भोगान् वै व्रजति परमं शाश्वतपदम् ।।४५।।

मैंने आपके निर्मल चरण-कमलों का आश्रय लेकर [हे राम] अत्यन्त भक्ति-पूर्वक विविध सुरम्य पदों से अयोध्या नगरी में इस स्तोत्र की रचना की है। जो रघुकुल शिरोमणि श्रीराम के इस मंगलमय स्तोत्र का प्रतिदिन पाठ करेगा वह पृथ्वी पर अनेक भोगों को भोग कर अन्त में भगवान् के उस नित्य परम-धाम को प्राप्त करेगा ।।४५।।

तुभ्यं नमो भगवते रघुनन्दनाय
श्रीजानकीप्रियतमाय खरान्तकाय ।
योगीन्द्रपूजितपदाम्बुरुहद्वयाय
संसारदुःखशमनाय नमो नमस्ते ।।४६।।

हे जानकीवल्लभ, खर-दूषण आदि के निहन्ता, भगवान् रघुनन्दन आपको नमस्कार है। संसार के सभी दुःखों का शमन करने वाले और योगीश्वर भगवान् शंकर के द्वारा पूजित चरणकमल वाले श्रीराम, आपको वारंवार प्रणाम है ।।४६।।

कामाद्या दुर्जयाश्चेन्मम भवतु पुन-
र्मुक्तियोषित्सु कामः ।
क्रोधश्चेत् पातके वै तव चरणयुगाम्भो-
रुहे स्याच्चलोभः ।
मोहोऽप्यध्यात्मयोगे मम भवतु पुन-
र्मत्सरोऽपीन्द्रियेषु ।
त्वत्तोऽन्यद्राम सौख्यं त्वहमिह नितरां
नैव पश्यामि भूमौ ।।४७।।

[शास्त्रों में कहा गया है कि] काम-क्रोध आदि विकारों के ऊपर विजय प्राप्त करना अत्यन्त कठिन है। यदि ऐसा है और काम-वासना रहनी ही है तो मेरी इच्छा है कि मेरा मन मुक्तिरूपी स्त्री की कामना करे। क्रोध रहना ही है तो मैं पापकर्मों के ऊपर क्रोध करूँ। यदि लोभ से छुटकारा नहीं मिलना है तो मेरा लोभ आपके चरणकमलों के प्रति हो। मेरा मोह (आसक्ति) अध्यात्मयोग के प्रति रहे और मेरे मत्सर (अवमानना या घृणा) की पात्र मेरी इन्द्रियाँ हों [जो भोगों में लिप्त रहती हैं]। हे राम, तुमको छोड़कर इस पृथ्वी पर अन्यत्र कहीं भी मैं सुख नहीं देखता ।। ४७।।

।। इति श्रीमच्चतुर्भुजाचार्यचरणसरोजनिवासितमनश्चञ्चरीका-
स्वादितचिन्मकरन्दश्रीमद्रामाचार्यविरचितं
राममहिम्नःस्तोत्रं समाप्तम् ।।

गैर्वाणीगौरवग्रन्थमाला

गीर्वाणवाणीगौरवभूतप्रत्ननूतनलघुग्रन्थानां सङ्कलनम्

गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठशोधपत्रिकायाः
परिशिष्टम्

काश्मीरदेशीयकविभल्लटप्रणीतम्

भल्लटशतकम्

(सरसहिन्दीभाषाव्याख्यया भूमिकया च संवलितम्)

व्याख्याकारः

(स्व०) पं० रामचन्द्र मालवीयः
एम० ए०, एल० टी०, साहित्याचार्य, व्याकरणाचार्य
भूतपूर्व-प्रस्तोता, काशीस्थ-वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

सम्पादिका

डा० माया मालवीय

गैर्वाणीगौरवग्रन्थमाला

नवमम् सुमम्

सम्पादकौ

गयाचरण त्रिपाठी

माया मालवीय

॥ श्रीः ॥

॥ भल्लटशतकम् ॥

(काश्मीरदेशीयकविभल्लटप्रणीतम्)

❁

व्याख्याकारः
(स्व०) पं० रामचन्द्र मालवीयः
भूतपूर्व प्रस्तोता
काशीस्थ-वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य

सम्पादिका
डा० माया मालवीय

❁

श्रीगङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
चन्द्रशेखर आजाद पार्क
प्रयागः
१९९३

प्रकाशकः
डॉ० गयाचरण त्रिपाठी
प्राचार्यः
गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क
इलाहाबाद-२

मूल्यम्

मुद्रकः
शाकुन्तल मुद्रणालयः
३४, बलरामपुर हाउस
इलाहाबाद-२

FOREWORD

The Century (*Śataka*) of verses on worldly Wisdom by *Bhallaṭa* (7th-8th C.), an accomplished poet of Kashmir, is one of the most favourite anthologies of Sanskrit literature. It is mostly composed in a special indirect style (अन्योक्ति) in which the poet expresses his opinion about the nature of human beings and human society by associating his remarks with non-human living beings or with the objects of inanimate world. The verses of Bhallaṭa have profusely been quoted in ancient Sanskrit literature (as well as in the works of such critics as Ānandavardhana) and even today they adorn the mouths of Sanskrit Scholars which is an unambiguous proof of their popularity.

Late Shri Ram Chandra Malaviya, an unassuming but erudite Sanskrit scholar and the former Registrar of the Sanskrit University, Varanasi has translated these verses into simple and lucid Hindi. Such a Hindi translation was a great *desideratum*, in view of the difficult language and indirect mode of expression of Bhallaṭa involving subtle shades of meaning and a high degree of suggestivity.

We hope that the scholars shall like this translation and the publication would give satisfaction to the departed soul of Pandit R.C. Malaviya.

Editors

Gaya C. Tripathi

Maya Malaviya

पं० रामचन्द्र मालवीय : एक संक्षिप्त परिचय

पण्डित रामचन्द्र मालवीय जी का जन्म इलाहाबाद के मालवीय नगर में दशहरे के दिन सन् १९०७ में हुआ था ।

आप बाल्यावस्था में ही माता-पिता की छत्रच्छाया से वंचित हो गये थे । आर्थिक संकट से गुजरते हुये, संस्कृत और संस्कृति से प्रेम के कारण एम० ए०, एल० टी०, शास्त्री, आचार्य किया और अध्यापन की राजकीय वृत्ति से गृहस्थ धर्म का पालन स्वीकार किया । 'डेपुटेशन' पर टेक्स्ट बुक पदाधिकारी होकर लखनऊ आये । वहाँ से 'डेपुटेशन' पर ही १९५४ में वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय में परीक्षाधिकारी रूप में नियुक्त हुये और बाद में प्रस्तोता होकर अवकाश प्राप्त किया । ८४ वर्ष की वय में ५ अप्रैल १९९२ को आपका निधन हो गया ।

कक्षा ६, ७, ८ में इनकी **संस्कृत-सुधा** उत्तर-प्रदेश में कई वर्षों तक पाठ्यक्रम में रही । "संस्कृत के विद्वान् और पंडित" कृति बहुत चर्चित और प्रशस्य रही । पं० बलदेव उपाध्याय जी ने भी इसकी प्रशंसा करते हुये आपसे इसी का परिवर्द्धित और बृहत् संस्करण निकालने का आग्रह किया, पर कुछ दुर्निवार्य कारणों से यह कार्य सम्भव न हो सका । वर्षों बाद अपना "काशी की सारस्वत साधना" नामक ग्रन्थ पण्डित जी को भेंट करते समय पं० बलदेव उपाध्याय जी ने कहा—देखिये मालवीय जी, मैंने आपको कितनी बार कहा था कि ऐसा ग्रन्थ लिखिये । आप नहीं कर सके तो मैंने ही कर दिया" ।

आपकी वल्लभदेव कृत "सुभाषितावलि" का हिन्दी अनुवाद (१९७४) उत्तर-प्रदेश संस्कृत अकादमी द्वारा पुरस्कृत रचना है । इसके अतिरिक्त **कथासरित्सागर** एवं सोमदेवसूरि विरचित **नीतिवाक्यामृतम्** (चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, १९७२) का हिन्दी अनुवाद आदि आपकी प्रशंसित रचनायें हैं ।

विद्वान् लेखक का यह अनुवाद सन् १९७५ की कृति है । दुर्भाग्य वश आर्थिक कारणों से प्रकाशित नहीं हो सका था । गत वर्ष पं० जी के निधन के पश्चात्, दैवी प्रेरणा से माँ सरस्वती के चरणों में समर्पित उनका यह श्रद्धा-सुमन उन्हीं की स्मृति रूप में प्रकाश में लाया जा रहा है । मृत्यु के

लगभग एक वर्ष पूर्व उन्होंने यह रचना मेरे पास यह कह कर भिजवाई थी कि "अपने प्राचार्य जी से कहो कि परामर्श दें कि कैसे और कहाँ से इसका प्रकाशन करायें" ?

प्राचार्य, डॉ० त्रिपाठी जी, ग्रन्थ को देख कर बहुत प्रसन्न हुए एवं उन्होंने इसे विद्यापीठ के माध्यम से स्वतः प्रकाशित करने की इच्छा व्यक्त की। उनका मत था कि "प्रकाशक वैसे भी समस्त आर्थिक लाभ स्वयं ही आत्मसात् कर लेते हैं, पर्याप्त प्रतियाँ तक लेखक को नहीं देते अतः अच्छा हो कि विद्यापीठ इसे प्रकाशित करे और पण्डित जी इसकी प्राप्य प्रतियाँ विद्वानों में अपने यश-लाभ के लिये वितरित कर दें" ।

ऐसा ही हुआ भी, किन्तु दुःख है कि आज पण्डित जी अपनी इस प्रकाशित कृति को देखने के लिये इस संसार में नहीं हैं। तथापि आशा है कि संस्कृत के सहृदय विद्वानों में इस रचना के माध्यम से उनकी कीर्ति अक्षुण्ण रहेगी। अपने पूज्य पिता जी की इस कृति को सम्पादित करके उनके स्वर्गारोहण के पश्चात् विद्वानों के सम्मुख लाते हुए आज मुझे एक विशेष प्रकार के संतोष का अनुभव हो रहा है, साथ ही यह भी अनुभूति हो रही है कि उनका मुझे संस्कृत पढ़ाना यत्किञ्चित् सार्थक हो गया।

अभी भी उनकी कुछ रचनायें अप्रकाशित पड़ी हैं। रुग्णावस्था में भी कई योजनायें मस्तिष्क में घुमड़ती रहती थीं। ईश्वर की अनुकम्पा रही और परिस्थितियों ने साथ दिया तो उन्हें भी मैं प्रकाश में लाने का प्रयास करूँगी।

प्राचार्य डॉ० गयाचरण त्रिपाठी जी के प्रति मैं हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इसे विद्यापीठ की गैर्वाणीगौरव ग्रन्थमाला में प्रकाशन हेतु स्वीकृत किया।

गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ प्रयाग–२	डा० माया मालवीय प्रवाचक एवं अध्यक्ष वेद विभाग

भूमिका

'राजतरङ्गिणी' के प्रारम्भ में कल्हण ने काश्मीर की प्रशस्ति में लिखा है कि वहाँ सरोवर के अन्तर्गत हंसरूपा सरस्वती के दर्शन होते हैं जिसके दर्शन मात्र से मनुष्य को प्रवाहमयी मधुमती वाणी सुलभ हो जाती है—

आलोक्य शारदां देवीं यत्र संप्राप्यते क्षणात् ।
तरङ्गिणी मधुमती वाणी च कविसेविता ।।

इन्हीं वरदा शारदा के सहज सम्मान में काश्मीर को शारदा देश भी कहा जाता है जैसा विल्हण कवि ने 'विक्रमाङ्कदेवचरित' में लिखा है—

सहोदराः कुङ्कुम केसराणां
भवन्ति नूनं कविताविलासाः ।
न शारदादेशमपास्य दृष्ट-
स्तेषां यदन्यत्र मया प्ररोहः ।।

कवि बिल्हण की सम्मति में कविता-विलास और कुङ्कुम-केसर इन दोनों का सहोदर सम्बन्ध है। जिस प्रकार केसर की क्यारियाँ काश्मीर की निजी विशेषता है उसी प्रकार कवि की मधुमती वाणी का भी केन्द्र काश्मीर अथवा शारदा देश ही है। यहाँ शारदा देश में श्लिष्ट अर्थ यह भी है कि शारदा के आदेश अथवा कृपा के बिना कविता का स्फुरण नहीं हो सकता।

कवि के सहज स्वदेश पक्षपात की ओर दृष्टिपात न करने पर भी मम्मट-आनन्दवर्धन और आचार्यपाद अभिनवगुप्त—यह त्रयी काश्मीर के वैदुष्य-विज्ञापन के लिए पर्याप्त है। साहित्य शास्त्र के मुख्य प्रतिपाद्य विषय रस, ध्वनि और अलङ्कारों के सम्बन्ध में जो सुन्दर विवेचन इस त्रयी के

द्वारा हुआ है वह अद्वितीय है। प्राच्य और पाश्चात्य दोनों ही पद्धतियों से साहित्य शास्त्र का अध्ययन, आलोडन और मनन करने वालों के लिए इस त्रयी द्वारा उपस्थापित वस्तु, शैली और तर्क हृदयग्राह्य हुए हैं। यही कारण है कि किसी भी विश्वविद्यालय या संस्कृत विद्यालय में साहित्य शास्त्र के प्रत्येक अध्येता और अध्यापक के लिए काव्यप्रकाश और लोचन युक्त ध्वन्यालोक का अनुशीलन और परिशीलन अब तक अपरिहार्य सा बना हुआ है।

इनके अतिरिक्त जैयट, कैयट, वज्रट, उवट, औवट, उद्भट, रुद्रट, धम्मट, कल्लट, भल्लट, लोल्लट, अल्लट, कल्हण, जल्हण, बिल्हण, शिल्हण, मङ्ख, अभिनन्द, क्षेमेन्द्र, सोमदेव, आदि अनेक काश्मीरी विद्वानों की कृतियों से काश्मीर का सर्वविध वैदुष्य विश्वविदित हुआ है। तन्त्र, शैवागम और काव्यों की दृष्टि से संस्कृत वाङ्मय में काश्मीर का विशेष स्थान है। प्राचीन काल में काशी और उज्जयिनी के समान ही काश्मीर भी उत्तम विद्याकेन्द्र रहा और यहाँ के राजा लोग विद्वानों के आश्रयदाता और दूर-दूर से उनका सङ्ग्रह ससम्मान करते रहे। कल्हण ने राजतरङ्गिणी में लिखा है—

विद्यावेश्मानि तुङ्गानि, कुङ्कुमं सहिमं पयः।
द्राक्षेति यत्र सामान्यम् अस्ति त्रिदिवदुर्लभम्॥

पार्थिवों से प्रश्रय, उत्तुङ्ग विद्याभवनों में अध्ययन-अध्यापन की सुन्दर व्यवस्था, सरिताओं, स्रोतों और पुष्करिणियों में बहता हुआ स्वच्छ निर्मल जल, आँखों के ऊपर उठने पर चतुर्दिक् देवतात्मा हिमधवल हिमालय के दर्शन, और झुकने पर सर्वत्र शाद्वलभूमि, केसर की क्यारियाँ, लताओं में लटकते अंगूर और वृक्षों से टपकते फल और फूलों के वातावरण में ऐसा कौन सहृदय है जिसके अन्तस् से अनजान में ही काव्य के मधुरिम उद्‌गार न फूट निकलें। यही कारण था कि एक समय काश्मीर में सुरभारती का साम्राज्य था और बहुत बड़ी संख्या के कवियों

और विद्वानों ने अपनी अपनी सरस और ससार रचनाओं से भारती का भण्डार भर कर अपने को अमर बनाया और उत्तराधिकारियों के लिए अक्षय निधि छोड़ गये जिनका सङ्कलन और सुन्दर प्रकाशन अब तक नहीं हो सका है। शारदादेश काश्मीर के ये सुकवि सामान्य व्यक्ति न हो कर पृथ्वी पर अवतीर्ण लोकोपकारी सिद्ध पुरुष थे। राजा अवन्तिवर्मा के प्रसङ्ग में कल्हण ने लिखा है—

अनुग्रहाय लोकानां भट्टाः श्रीकल्लटादयः।
अवन्तिर्मणः काले सिद्धा भुवमवातरन्॥

× × × ×

मुक्ताकणः शिवस्वामी कविरानन्दवर्धनः।
प्रथां रत्नाकरश्चागात् साम्राज्येऽवन्तिवर्मणः॥

इसी तरह प्रवरसेन, ललितादित्य, जयादित्य आदि तथा कुछ एक मुगलकालीन राजाओं के राज्यकाल में समस्त विश्व को एकता के सूत्र में ग्रथित करने वाली सुरभारती संस्कृत भाषा का समुन्नयन तथा आबाल-वृद्ध-वनिता वर्ग में प्रचार हुआ। इस प्रसङ्ग में सुकवि बिल्हण के दो श्लोक उद्धरणीय हैं। यद्यपि दूसरा श्लोक बिल्हण की निजी कविता की लोकप्रियता के विषय में गर्वोक्ति है तथापि उससे उस समय की संस्कृत भाषा की काश्मीरी समृद्धि का परिचय तो मिलता ही है। बिल्हण का समय ईसा की दसवीं शताब्दी का उत्तरार्ध और ग्यारहवीं का प्रारम्भिक काल माना जाता है।

ब्रूमः सारस्वतकुलभुवः किं निधेः कौतुकानां
तस्यानेकाद्भुतगुणकथाकीर्णकर्णामृतस्य।
यत्र स्त्रीणामपि किमपरं जन्मभाषावदेव
प्रत्यावासं विलसति वचः संस्कृतं प्राकृतं च॥

× × × ×

ग्रामो नासौ न स जनपदः सास्ति नो राजधानी
तन्नारण्यं न तदुपवनं सा न सारस्वती भूः ।
विद्वान् मूर्खः परिणतवया बालकः स्त्री पुमान्वा
यत्रोन्मीलत्पुलकमखिला नास्य काव्यं पठन्ति ।।

ऐसा कोई ग्राम नहीं, ऐसा कोई जनपद नहीं, ऐसी कोई राजधानी नहीं, ऐसा कोई जंगल नहीं, ऐसा कोई उपवन नहीं और ऐसा कोई सारस्वत प्रदेश नहीं, जहाँ पुलकित हो कर विद्वान् अथवा मूर्ख, वृद्ध अथवा बालक, स्त्री अथवा पुरुष बिल्हण की कविता को पढ़ते या गुनगुनाते हुए न हों।

काश्मीर में संस्कृत भाषा के ऐसे ही समृद्ध युग में अन्यान्य अनेक कवियों में अन्यतम भल्लट कवि भी हुए जिनका एक मात्र ग्रन्थ भल्लट-शतक ही प्राप्य है। तत्कालीन विद्वद् वर्ग में भल्लट को वही समादर प्राप्त हुआ जो अमरुक और भर्तृहरि को प्राप्त है। ईसवी दसवीं शताब्दी के शेषकाल में वर्त्तमान श्रीमान् अभिनवगुप्तपादाचार्य ने आनन्दवर्धनाचार्य की अनुपम कृति ध्वन्यालोक पर लिखी अपनी लोचन नाम की, विद्वज्जनों से भूरि भूरि श्लाघ्य व्याख्या में, भल्लट के श्लोकों को अनेक स्थलों पर उद्धृत किया है। इसी प्रकार आनन्दवर्धन, मम्मट, क्षेमेन्द्र और वल्लभदेव ने भल्लटशतक के श्लोकों को अपने अपने ग्रन्थों में उद्धृत किया है। शार्ङ्गधरपद्धति में भी इनके श्लोक पाये जाते हैं किन्तु वहाँ किसी किसी श्लोक में इनको भट्टमल्ल कहा गया है। साहित्य शास्त्र के मान्य आचार्यों द्वारा इनके श्लोकों का उद्धरण इनकी विद्वत्ता और लोकप्रियता का पर्याप्त प्रमाण है। इनका शतक श्रृङ्गार और वैराग्य के पद्यों से शून्य नीति परक ग्रन्थ है। उसमें अप्रस्तुत प्रशंसा और अन्योक्ति प्रधान है। कोई भी सुकवि जब त्रिकालाबाधित तथ्य का सशक्त भाषा में उन्मीलन करता है तो उसकी कविता अमर हो जाती है। भल्लट द्वारा प्रस्तुत लोक दृष्टान्त और निष्कर्ष उक्त रूप के हैं अत एव वे लोकप्रिय हुए।

बलदेव उपाध्याय जी ने इनका समय अवन्तिवर्मा का राज्य काल कहा है किन्तु विण्टरनित्ज और कीथ ने इनको अवन्तिवर्मा के पुत्र शङ्करवर्मा के समय ८८३-९०२ ई० में वर्त्तमान माना है। शङ्करवर्मा के ही राज्यकाल में इनका होना अधिक उपयुक्त ठहरता है यत: विरक्ति की रेखा से संस्पृष्ट इनकी अन्योक्तियों में नैराश्य और शासक से अनादर प्राप्ति का भाव पूर्ण रूप से दृष्टि गोचर होता है। शङ्करवर्मा का ही राज्यकाल ऐसा था जिसमें कुछ अधिकारियों के कुचक्र से सुधीजन मान्य नहीं हो सके थे। भल्लट भी उन्हीं में से एक थे और इसीलिए उनका जीवन अर्थसङ्कट में व्यतीत हुआ।

भल्लटशतक और उसका प्रतिपाद्य विषय

संस्कृत के ऐसे सुकवि जो खण्ड काव्य अथवा महाकाव्य लिखने में नहीं समर्थ थे उन्होंने भी थोड़ें बहुत पद्य लिखकर माँ भारती के चरणों में अर्पित किए। इनमें से कुछ ने किसी देवता के विषय में पञ्चक, षट्पदी, सप्तपदी, अष्टक लिखे जिनकी संख्या बहुत है और कुछ ने पञ्चाशिका, शतक, शतकत्रय, पञ्चशती और सप्तशती लिखी। बिल्हण की चौरपञ्चाशिका, बाण और मयूर के चण्डी तथा सूर्यशतक, भर्तृहरि के शतकत्रय, मूक कवि की मूकपञ्चशती-माँ मीनाक्षी की स्तुति तथा गाथा एवम् आर्यासप्तशती बहुत प्रसिद्ध हैं। काशी पीठाधीश्वर दिवङ्गत महेश्वरानन्द-महादेवशास्त्री का भारतशतकम्, इस बीसवीं शती की अद्भुत कृति है। देशभक्ति और देवभक्ति से ओत-प्रोत अत्यन्त प्राञ्जल भाषा में निबद्ध यह शतक प्रत्येक संस्कृत-प्रेमी के पढ़ने की वस्तु है।

भल्लटशतक भी ऐसी ही प्रकीर्ण रचना है। यद्यपि भल्लट कवि का कोई खण्ड या महाकाव्य आदि अनुपलब्ध है तथापि इस शतक से ही उनकी गुम्फन शैली की महत्ता विदित हो जाती है। बाण या मयूर के शतक की भाँति यह एकाश्रयी नहीं है। इसे उन्होंने संस्कृत के विभिन्न छन्दों में सामाजिक दृष्टिकोण की विषमताओं को लक्ष्य कर लिखा है। समाज और

व्यक्ति की प्रायिक विवेकशून्यता के लिए इसमें पर्याप्त उपालम्भ है। अधिकांश पद्य अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार के बड़े सुन्दर उदाहरण हैं। अप्रस्तुतप्रशंसा में वाच्यार्थ अप्रस्तुतपरक होता है और व्यङ्ग्यार्थ प्रस्तुतपरक तथा कवि का प्रधान आशय प्रकृतपरक व्यङ्ग्यार्थ में होता है जिसके लिए वह कूप, सरिता, समुद्र, पशु, पक्षी, पर्वत आदि की उन विशेषताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराता है जो सहज रूप से, प्रकृत मनुष्य में साम्य रखती हैं। संस्कृत साहित्य ऐसी उक्तियों से बहुत समृद्ध है। शृङ्गारी और अशृङ्गारी दोनों ही प्रकार के कवियों ने अपनी मार्मिक उक्तियों के लिए इन नैसर्गिक पदार्थों को माध्यम बनाया है। जड़ और चेतन में सुकवि अपनी पैनी अन्तर्दृष्टि से ऐसा साम्य प्रस्तुत करता है जिसकी प्रशंसा किये बिना नहीं रहा जा सकता। इस प्रसङ्ग में भल्लट का एक श्लोक देखिए सत्पुरुष की प्रशंसा में सुन्दर मणि का साम्य कैसा सटीक उतरा है—

द्रविणमापदि भूषणमुत्सवे
शरणमात्मभये निशि दीपिका।
बहुविधाभ्युपकारभरक्षमो
भवति कोऽपि भवानिव सन्मणिः॥

उत्तम मणि हीरा-पन्ना आदि आपत्ति के समय आवश्यकतावश बेच दी जाती है अतः वह द्रव्यराशि बन जाती है। शुभ विवाह आदि के अवसर पर वह अलङ्कार का काम करती है। अपने ऊपर प्राणघातक विपत्ति आने पर उसे देकर जान बचाई जा सकती है। इस प्रकार वह शरणदाता है और रात्रि के समय उसके प्रकाश से भी काम बनता है। इसी तरह सत्पुरुष साथी या किसी भी व्यक्ति को आपत्तिग्रस्त पाकर पैसे-रुपये से उसकी सहायता करता है, सामाजिक उत्सव में वह आ जाता है तो उत्सव की शोभा बढ़ जाती है--आत्मभय के समय वह बहुधा जमानतदार आदि बन कर शरणदाता होता है और संसार की बहुविध सङ्कट रूपी रात्रि में वह उत्तम सुझाव प्रस्तुत कर दीपक जैसा समुज्ज्वल प्रकाश पैदा कर देता है

इस प्रकार दोनों की बहुविध उपकार-प्रवणता के साम्य से सत्पुरुष की कैसी सुन्दर प्रशस्ति की गई है।

जन-मत बहुत बड़ी शक्ति है। बहुधा हम को उसी के आधार पर किसी व्यक्ति, संस्था अथवा शासन के प्रति अपनी आस्था अनास्था को सँवारना सँजोना होता है। ऐसे समय यदि किसी सिद्धान्त से काम न लिया जायगा तो हम को बाद में पश्चात्ताप और हानि का भी अवसर आ सकता है। इस सम्बन्ध में भल्लट की उक्ति है—

सद्वृत्तयः सदसदर्थविवेकिनो ये
ते पश्य कीदृशममुं समुदाहरन्ति।
चोरासतीप्रभृतयो ब्रुवते यदस्य
तद् गृह्यते यदि कृतं तदहस्करेण।

किसी भी व्यक्ति आदि के विषय में अपनी निजी राय स्थिर करने से पूर्व हम को यह देख लेना चाहिए कि उसके विषय में – उत्तम आचार-व्यवहार वाले और भलाई-बुराई पर गहराई से विचार करने वाले लोग क्या कहते हैं। यदि चोर, व्यभिचारी और व्यभिचारिणी आदि जो कुछ कहते हैं उसे मान लिया जाय तब तो हम को सूर्य को भी हेय मानना पड़ेगा क्योंकि चोर और लम्पट पुरुष तथा असती स्त्रियाँ तो अपने पाप-कर्म के लिए रात्रि को ही अच्छा मानते हैं उनके लिए तो सूर्य सर्वथा बुरा है।

सूर्य के ही प्रसङ्ग से एक दूसरी सदुक्ति देखिए—

पातः पूष्णो भवति महते नोपतापाय यस्मा-
त्कालेनास्तं क इह न ययुर्यान्ति यास्यन्ति चान्ये।
एतावत्तु व्यथयतितरां लोकबाह्यैस्तमोभि-
स्तस्मिन्नेव प्रकृतिमहति व्योम्नि लब्धोऽवकाशः॥

सूर्य का पतन अर्थात् अस्त होना देख कर अधिक सन्ताप नहीं होता क्योंकि समय आने पर कौन नहीं नष्ट हुआ, होता है या होगा ? यह तो

त्रैकालिक सत्य है। अत्यधिक कष्ट तो इस बात का है कि जो अन्धकार सूर्य के द्वारा तिरस्कृत होकर संसार से निकाल दिया गया था वही अन्धकार अब उसी सूर्य के क्षेत्र अनन्त आकाश में अधिकार जमाए बैठा है।

महान् कलाकारों की कृतियाँ, कुशल शिल्पियों के अद्‌भुत शिल्प, अखण्ड भूमण्डल के अधिपति सम्राट् सभी कालकवलित होते देखे जाते हैं किन्तु खेद तब होता है जब अयोग्यतम व्यक्ति उत्तम पद पर आरूढ़ देखा जाता है।

केसर की हरी-भरी क्यारी पाला या अन्य किसी कारण से विनष्ट हो जाय तो ठीक है किन्तु उसे गदहा चर कर नष्ट करे यह किसी सहृदय को कैसे सह्य हो सकेगा ?

आबद्धकृत्रिमसटाजटिलांसभित्ति-
रारोपितो मृगपतेः पदवीं यदि श्वा।
मत्तेभकुम्भतटपाटनलम्पटस्य
नादं करिष्यति कथं हरिणाधिपस्य ॥

कुत्ते के कन्धों पर यदि शेर की नकली अयाल (गर्दन पर के झबरे बाल) बाँध कर उसे मृगपति सिंह की पदवी दे भी दी जाय तो भी वह कुत्ता, मतवाले हाथियों के गण्डस्थल को विदीर्ण करने के व्यसनी सिंह की सी गर्जना कैसे कर सकेगा ?

इसी प्रकार अन्यान्य अधिकांश पद्यों में अप्रस्तुतप्रशंसा के आश्रय से तीक्ष्ण और मृदु व्यङ्ग्य के रूप में साधारण मानव को महामानव बनाने वाले मार्मिक उपदेश शतक के पद्यों का प्रतिपाद्य विषय है।

भल्लट का भली बातों का उपदेश धर्मशास्त्र और विशुद्ध नीतिपरक ग्रन्थों जैसा विधिलिङ् के प्रयोगों का प्राचुर्य लिए हुए नहीं है। उनका ढंग उत्तम कवि के उपयुक्त आलङ्कारिक है। भाषा पर उनका अधिकार है इसलिए उसमें ओज, प्रसाद और व्यङ्ग्य की कटुता के साथ ही इक्षुरस

जैसा माधुर्य है। उनकी उक्तियाँ सशक्त हैं इसीलिए सहज रूप से मानस-पटल पर अङ्कित हो जाने वाली हैं। छन्दः शास्त्र में भी उनको निपुणता प्राप्त है अतः पूरे शतक में उन्होंने विभिन्न छन्दों का प्रयोग किया है।

शतकारम्भ में सूर्य का मङ्गलाचरण और अन्यान्य अनेक पद्यों में सूर्य के निदर्शन से भल्लट के इष्टदेवता सूर्य कहे जा सकते हैं। इष्टदेवता के अनुरूप ही उनमें ओजस् और वर्चस् का समावेश है। पूरे शतक को देखने से यह बात सहजरूप से समझ में आती है कि विद्वान् होते हुए भी उनको और उनके समान अन्य विद्वानों को राजा के अविवेक के कारण राजाश्रय नहीं प्राप्त हो सका था। यही कारण है कि ऊपर उनका शङ्करवर्मा के राज्यकाल में होना लिखा गया है। शङ्करवर्मा का ही ऐसा राज्यकाल था जिसमें विद्वानों का अनादर और चाटुकार मूर्खों को प्रश्रय मिला, जैसा कि कल्हण की राजतरङ्गिणी के पञ्चम तरङ्ग के १८३ वें श्लोक से प्रतीत होता है—

निमित्तं मण्डलेऽमुष्मिन् सविद्यानामनादरे।
राज्ञां प्रतापहानौ च नान्यः शङ्करवर्मणः॥

इनके नाम को निरर्थक मान किसी ने संशोधन कर भट्टमल्ल और मल्लभट्ट भी कहा है जो भ्रम है। भ्रमवश इनके कुछ पद्य सुभाषितावलि और शार्ङ्गधर पद्धति में अन्य कवियों के नाम से उद्धृत हो गये हैं। सुभाषित सुधारत्नभाण्डागार में निम्न श्लोक भल्लट के नाम से उद्धृत हुआ है किन्तु वह भल्लटशतक में अप्राप्य है—

वपुर्विषमसंस्थानं कर्णज्वरकरो रवः।
करभस्याशुगत्यैव छादिता दोषसंहतिः॥

काश्मीर के विद्वानों की कृतियाँ अपूर्व हैं। उनमें काव्य के सभी उत्तम गुण वर्तमान हैं। इतिहास, दर्शन और साहित्य की दृष्टि से ये कृतियाँ बेजोड़ हैं। इन विद्वानों द्वारा लिखी गई टीकाएँ भी अनुपम हैं। वराहमिहिर

की बृहत्संहिता पर भट्टोत्पल की टीका एक स्वतन्त्र ग्रन्थ हो सकता है। उसमें पूर्व विद्वानों के वचनों का बड़ा वैदुष्यपूर्ण सङ्कलन हुआ है। यदि वह टीका न होती तो बृहत्संहिता के अनेक स्थलों का अर्थ लगाना कठिन होता। वल्लभदेव की माघकाव्य पर टीका भी उत्तम कोटि की है। खेद है कि काश्मीरी विद्वानों के बहुत से ग्रन्थ अव तक अमुद्रित और विलुप्त हैं। उनके लिए एक पृथक् अनुसन्धानशाला की आवश्यकता है।

मुझे सुभाषितावलि का हिन्दी अनुवाद लिखते समय भल्लट बहुत भले लगे अतः मैंने किसी टीका टिप्पणी के अभाव में और ग्रन्थ की अनुपलब्धि को ध्यान में रखकर यह हिन्दी अनुवाद किया है। मुझ जैसे अल्पज्ञ से त्रुटि होना स्वाभाविक है। एतदर्थ क्षमा प्रार्थना के साथ मैं चाहूँगा कि काश्मीरी पण्डितों की कृतियाँ अधिकाधिक प्रकाश में लाई जायँ।

रामचन्द्र मालवीय

वाराणसी
१२-१-१९७५

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ भल्लटशतकम् ॥

[१]

युष्माकमम्बरमणेः प्रथमे मयूखा-
स्ते मङ्गलं विदधतूदयरागभाजः ।
कुर्वन्ति ये दिवसजन्ममहोत्सवेषु
सिन्दूरपाटलमुखीरिव दिक्पुरन्ध्रीः ॥

'उदयाचल को रंगीन बना देने वाली, अम्बरमणि भगवान् सूर्य की वे प्रथम किरणें आप सब का मङ्गल करें जो मानों दिवस रूपी पुत्र-जन्म के महोत्सव में पति-पुत्र वाली समस्त दिशा रूपी वनिताओं की मुखश्री को सौभाग्यचिह्न सिन्दूर से रञ्जित सा कर देती हैं'।

माङ्गलिक अवसरों पर सुहागिनों की पूजा भारतीय संस्कृति का अंग है।

---

१. वल्लभ देव कृत *सुभाषितावलि*—*सुभा०* श्लोक ७३ (अनु० पं० रामचन्द्र मालवीय, प्रकाशक—"आनन्द बन्धु" जगतगंज, वाराणसी १९७४) में इस श्लोक को 'भागवतामृतदत्त' के नाम से उद्धृत किया गया है परन्तु यह भ्रम है।

[२]

बद्धा यदर्पणरसेन विमर्दपूर्व-
मर्थान् कथं झटिति तान्प्रकृतान्न दद्युः ।
चोरा इवातिमृदवो महतां कवीना-
मर्थान्तराण्यपि हठाद् वितरन्ति शब्दाः ।।

'सुकवि अपनी रचना में जिन-जिन अर्थों को प्रकट करने के लिए बड़ी छान-बीन के साथ शब्दों को रखते हैं उन-उन प्रासङ्गिक अर्थों को तो वे शब्द तत्काल प्रकट ही कर देते हैं किन्तु इसके साथ ही उन महाकवियों की वह कोमलकान्त पदावली अन्य अर्थात् व्यङ्ग्य अर्थ को भी उसी प्रकार हठात् प्रकट कर देती है जिस प्रकार कोमल (कच्चे) चोर पकड़ जाने पर एक चोरी का माल तो दे ही देते हैं साथ ही अन्य चोरियों का भी धन उनसे प्राप्त हो जाता है' ।

महाकवियों के शब्दगुम्फन की कितने सुन्दर ढंग से प्रशंसा की गई है ।

[३]

काचो मणिर्मणिः काचो
येषां तेऽन्ये हि देहिनः ।
सन्ति ते सुधियो येषां
काचः काचो मणिर्मणिः ।।

'जिनको काँच मणि मालूम पड़ता है और मणि काँच समझ में आता है वे कुछ दूसरे ही व्यक्ति होते हैं । सद्-असद् विवेकी सुधी जनों के लिए तो काँच-काँच ही होता है और मणि-मणि ही' ।

विद्वज्जनों की पैनी दृष्टि यथार्थ को ही ग्रहण करती है उसमें भ्रम नहीं होता ।

[४]

नन्वाश्रयस्थितिरियं तव कालकूट
केनोत्तरोत्तरविशिष्टपदोपदिष्टा ।
प्रागर्णवस्य हृदये वृषलक्ष्मणोऽथ-
कण्ठेऽधुना वससि वाचि पुनः खलानाम् ।।

'हे कालकूट, तुमको रहने के लिए एक के बाद दूसरी उत्तम से उत्तम जगह किसने बताई, जिससे तुम पहले समुद्र में रहे, उसके बाद भगवान् शङ्कर के कण्ठ में और अब दुष्टों की वाणी में रह रहे हो'।

दुष्ट आदमी की जबान सबसे अधिक जहरीली चीज है, इसे कितने प्रभावशाली और रुचिकर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। समुद्र की अतल गहराई से उठ कर शङ्कर के गले में और गले से ऊपर मुख में, इस तरह आप तो ऊँचे ही उठते चले गये। पर्याय अलङ्कार का उत्तम उदाहरण है।

[५]

द्रविणमापदि भूषणमुत्सवे
शरणमात्मभये निशि दीपिका[1] ।
बहुविधाभ्युपकारभरक्षमो
भवति कोऽपि भवानिव सन्मणिः ।।

उत्तम मणि से समता प्रदर्शित करते हुए किसी सत्पुरुष के लिए कैसी सुन्दर उक्ति है।

'उत्तम मणि हीरा पन्ना आदि आपत्ति आने पर बेच दिये जाने से पैसे का काम निबाहती है, विवाह आदि उत्सवों के अवसर पर आभूषण बन जाती है, अपने ही ऊपर किसी प्रकार का जान जाने आदि का खतरा आ जाय तो उसे देकर आत्मरक्षा की जा सकती है, रात्रि के अन्धकार में दीपक का काम करती है। इस प्रकार बहुविध उपकार कर सकने में समर्थ, ठीक आप ही की तरह उत्तम, मणि होती है'।

---

१. निशि दीपकः—*सुभा०* श्लोक २४६० ।

[६]

श्रीर्विशृङ्खलखलाभिसारिका
वर्त्मभिर्घनतमोमलीमसैः ।
शब्दमात्रमपि सोढुमक्षमा
भूषणस्य गुणिनः समुत्थितम् ।।

'मेघों के घने अन्धकार से कलुषित मार्ग के द्वारा श्री (लक्ष्मी) उद्दण्ड दुष्टों का अनुसरण करती है और तव वह गुणी भूषण के शब्द मात्र (खनक) को भी सुनना नहीं चाहती'।

कृष्णाभिसारिका नायिका सावन-भादों की अँधियाली में जब अपने प्रेमी से मिलने जाती है तव उसे अपने ही गहनों की खनक भी नहीं सुहाती। इसी तरह उच्छृङ्खल धनवान् व्यक्ति किसी भी गुणी की भली बात नहीं सुनना चाहता।

[७]

माने नेच्छति वारयत्युपशमे क्ष्मामालिखन्त्यां ह्रियां
स्वातन्त्र्ये परिवृत्य तिष्ठति करौ व्याधूय धैर्ये गते ।
तृष्णे त्वामनुबध्नता फलमियत्प्राप्तं जनेनामुना
यः स्पृष्टो न पदा स एव चरणौ स्प्रष्टुं न सम्मन्यते ।।

तृष्णा बुरी वस्तु है, उसके चक्कर में पड़ने से मनुष्य के पतन की पराकाष्ठा हो जाती है। इसी आशय को प्रकट करने के लिए कवि तृष्णा को ही सम्बोधित कर कहता है--

'हे तृष्णे, जब मैं तेरा पीछा करने चला तव मेरा आत्माभिमान तुझे नहीं चाह रहा था, मेरी मनः शान्ति मुझे मना कर रही थी, मेरी लज्जा पृथ्वी कुरेदने लगी थी मानों जमीन में गड़ी जा रही हो, स्वतन्त्रता चकरा गई थी, धैर्य हाथ पटक कर चला गया - इतने पर भी मैंने तुम्हारा ही अनुगमन किया जिसका फल मुझे यह मिला है कि जिसे मैंने कभी पैरों से भी नहीं स्पर्श करना चाहा था वही अब मुझे अपना पैर तक छूने नहीं देता'।

लोभ-लालच और तृष्णा के परिणाम का कितना सजीव वर्णन है।

[८]

पततु वारिणि यातु दिगन्तरं
विशतु वह्निमथ व्रजतु क्षितिम् ।
रविरसावियतास्य गुणेषु का
सकललोकचमत्कृतिषु क्षतिः ।।

'सूर्य जल अर्थात् समुद्र में डूब जायँ, अपनी दिशा पूर्व से पश्चिम या अन्यत्र चले जायँ, आग में प्रविष्ट हो जायँ अथवा धरातल पर चले आएँ, इससे उनके समस्त जगत् को प्रकाशित करने के गुण की क्या हानि होती है' ?

मनुष्य आपत्ति में पड़ जाय अथवा अत्यन्त ऐश्वर्यशाली होकर सुखी हो जाय, स्वदेश में रहे अथवा परदेश में, इससे उसके महान् गुणों और कार्यों के सुयश में कोई अन्तर नहीं पड़ता ।

[९]

सद्वृत्तयः सदसदर्थविवेकिनो ये
ते पश्य कीदृशममुं समुदाहरन्ति ।
चोरासती प्रभृतयो ब्रुवते यदस्य
तद् गृह्यते यदि कृतं तदहस्करेण ।।

'देखना चाहिए कि सदाचारी और भले बुरे का विवेक रखने वाले लोग सूर्य के विषय में क्या कहते हैं ? अच्छा या बुरा । किन्तु, यदि चोर और व्यभिचारिणी स्त्री आदि जो कहते हैं उसको मान लिया जाय तब तो सूर्य की सत्ता ही व्यर्थ हो जायगी' ।

भले लोगों की धारणा के अनुकूल ही किसी मनुष्य के आचरण और चरित्र आदि के विषय में अपनी राय बनानी चाहिए ।

[१०]

पातः पूष्णो भवति महते नोपतापाय यस्मा-
त्कालेनास्तं क इह न ययु[१]र्यान्ति यास्यन्ति चान्ये ।
एतावत्तु व्यथयतितरां लोकबाह्यैस्तमोभि-
स्तस्मिन्नेव प्रकृतिमहति व्योम्नि लब्धोऽवकाशः ॥

'सूर्य का पतन अर्थात् अस्त हो जाना महान् संतापकारी नहीं होता क्योंकि समय आ जाने पर कौन नहीं नष्ट हुआ, होता है, अथवा होगा। किन्तु, इस बात से अत्यन्त कष्ट होता है कि जिस सूर्य के रहते अन्धकार का संसार से बहिष्कार हो गया था वही अब उस निसर्गतः महान् आकाश में ही चारों ओर से छा गया है'।

किसी भले के स्थान पर बुरे का अधिकार हो जाना सत्पुरुषों को कष्ट कारक होता है।

[११]

पङ्क्तौ विशन्ति गणिताः प्रतिलोमवृत्त्या
पूर्वे भवेयुरियताप्यथवा त्रपेरन् ।
सन्तोऽप्यसन्त इव चेत्प्रतिभान्ति भानो-
र्भासावृते नभसि शीतमयूखमुख्याः ॥

'अयोग्य अथवा उच्छृङ्खल व्यक्ति विद्वानों और गुणियों की गणना के अवसर पर हठात् पङ्क्ति में घुस आते हैं और यदि एक ओर से गिनती करने में उनका क्रम पीछे आता है तो वे आग्रह करते हैं कि उलटी अर्थात् दूसरी ओर से गिनती की जाय तो हमारा क्रम पहले आएगा। इसी तरह दुष्ट ग्रह राहु अमृत वितरण के समय देवताओं की पङ्क्ति में घुस आया था। इतनी उद्दण्डता से भी वे लज्जित नहीं होते, किन्तु होता यह है कि जिस तरह आकाश में सूर्य का प्रखर प्रकाश फैल जाने पर चन्द्रमा जैसे प्रमुख ग्रह, नक्षत्र आदि तिरोहित हो जाते हैं उसी प्रकार मूर्ख भी सुधी जनों के गुण-गौरव के प्रकाश में स्वयं ही मन्द हो जाता है'।

---

१. क इव न गता—*सुभा०* श्लोक ५६३। शार्ङ्गधर पद्धति (शा० १०) (सम्पा० पीटर पीटर्सन, चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान, दिल्ली १९८७) श्लोक ७४५—क इह न गता।

[१२]

गते तस्मिन् भानौ त्रिभुवनसमुन्मेषविरह-
व्यथां चन्द्रो नेष्यत्यनुचितमतो नास्त्यसदृशम् ।
इदं चेतस्तापं जनयतितरामत्र यदमी
प्रदीपाः संजातास्तिमिरहतिबद्धोद्धुरशिखाः ।।

'उस सूर्य के अस्त हो जाने पर त्रिभुवन को विकासित और प्रकाशित करने का कार्य चन्द्रमा कर लेगा यह अनौचित्य अयोग्य नहीं है किन्तु अत्यन्त दुःखदायी बात यह है कि ये दीपक भी अन्धकार के नाश करने का गर्व लेकर अपनी शिखाओं (लौ) को उन्नत किये हुए हैं ।

[१३]

सूर्यादन्यत्र यच्चन्द्रेऽप्यर्थासंस्पर्शि[1] तत्कृतम् ।
खद्योत इति कीटस्य नाम तुष्टेन केनचित् ।।

'ख अर्थात् आकाश को जो द्योतित (प्रकाशित) करे वह खद्योत है । यह चन्द्र और सूर्य दोनों ही के लिये प्रयुक्त होता है किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि किसी पक्षपात पूर्ण व्यक्ति ने 'जुगनू' से सन्तुष्ट होकर उसका भी खद्योत यह नाम -जिसमें कि अर्थ की संगति नहीं बैठती—रख दिया है' ।

बहुधा लोग पक्षपात वश किसी अयोग्य को भी महान् योग्यता का पद दे देते हैं ।

---

१. अर्थसंस्पर्शि—*सुभा०* श्लोक ७७७ ।

[१४]

घनसंतमसमलीमसदशदिशि निशि यद्विराजसि तदन्यत् ।
कीटमणे दिनमधुना तरणिकरस्थगित[१]सितकिरणम् ।।

'हे जुगनू ! दसों दिशाओं में फैले हुए घने अन्धकार के कारण काली रात में जो तुम विराजमान रहते हो वह कुछ दूसरी बात है किन्तु जरा होश में आओ । अब दिन हो गया है । इसमें सूर्य की किरणों से चन्द्रमा की भी रश्मियाँ आभाहीन हो गई हैं तो तुम्हारी क्या बिसात है' ।

मनुष्य को अपनी शक्ति और योग्यता के अनुसार ही देश-काल का ध्यान रखते हुए काम करना चाहिए ।

[१५]

सत्त्वान्तःस्फुरिताय वा कृतगुणाध्यारोपतुच्छाय वा
तस्मै कातरमोहनाय महसो लेशाय मा स्वस्ति भूत् ।
यच्छायाच्छुरणारुणेन खचिता खद्योतनाम्नामुना
कीटेनाहितयापि जङ्गममणिभ्रान्त्या विडम्बयामहे ।।

'संसार में ऐसे भी अवसर आते हैं जब हम किसी के थोड़े से भी चमत्कार अथवा नकली रूप से प्रभावित होकर उस वस्तु या व्यक्ति को महान् मान बैठते हैं । जब कि होता यह है कि किसी तुच्छ व्यक्ति की वह चमक-दमक सबके हृदय में प्रकाशमान परमात्म चैतन्य की हलकी सी झलक होती है । जुगनू में यह वह सामान्य सी झलक ही है जिससे हम उसे उड़ता-फिरता रत्न समझने की भूल कर बैठते हैं' ।

भल्लट कवि का कथन है कि ऐसे तेज के लेश का प्रसार श्रेयस्कर नहीं है जिससे सामान्य जन ठगे जायँ ।

---

१. तरणिकरान्तरित—*सुभा०* श्लोक ७७८ और *शा०* प० श्लोक ८८९ ।

[१६]

दन्तान्तकुन्तमुखसंततपातघात-
सन्ताडितोन्नतगिरिर्गज एव वेत्ति ।
पञ्चास्यपाणिपविपञ्जरपातपीडां
न क्रोष्टुकः श्वशिशुहुङ्कृतिनष्टचेष्टः ॥

'अपने पैने दाँत रूपी भाले के अग्रभाग से ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों पर लगातार आघात करने वाला हाथी ही सिंह के हाथ रूपी वज्र प्रहार की पीड़ा को समझ सकता है। कुत्ते के बच्चे की भी भूँक से सहम जाने वाला सियार उसे क्या जानेगा' ?

बड़ों की बात बड़े ही समझ सकते हैं।

[१७]

अत्युन्नतिव्यसनिनः शिरसोऽधुनैष
स्वस्यैव चातकशिशुः प्रणयं विधत्ताम् ।
अस्यैतदिच्छति यदि[1] प्रततासु दिक्षु
ताः स्वच्छशीतमधुराः क्व नु नाम नापः ॥

'चातक-शिशु को अत्यधिक उन्नति के व्यसनी अपने शिर से ही प्यार करना सीखने दो, क्योंकि यदि वह इसे सीख जाएगा तो उसे इस विशाल विश्व में ठंडा, मीठा और साफ पानी कहाँ नहीं मिलेगा'।

पपीहे के लिए प्रसिद्ध है कि वह स्वाती का ही जल पीता है जिसकी आशा में वह ऊँचा शिर किए मेघों की ओर देखता रहता है। फलस्वरूप उसे स्वाती का जल मिल कर ही रहता है। इसी प्रकार अपने जाति-वंश आदि की मर्यादा की रक्षा के लिए मर-मिटने का दृढ़ सङ्कल्प रखने वाले को तदनुसार सफलता मिल कर ही रहती है।

---

१. नहि--*सुभा०* श्लोक ६७७।

२

[१८]

सोऽपूर्वो रसनाविपर्ययविधिस्तत्कर्णयोश्चापलं

दृष्टिः सा मदविस्मृतस्वपरदिक् किं भूयसोक्तेन वा।

पूर्वं निश्चितवानसि[1] भ्रमर हे यद्वारणोऽद्याप्यसा-

वन्तःशून्यकरो निषेव्यत इति भ्रातः क एष ग्रहः॥

श्लेषार्थ के साथ इस श्लोक में अप्रस्तुत प्रशंसा की गई है। हाथी और भ्रमर इन अप्रस्तुतों के माध्यम से सेवक को उस स्वामी की नौकरी छोड़ देने को कहा गया है जो झूठ बोलने वाला, कान का कच्चा, घमण्डी, बात-बात में 'नौकरी से निकाल दूँगा' यह कहने वाला तथा पैसे से भी दिवालिया है।

हाथी के "रसना-विपर्यय" के विषय में महाभारत "अनुशासन पर्व" अध्याय पचासी का यह आख्यान जान लेना आवश्यक है कि एक समय तारकासुर के अत्याचार से देवता लोग अत्यन्त त्रस्त और पीड़ित होकर ब्रह्माजी के पास गये। तब उन्होंने उन लोगों को आश्वस्त किया कि घबड़ाओ नहीं, अग्नि के द्वारा कार्त्तिकेय की उत्पत्ति होगी, जो तारकासुर का वध कर तुम्हारा दुःख दूर करेंगे। अग्निदेव कहीं छिपे हुए थे। उनकी खोज में देवता लोग इधर-उधर लोगों से पूछ-ताछ करने लगे। इस प्रसङ्ग में उन्होंने एक हाथी से भी पूछा। उसने बता दिया कि अग्निदेव पीपल के पेड़ में छिपे बैठे हैं। अग्निदेव इस पर बहुत क्रुद्ध हुए और हाथी मात्र को श्राप दिया कि तुम्हारी जीभ सामान्य जीवों से उलटी लगी हुई होगी—

मनुष्य के पक्ष में जीभ या जबान का पलटना—बात कह कर बदल जाना है। हाथी के कानों की चंचलता उन्हें हिलाते रहना, मद से जवानी में कनपटी से बहने वाला रस, और वारण उसका नाम है- जिसका अर्थ है रोकना। अन्तःशून्य कर से तात्पर्य हाथी की पोली सूँड़ और पैसे से शून्य मालिक से है।

'हे भ्रमर, वह अद्भुत उलटी जबान (जीभ), कानों की चञ्चलता अर्थात् हरदम फट-फट करते रहना, मतवाला अर्थात् मदस्रावी होने से अपना पराया मार्ग भूल जाना मनुष्य के लिए विवेक शून्य हो जाना, वारण अर्थात् बारम्बार रोकना, (कल से मत आना) और भीतर से शून्यता यह सब तुम एक दम भूल बैठे या यह सब ठीक से जान कर भी जो तुम इस वारण (दुष्ट स्वामी) की सेवा कर रहे हो यह तुम्हारा कैसा दुराग्रह है'।

---

१. सर्वं विस्मृतवानसि- *सुभा०* श्लोक ७५१।

[१९]

तद् वैदग्ध्यं समुदितपयस्तोयतत्त्वं विवेक्तुं
संल्लापास्ते[1] स च मृदुपदन्यासहृद्यो विलासः ।
आस्तां तावद्बक यदि तथा वेत्सि किञ्चिच्छ्लथांसं[2]
तूष्णीमेवासितुमपि[3] सखे त्वं कथं मे न हंसः ।।

'मिले हुए दूध और पानी को अलग-अलग कर देने की वह चतुराई, वह मधुर और वह मनोहर पदविन्यास (चाल, गति) यह सब तो दूर रहे अर्थात् तुम में न भी हो तो भी, यदि तुम कन्धे को कुछ झुका कर या ढीला कर चुपचाप बैठना भी जान सको तो तुम मेरे लिए हंस क्यों न बन सकोगे अर्थात् इतने ही से मैं तुम्हें हंस मान लूँगा'।

बहुधा हम सब अपने व्यवहार में यह कहते सुने जाते हैं कि अरे भाई, तुम और कुछ मत करो, खाली झूठ बोलना ही छोड़ दो या अमुक दुर्गुण छोड़ दो तो तुम हीरा बन जाओ या मेरे प्रिय हो जाओ—इत्यादि। इसी ढंग का यह श्लोक है। मात्र एक अच्छाई भी प्रियता का कारण हुआ करती है।

[२०]

पथि निपतितां शून्ये दृष्ट्वा निरावरणाननां
नवदधिघटीं गर्वोन्नद्धः समुद्धतकन्धरः ।
निजसमुचितास्तास्ताश्चेष्टा विकारशताकुलो
यदि न कुरुते काणः काकः कदा नु करिष्यति ।।

क्षुद्र व्यक्ति बहुत थोड़े ही उत्कर्ष से इतराने लगते हैं—

क्षुद्र नदी भरि चलि इतराई ।
जनु थोरे धन खल बौराई ।।—तुलसीदास

इसी आशय को एक कौवे के दृष्टान्त से कहा गया है।

'सूने रास्ते में बिना ढक्कन के खुली हुई, रक्खी हुई नई दही की हाँड़ी को देख कर यदि काना कौआ घमण्ड में भर कर कंधों को ऊँचा कर अपने ढंग की तरह-तरह की कुचेष्टाएँ नहीं करने लगता तो फिर भला कब करेगा'?

---

१. अ'लापा०– सुभा० श्लोक ७६२।
२. श्लथाशम्।
३. अयि।

[२१]

नृत्यन्तः शिखिनो मनोहरममी श्राव्यं[1] पठन्तः शुकाः
वीक्ष्यन्ते न त एष[2] सम्प्रति रुषा वार्यन्त एवाधुना[3] ।
पान्थस्त्रीगृहमिष्टलाभकथनाल्लब्धान्वयेनामुना
सम्प्रत्येत्य निरर्गलं[4] बलिभुजा मायाविना भुज्यते ।।

'समय की गति कैसी विचित्र होती है कि नाचते हुए मयूरों और मनोहर बोल बोलते हुए तोतों की ओर देख कोई भी नहीं रहा है बल्कि क्रोध वश उनको बोलने और नाचने से रोका जा रहा है और दूसरी ओर पथिक की स्त्री कौआ के बोलने को प्रियतम के आने का शकुन समझ कर उस मायावी को स्वच्छन्द रूप से खाना खिला रही है।

[२२]

करभ, रभसात्क्रोष्टुं वाञ्छस्यहो श्रवणज्वरः
शरणमथवानृज्वी दीर्घा तवैव शिरोधरा ।
बहुगल[5]बिलावृत्तिश्रान्तोच्चरिष्यति वाङ्मुखा-
दियति समये को जानीते भविष्यति कस्य किम् ।।

'हे ऊँट ! तुम जो बड़े जोर से बलबलाना या बोलना चाहते हो तो वह तो कानों के लिए बड़ा ही दुखदाई होगा अथवा तुम्हारी टेढ़ी-मेढ़ी लम्बी गरदन ही इस दुख को सहन कराने में सहायक होगी, क्योंकि गले के लम्बे छेद से बाहर आते-आते तुम्हारी वाणी थक कर देर से निकलेगी और इतनी देर में तो कौन जानता है किसका क्या होगा' ?

हम न रहें या तुम न रहो अथवा कोई ऐसी आकस्मिक घटना हो कि बोल ही बन्द हो जाय – इस तरह इस संसार में किस क्षण क्या हो जायगा कोई नहीं जानता –"क्षणादूर्ध्वं न जानेऽहं विधाता किं विधास्यति" ।

---

१. श्रव्यम्—सुभा० श्लोक ७७१ ।
२. एव ।
३. एवाथवा ।
४. सम्प्रत्येतदनर्गलम् ।
५. पृथुगल—सुभा० श्लोक ६६६ ।

[२३]

अन्तश्छिद्राणि भूयांसि कण्टका बहवो बहिः ।
कथं कमलनालस्य मा भूवन् भङ्गुरा गुणाः ।।

'कमल के नाल में भीतर बहुत से छिद्र और बाहर काँटे होते हैं इतने पर भी उसके गुण अर्थात् भीतरी रेशे, तन्तु विनाशशील क्यों न होंगे' ?

किसी भी मनुष्य में यदि भीतर स्वाभाविक दोष हैं और बाहर कुसङ्गति रूप काँटे हैं तो अवश्य ही उसके थोड़े बहुत भी गुण नष्ट हो ही जायेंगे ।

कुवलयानन्द में यह अप्रस्तुतप्रशंसा का उदाहरण है ।

[२४]

किं दीर्घदीर्घेषु गुणेषु पद्म सितेष्ववच्छादनकारणं ते ।
अस्त्येव तान्पश्यति चेदनार्या त्रस्तेव लक्ष्मीर्न पदं विधत्ते ।।

कमल नाल में बड़े लम्बे-लम्बे रेशे, तन्तु होते हैं जिन्हें संस्कृत में गुण कहते हैं और अच्छी बातों का भी नाम गुण है । दोनों ही अर्थों को एक साथ ध्यान में रखते हुए कवि कमल को सम्बोधित कर कहता है—

'हे कमल के फूल, क्या कारण है कि तुम अपने लम्बे-लम्बे रेशों (गुणों) को ढाँके हुए रहते हो ? कमल उत्तर देता है—

कारण है । और वह यह कि अनार्या लक्ष्मी यदि मेरे गुणों के विषय में जान जायेगी, तो वह मेरे पास नहीं आवेगी कि कहीं गुण (रस्सी या डोर) में बाँध न ली जाऊँ' ।

गुणी लोगों के पास लक्ष्मी नहीं जाती । गुणी पुरुष प्रायः निर्धन ही देखे जाते हैं इस बात को प्रश्नोत्तर रूप में कितने सुन्दर ढंग से कहा गया है ।

[२५]

न पङ्कादुद्भूतिर्न जडसहवासव्यसनिता
वपुर्दृश्यं कान्त्या स्थलकमल रक्तद्युतिमुषा[1] ।
व्यधास्यद्दुर्वेधा हृदयलघिमानं यदि न ते
त्वमेवैकं लक्ष्म्याः परममभविष्यः पदमिह ।।

'हे स्थलकमल (गुलाब के फूल), कमल की तरह न तो तुम कीचड़ से पैदा होते हो न तुमको जड़ पदार्थ जल के साथ रहने का शौक है और साथ ही लाल-लाल चमक से तुम्हारा शरीर भी दर्शनीय है किन्तु दुष्ट विधाता ने यदि तुम्हारा हृदय छोटा न बनाया होता तो अवश्य ही तुम्हीं अकेले लक्ष्मी के परम कृपा-पात्र होते। लक्ष्मी अपने आवास या आसन के लिए तुम्हीं को चुनती'।

कमल का मध्यभाग बहुत वड़ा होता है और गुलाब का सङ्कीर्ण। हृदय का उदार मनुष्य महान् वनता है।

[२६]

उच्चैरुच्चरतु चिरं झिल्ली[2] वर्त्मनि तरुं समारुह्य ।
दिग्व्यापिनि शब्दगुणे शङ्खः संभावनाभूमिः ।।

'झिल्ली रास्ते में पेड़ पर चढ़ कर जोर से कितनी भी देर तक क्यों न चिल्लाये, पर दिशाओं के कोने-कोने में जिसका शब्द गूंज उठता है ऐसे शङ्ख का ही आदर किया जाता है। मन्दिर आदि में शङ्ख पूजनीय रूप से रक्खा जाता है'।

ऊँचे चढ़ कर चिल्लाने अथवा ढिंढोरा पीटने से मनुष्य का आदर नहीं होता। आदर प्राप्त करने के लिए मनुष्य में गुण होना चाहिए।

---

१. वपुर्विदग्धं कान्त्या स्थलनलिनरत्नद्युतिमुषा—*सुभा०* श्लोक ९ २।
२. चीरी—*सुभा०* श्लोक ९१२। यह तथा २५वां श्लोक भागवत जयवर्धन के नाम से उद्धृत हुआ है।

[२७]

शङ्खोऽस्थिशेषः स्फुटितो मृतो वा
प्रोच्छ्वास्यतेऽन्यश्वसितेन[1] सत्यम् ।
किन्तूच्चरत्येव न सोऽस्य शब्दः
श्राव्यो[2] न यो यो न सदर्थशंसी[3] ।।

'यह सच है कि शङ्ख जीव विशेष की हड्डी मात्र है, छिद्र आदि करने से टूटा हुआ भी है और निर्जीव है तथा दूसरे की साँस से फूंक लगाने पर ही शब्द करता है परन्तु यह ध्यान देने की बात है कि वह ऐसा शब्द नहीं करता जो सबको न सुनाई दे और शुभ अर्थ मङ्गल का सूचक न हो' ।

शङ्ख-ध्वनि गंभीर और माङ्गलिक होती है ।

ऊँच-नीच सबके हित की सैद्धान्तिक आवाज उठाना और शुभाशंसी होना मनुष्य के समादर का कारण होता है ।

[२८]

यथापल्लवपुष्पास्ते[4] यथापुष्पफलर्द्धयः ।
यथाफलर्द्धिस्वारोहा हा मातः क्वागमन्द्रुमाः ।।

'जैसे सुघर पत्ते निकले वैसे ही सुघर फूल खिले पुनः फूलों के समान ही सुन्दर और अधिक फल लगे, फलों के अनुसार ही डालियां झुक कर सब के पहुँचने योग्य बन गईं—हाय माँ, बताओ तो सही, ऐसे वृक्ष कहाँ चले गये' ?

कवि को खेद है कि जिनका सब कुछ सुन्दर और प्रशंसनीय होता था, वैसे पुरुष-रत्न अब क्यों नहीं पैदा होते ?

---

१. यदुच्छ्वासितेनोच्छ्वसतं नु—*सुभा०* श्लोक ९१३ ।

२. श्रव्यो ।

३. सदर्थ० ।

४. यथापल्लवपुष्पाढ्या—*सुभा०* श्लोक ७८५ ।

[२९]

साध्वेव तद्विधावस्य वेधा क्लिष्टो न यद् व्यधात्[1] ।
स्वरूपाननुरूपेण चन्दनस्य फलेन किम् ॥

'सृष्टि के क्लेश में पड़े हुए विधाता ने जो चन्दन के वृक्ष में फल नहीं लगाया, यह अच्छा ही किया । चन्दन की सुगन्ध और शीतलता आदि के अनुकूल यदि फल न लग पाता तो उस फल से लाभ भी क्या था' ?

महान् मनुष्य कोई कार्य एक दम न करे वह अच्छा, पर करे तो अपने सुयश के अनुकूल उसे बृहत् रूप में अच्छे ढंग से करे ।

[३०]

फलितघनविटपविघटितपटुदिनकरमहसि लसति कल्पतरौ ।
छायार्थी कः पशुरपि भवति जरद् वीरुधां प्रणयी ॥

'फलों से युक्त घनी-घनी शाखाओं से सूर्य के तीक्ष्ण ताप को दूर कर देने वाले कल्पवृक्ष के होते हुए, छाया चाहने वाला क्या कोई पशु भी सूखे पुराने पेड़ों के नीचे जाना चाहेगा ? अर्थात् नहीं' ।

धनी मानी उदार दाता को पाकर अन्यत्र याचना करने जाना मूर्खता है ।

---

१. यन्मुधा—*सुभा०* श्लोक ७८६ ।

[३१]

ग्रथित एव मिथः कृतशृङ्खलै[1]—
विषधरैरधिरुह्य महाजडः।
मलयजः सुमनोभिरनावृतो[2]
यदत एव फलेन वियुज्यते[3] ॥

चन्दन के वृक्ष में फल न लगने का कारण बताते हुए कवि का कथन है—

'अत्यन्त जड़ प्रकृति का यह चन्दन वृक्ष सदा ही विषैले और एक दूसरे से लिपटे हुए साँपों से गुँथा सा रहता है और इस प्रकार इस में फूल नहीं आते और फल नहीं लगता'।

सुमन शब्द से पुष्प और सुजन दोनों से तात्पर्य है। जो मनुष्य सदा विषधर साँपों जैसे दुष्टों की संगति में रहेगा, सुन्दर खिले फूल के समान सज्जनों की संगति नहीं करेगा, उसे सुयश-सम्पत्ति रूप फल कैसे मिलेगा?

[३२]

चन्दने विषधरान् सहामहे
वस्तु सुन्दरमगुप्तिमत्कुतः।
रक्षितुं वद किमात्मगौरवं[4]
सञ्चिताः खदिर कण्टकास्त्वया ॥

'चन्दन के वृक्ष में विषधर साँपों का लिपटा रहना तो समझ में आ जाता है कि जो वस्तु सुन्दर है उसकी रक्षा होनी ही चाहिए किन्तु मैं खैर के वृक्ष से पूछना चाहता हूँ कि क्या तुमने मात्र अपने माने हुए गौरव की रक्षा के लिए स्वयं में काँटे लगा रक्खे हैं'?

किसी गुणी का ठाठ-बाठ अथवा आत्मरक्षार्थ सेना आदि का संरक्षण समुचित है किन्तु कोई गुण न होते आडम्बर करना अनुचित और मूर्खता है।

---

१. ग्रथित एष मिथः कृतशृङ्खलो—*सुभा०* श्लोक ७६६।

२. ०श्रितो।

३. न युज्यते।

४. सौष्ठवम्—*सुभा०* श्लोक ७६८।

[३३]

यत्किञ्चनानुचितमप्युचितानुबन्धि
किं चन्दनस्य न कृतं कुसुमं फलं वा ।
लज्जामहे भृशमुपक्रममेव यान्त[१]-
स्तस्यान्तिकं परिगृहीतबृहत्कुठाराः[२] ॥

'थोड़ा बहुत अनुचित कार्य भी उचित कहा जा सकता है जैसे विधाता ने चन्दन में शीतलता और सुगन्ध तो पैदा की किन्तु उसे फूल और फल नहीं दिये। किन्तु, लज्जा इस बात पर लगती है कि लोग चन्दन जैसे वृक्ष को काट डालने के लिए कुल्हाड़ी ले कर उसके समीप जाते हैं'।

शासन आदि में किसी सुधार के लिये आवाज उठाना तो उचित है किन्तु उसे नष्ट कर देने के लिए कमर कसना कहाँ तक उचित है?

[३४]

लब्धं चिरादमृतवत्किममृत्यवे स्या-
द्दीर्घं रसायनवदायुरुत प्रदद्यात् ।
एतत्फलं यदयमध्वगशापदग्धः
स्तब्धः खलः[३] फलति वर्षशतेन तालः ॥

ताड़ के पेड़ से किसी भी बटोही को छाया नहीं मिलती और उसमें फल बहुत ज्यादा दिनों के बाद लगते हैं। इन दोनों की ओर सङ्केत करते हुए कवि कहता है—

'ताड़ के पेड़ में बहुत वर्षों के बाद फल आने पर क्या वह फल अमृत तुल्य अमरता प्रदान करने वाला होगा अथवा पुराने रसायन की भाँति आयु बढ़ाने वाला होगा जिससे पथिकों से अभिशप्त यह महा अभिमानी दुष्ट ताड़ सौ वर्ष में फलता है'।

किसी कार्य में व्यर्थ ही बहुत विलम्ब नहीं करना चाहिए।

---

१. भृशमुपक्रम एव यातु०—*सुभा०* श्लोक ८००।

२. कुठारः।

३. फलं—*सुभा०* श्लोक ८०५।

[३५]

अन्तः कर्कशता बहिश्च घटना मर्माविधैः कण्टकै-
श्छायामण्डलसंस्पृशां तनुभृतामुद्वेजिनी संस्थितिः ।
तन्नामास्तु विधेरिदं विलसितं बर्बूरशाखिन् सखे,
शाखा ते फलशाखिनामपि वृतिः सम्पत्स्यते भूरुहाम् ।।

'हे मित्र बबूल के वृक्ष, तुम्हारे भीतर बड़ी कठोरता है (बबूल की लकड़ी बहुत मजबूत और सख्त होती है) और बाहर मर्म स्थलों को बींध देने वाले कांटे ही कांटे। पुनश्च, तुम्हारी छाया में बैठने वाला मनुष्य या कोई भी जीव घबड़ाया-धबड़ाया सा रहता है कि कहीं असावधानी में कोई कांटा न गड़ जाय। अस्तु, इन सबकी बात तो जाने दो। यह सब ब्रह्मा जी की करनी है, उनमें तुम्हारा क्या दोष किन्तु तुम्हारी शाखाएँ फैल कर फलदार पेड़ों की भी बाढ़ रोकती हैं यह बुरा है।'

विधाता द्वारा की गई विवशता को छोड़ मनुष्य को स्वयं किसी की हानि नहीं करनी चाहिए।

[३६]

एष श्रीमानविरलगुणग्रामणीर्नारिकेल-
श्छाया यस्य प्रभवति चिरं धर्मशान्त्यै प्रजानाम् ।
तेनाम्भोभिः कतिचन जना वासरांस्तर्पयध्वं
दास्यत्येतच्छतगुणमयं वारि मूर्ध्ना दधानः ।।

'बहुत से गुणों वाला यह सुन्दर नारियल का वृक्ष है जिसकी छाया में लोगों को सूर्य के सन्ताप से अच्छी शान्ति मिल जाती है। अतः हे मनुष्यों, इसे कुछ दिन तक जल से सींचते रहो। अनन्तर यह तुम्हारे जल को शिरोधार्य करते हुए सौ गुना अधिक जल तुम को देगा'।

"न हि कृतमुपकारं साधवो विस्मरन्ति"। सत्पुरुष किसी के थोड़े से भी उपकार को कभी भी नहीं भूलते और अवसर आने पर सौ गुना लाभ कराते हैं। नारियल का वृक्ष इस का उत्तम दृष्टान्त है।

[३७]

छिन्नस्तप्तसुहृत् स चन्दनतरुर्यस्मै[1] पलाय्यागता
भोगाभ्याससुखासिकाः प्रतिदिनं ता विस्मृतास्तत्र वः ।
दंष्ट्राकोटिविषोल्कया प्रतिकृतं तस्य प्रहर्तुर्न चे-
त्किं तेनैव सह स्वयं न दलशो[2] याताः स्थ भो भोगिनः ॥

'हे सर्पो, तुम्हारे सन्तप्त शरीर को सुख देने वाला तुम्हारा वह मित्र चन्दन का वृक्ष काट डाला गया जहाँ तुम प्रति दिन इधर-उधर से भाग कर आते और सुख से बैठ जाया करते थे। मालूम पड़ता है तुम वहाँ सुख के साथ बैठने की बात एक दम भूल सी गये हो। यदि तुम उस चन्दन वृक्ष के ऊपर कुठार लेकर प्रहार करने वालों का अपने जहरीले दाँतों के विष से प्रतीकार नहीं कर सके तो क्यों नहीं तुम सब भी उनके साथ टोली बाँधकर चले गये। तुम्हारे जैसे कृतघ्नों को अब इन चन्दन वृक्षों के पास रहने का कोई अधिकार नहीं है'।

किसी के उपकारों को भूल जाना सबसे बड़ी कृतघ्नता है।

---

१. यूयं—*सुभा०* श्लोक ८१५।

२. निधनं।

[३८]

सन्तोषः किमशक्तता किमथवा तस्मिन्नसंभावना
लोभो वायमुतानवस्थितिरियं[1] प्रद्वेष एवाथवा ।
आस्तां खल्वनुरूपया सफलया पुष्पश्रिया दुर्विधे
संबन्धोऽननुरूपयापि न कृतः किं चन्दनस्य त्वया ।।

जिसका सर्वाङ्ग सुगन्धित है ऐसे उत्तम चन्दन के वृक्ष में फूल-फल कुछ भी न लगता देखकर सहृदय कवि का मन सदय हो उठा है और वह विधाता से प्रश्न करता है—

'हे दुर्दैव, चन्दन के वृक्ष को सुगन्धित बना कर ही क्या तुमको सन्तोष हो गया अथवा तुम असमर्थ हो गये या उसके प्रति तुम्हारा कोई अनादर का भाव जग गया, अथवा तुमको कुछ लोभ हो आया कि इससे अधिक क्यों व्यर्थ दान करें, अथवा यह तुम्हारे विभाग की अव्यवस्था मानी जाय अथवा उसके साथ सीधा-सीधा तुम्हारा द्वेष ही मान लिया जाय कि तुमने उसके योग्य फल-फूल से तो उसे वञ्चित ही रक्खा, उसकी उत्तम सुगन्ध के अयोग्य भी फल-फूल उसे नहीं दिये'।

किसी व्यक्ति को सब बातों से सौभाग्यशाली पाकर भी किसी एक आवश्यक वस्तु से रहित देख कर सत्पुरुषों और सहृदयों को दुःख होना स्वाभाविक होता है । अथवा संसार में सर्वाङ्ग परिपूर्ण कोई नहीं है ।

---

१. शोभैवाथ च काननस्थितिरियम्—*सुभा०* श्लोक ८११ ।

[३६]

किं जातोऽसि चतुष्पथे घनतरंच्छायोऽसि[1] किं छायया
युक्तश्चेत्फलितोऽसि किं फलभरैराढ्योऽपि[2] किं संनतः ।
हे सद्वृक्ष, स स्व सम्प्रति सखे शाखाशिखाकर्षण-
क्षोभामोटनभञ्जनानि जनतः स्वैरेव दुश्चेष्टितैः ।।

सद्गुणों से सम्पन्न और स्वभाव से ही सरल किसी व्यक्ति को अनायास सताया जाता देखकर सहृदय को खीझ होना स्वाभाविक है। उसी के फलस्वरूप वृक्ष को उद्देश्य कर कवि कहता है—

'हे भले वृक्ष, तुम किसी एकान्त स्थान में न उत्पन्न हो कर चौराहे पर क्यों उगे ? उगे ही थे तो घनी छाया वाले क्यों हुए ? छायादार भी बने तो फले-फूले क्यों ? और फले भी तो इतने अधिक क्यों फले कि फल-भार से डालियाँ नीचे झुक आईं ? अतः हे मित्र, अब तुम, लोगों से शाखाओं का खींचा जाना, मरोड़ा जाना और तोड़ा जाना आदि दुःख सहन करो क्योंकि यह सब तुम्हारी ही दुश्चेष्टाओं का तो फल है । दूसरा कौन सहेगा' ?

---

१. यज्जातोऽसि चतुष्पथे घनलसच्छायोऽसि –सुभा० श्लोक ८१३;
किं जातोऽसि चतुष्पथे घनतरं छन्नोऽसि—शा० प० श्लोक ६७१ ।

२. संयुक्तः फलितोऽसि किं यदि फलैः पूर्णोऽसि—सुभा०; छन्नश्चेत्फलितोऽसि०— शा० प० ।

उक्त पाठान्तर के साथ यह सुभा० और शा० प० में भदन्तज्ञानवर्मा के नाम से उद्धृत है ।

[४०]

सन्मूलः प्रथितोन्नतिर्घनलसच्छायः स्थितः सत्पथे
सेव्यः सद्भिरितीदमाकलयता तालोऽध्वगेनाश्रितः ।
पुंसः शक्तिरियत्यसौ सफलता[1] त्वद्याथवा श्वोऽथवा
काले क्वाप्यथवा कदाचिदथवा न त्वेव[2], वेधाः प्रभुः ।।

पुरुष को चाहिए कि फल की आशा छोड़ कर भले आदमी की संगति अथवा सेवा करे । फल मिलना तो दैवाधीन है। पुरुष की शक्ति में इतना ही है कि वह देख ले कि जिसका आश्रय वह लेना चाहता है वह संस्था या सत्पुरुष नामी, उन्नतिशील, बहुतों को आश्रय देने में समर्थ, सत्पथ पर आरूढ़ और सज्जनों से सुसेवित है। उसके द्वारा उसे अधिक सफलता मिले या न मिले यह विधाता के अधीन है। इसी बात को ताड़ के वृक्ष के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए भल्लट कवि कहते हैं—

'किसी पथिक ने ताड़ के पेड़ के नीचे फल खाने की इच्छा से नहीं—क्योंकि उसमें तो बहुत ही दिन बाद फल लगते हैं—बल्कि यह देखकर कि उसकी जड़ मजबूत है (आँधी-पानी से गिरेगा नहीं), ऊँचा भी खूब है, छाया भी अच्छी है और अच्छे रास्ते पर लगा है तथा अच्छे लोग वहाँ ठहरते भी आये हैं—अपना पड़ाव डाला। पुरुष का पौरुष इतना विचार कर लेने भर का ही है। सफलता आज मिले अथवा कल, अथवा किसी भी समय मिले, अथवा संशय में ही पड़ी रह जाय या फिर एक दम न मिले। इस विषय में "वेधाः प्रभुः" विधाता ही प्रभु हैं।'

---

१. स तु फलेद्द्या०—*सुभा०* श्लोक ८१२।

२. नेत्यत्र।

[४१]

त्वन्मूले पुरुषायुषं गतमिदं गात्रेण संशुष्यता[1]
क्षोदीयांसमपि क्षणं परमतः शक्तिः कुतः प्राणितुम् ।
तत्स्वस्त्यस्तु विवृद्धिमेहि महतोमद्यापि का नस्त्वरा
कल्याणैः फलितासि तालविटपिन् पुत्रेषु पौत्रेषु वा ।।

ताड़ के पेड़ में संभवतः सौ वर्ष बाद फल लगता है । पेड़ लगाने वाला फल की आशा करते-करते मरने को आ गया पर फल नहीं दिखाई पड़ा -- इसी तरह किसी की सेवा-टहल में किसी ने पूरी जिन्दगी कठिनाई के साथ विता दी पर स्वामी ने उसे कोई उचित पुरस्कार या द्रव्यराशि नहीं दी जिससे कातर हो कर वह अपने उद्गार प्रकट करते हुए कहता है—सरकार, तुम्हारी खूब बढ़ती हो, हमारी तो जिन्दगी बीत गई कुछ न मिला, संभव है मेरे नाती पोतों का ही आपके द्वारा कुछ लाभ हो । श्लोक वड़ा मार्मिक है । शब्दावली ताड़ वृक्ष की है, भाव सामाजिक—

'हे ताड़ के विटप, तुम्हारी जड़ों के पास मेरे सूखते शरीर के सौ साल बीत चले जो कि व्यक्ति की पूर्णायु मानी गई है । इसके बाद तो अब मुझमें एक क्षण भी और जी सकने की शक्ति शेष नहीं है । अव तो तुम्हारे लिए मेरी मंगल कामना है कि तुम्हारी खूब बढ़ती हो । मुझे अब कोई जल्दी नहीं है । तुम मेरे पुत्रों और पौत्रों को शुभ फल देना' ।

---

१. कालेन संशुष्यताम्—*सुभा०* श्लोक ८१६ ।

[४२]

पश्यामः किमयं प्रपद्यत[1] इति स्वल्पाभ्रसिद्धिक्रियै-
र्दर्पाद्दूरमुपेक्षितेन बलवत्कर्मेरितैर्मन्त्रिभिः ।
लब्धात्मप्रसरेण रक्षितुमथाशक्तेन[2] मुक्त्वाशनिं
स्फीतस्तादृगहो[3] घनेन रिपुणा दग्धो गिरिग्रामकः ।।

'कुछ अधूरे तान्त्रिकों ने उत्सुकता अथवा कुतूहलवश– कि देखें क्या होता है तन्त्र-मन्त्रों द्वारा वर्षा कराने का प्रयोग– अनुष्ठान प्रारम्भ तो किया किन्तु किसी अन्य बड़े कार्य से प्रेरित होकर उस अनुष्ठान की उपेक्षा कर दी । उधर उस प्रारब्ध अनुष्ठान से मेघों का ऐसा दल उमड़ा जो इन लोगों से रोका न जा सका जिस का फल यह हुआ कि कुपित मेघों ने अन्त में वज्र गिरा कर हरे-भरे लहलहाते हुए छोटे से पहाड़ी गाँव को ध्वस्त कर दिया' ।

किसी भी उद्देश्य से कोई आन्दोलन तभी प्रारम्भ करना चाहिए जब उसको रोकने की भी शक्ति अपने में हो और धीरज भी इतना हो कि बीच में ही उसे न छोड़ बैठे ।

---

१. विचेष्टत– *सुभा०* श्लोक ८४७

२. शक्येन ।

३. तावदहो ।

[४३]

साधूत्पातघनौघ साधु सुधियां ध्येयं धरायामिदं
कोऽन्यः कर्तुमलं तवैव घटते कर्मेदृशं दुष्करम्।
सर्वस्यौपयिकानि यानि कतिचित्क्षेत्राणि तत्राशनिः
सर्वानौपयिकेषु दग्धसिकतारण्येष्वपां वृष्टयः ।।

'हे उत्पाती मेघ, तुमने बहुत ही अच्छा किया। भूमण्डल पर के सभी भले आदमी तुम्हारी इस बात पर ध्यान देंगे, तुमको छोड़ दूसरा और कौन इतना दुष्कर कार्य करेगा कि समस्त जन साधारण के लिये उपयोगी कुछ क्षेत्रों में तो तुमने वज्रपात किया, पत्थर और ओले बरसाये किन्तु दग्धस्थली और मरुस्थल में जो किसी के लिए भी उपयोगी नहीं हैं तुमने घोर जल वृष्टि की'।

अविवेकियों के लिए कितना मीठा उलाहना है।

[४४]

लब्धायां तृषि गोमृगस्य विहगस्यान्यस्य वा कस्यचि-
द्वृष्ट्या स्याद्भवदीययोपकृतिरप्यास्तां दवीयस्यदः।
अस्यात्यन्तमहाजलस्य जलदारण्योषरस्यापि किं
जातं पश्य पुनः पुरेव परुषा सैवास्य दग्धा छविः

मेघों के लिए ही दूसरा उपालम्भ—

'हे जलद, तुम उन स्थलों पर वर्षा करते जहाँ गौ, मृग, पक्षी अथवा अन्य लोगों की प्यास बुझती और तुम्हारा उपकार माना जाता। किन्तु यह बात तो बहुत दूर रही। तुम समुद्र और ऊसर पर बरसे जहाँ जाकर देखो तो पता चले कि उनकी पूर्वावस्था में कोई अन्तर नहीं आया, वही भयानक और रूखी-सूखी छवि'।

[४५]

सन्त्यज्य पानाचमनोचितानि
तोयान्तराण्यस्य सिसेविषोस्त्वाम् ।
निर्जैनं जिह्रेषि जलैर्जनस्य
जघन्यकार्योपयिकैः पयोद ।।

'पीने और आचमन करने योग्य अन्य जलों को छोड़ कर जो केवल तुम्हारा जल पीने वाले सेवक हैं उनके लिये वृष्टि न कर खारेपन के कारण अपेय जल वाले समुद्र आदि पर वर्षा कर हे मेघ, तुमको अपने जल पर लज्जा नहीं आती' ?

[४६]

आस्त्रीशिशुप्रथितयैष पिपासितेभ्यः
संरक्ष्यतेऽम्बुधिरपेयतयैव दूरात् ।
दंष्ट्राकरालमकरालिकरालिताभिः
किं भाययत्य[1]परमूर्मिपरम्पराभिः ।।

'स्त्रियों से लेकर बच्चों तक यह बात प्रसिद्ध है कि समुद्र का जल अपेय है इस लिए प्यासे लोग स्वयं ही समुद्र से दूर रहते हैं किन्तु इतने पर भी न मालूम क्या समझ कर वह भयानक दाढ़ों वाले मगर-मच्छों से भयानक लगने वाली अपनी लहरों से लोगों को डरवाता रहता है' ।

दुष्ट किसी का उपकार भी नहीं करते और व्यर्थ में लोगों को आतङ्कित भी करते रहते हैं ।

---

१. भाययस्य०—*सुभा*० श्लोक ८६८ ।

[४७]

स्वमाहात्म्यश्लाघागुरुगहनगर्जाभिरभितः
क्रुशित्वा पुष्णासि[1] श्रुतिकुहरमब्धे किमिति नः ।
इहैकश्चूडालो ह्यजनि[2] कलशादस्य सकलैः
पिपासोरम्भोभिश्चुलकमपि नाहर्तुमशकः[3] ।।

अगस्त्य ऋषि ने एक चिल्लू में ही सारा समुद्र जल पी लिया था यह पौराणिक आख्यान है ।

'चारों ओर अपने महिमा की प्रशंसा में गौरवमयी गम्भीर गर्जना करते हुए हे समुद्र, तुम मेरे कानों के पर्दों को क्यों फाड़े डाल रहे हो ? तुम तो अपने समस्त जल से भी, घड़े से उत्पन्न उस एक प्यासे जटिल तपस्वी का, चिल्लू तक नहीं भर सके' ।

घमण्ड बुरी वस्तु है ।

[४८]

सर्वासां त्रिजगत्यपामियमसावाधारता तावकी
प्रोल्लासोऽयमथो[4] तवाम्बुनिलये केयं महासत्त्वता ।
सेवित्वा वहुभङ्गभीषणतनुं त्वामेव वेलाचल-
ग्रावस्रोतसि पाप-तापकलहो यत् क्वापि निर्वाप्यते ।।

किसी समुद्रतट के प्रेमी व्यक्ति की उक्ति है—

'अहो समुद्र, तुम तीनों लोकों के जल को अपने में धारण करने की अद्भुत शक्ति रखते हो, तुम्हारे भीतर कितना उल्लास है कि तुम अहर्निश गर्जन करते रहते हो और तुम्हारी जलराशि में कितना गाम्भीर्य है । अतः अनन्त लहरों से भीषण लगते हुए तुम्हारे शरीर की सेवा कर अर्थात् तुममें स्नान कर मैं तुम्हारे ही किनारे के पर्वत के पथरीले सोते के समीप बैठ कर पाप और संताप के कलह को शान्त कर रहा हूँ' ।

---

१. कुषित्वा क्लिश्नासि—*सुभा०* श्लोक ८७७ ।
२. अभ्यजनि ।
३. नो भर्त्तुमशकः ।
सुभा० में पूर्व उत्तर भाग का व्यत्यय (उलट-फेर) है ।
४. असौ—*सुभा०* श्लोक ८७९ ।

[४६]

नोद्वेगं यदि यासि यद्यवहितः कर्णं ददासि क्षणं
त्वां पृच्छामि यदम्बुधे किमपि तन्निश्चित्य देह्युत्तरम् ।
नैराश्यातिशया[1]तिमात्रमनिशं निःश्वस्य यद् दृश्यसे
तृष्यद्भिः पथिकैः कियत्तदधिकं स्यादौर्वदाहादतः ।।

'हे समुद्र, यदि तुम घवड़ा न जाओ और क्षण भर के लिए सावधान होकर मेरी वात सुन सको तो मैं तुमसे एक प्रश्न पूछ रहा हूँ जिसका तुम सोच समझ कर निश्चित उत्तर दो। प्रश्न है—

प्यासे-प्यासे पथिक निराशा भरे नयनों से तुन्हें देख कर जो गहरी गरम-गरम साँस अहर्निश छोड़ते हैं अर्थात् आहें भरते हैं उसका दाह तुम्हारे बडवानल के दाह से कितना अधिक है'।

निराश की आहों में अग्नि से अधिक ऊष्मा होती है।

[५०]

ग्रावाणो मणयो हरिर्जलचरो लक्ष्मीः पयोमानुषो[2]
मुक्तौघाः सिकताः[3] प्रवाललतिकाः शैवालमम्भः सुधा ।
तीरे कल्पमहीरुहाः किमपरं नाम्नापि[4] रत्नाकरो
दूरे कर्णरसायनं निकटतस्तृष्णापि नो शाम्यति ।।

'पर्वत, मणियाँ, श्रीविष्णु, नाना प्रकार के जलचर जीव, लक्ष्मी जी, क्षीरसागर, धन्वन्तरि वैद्य, मोतियों का ढेर, बालू, मूँगे की लताएँ, सेंवार, जल, अमृत, तटवर्ती कल्प वृक्ष इतनी चीजें तो तुम्हारे पास हैं और अत्यधिक क्या कहा जाय, तुम्हारा नाम ही रत्नाकर है परन्तु यह सब दूर से तो सुनने में कानों को बहुत अच्छा लगता है किन्तु पास आने पर तो तुम प्यास भी नहीं बुझा पाते'।

"नाम बड़ेरे, दर्शन थोड़े"

---

१. नैराश्यानुशया—*सुभा*० श्लोक ८८५ ।
२. मानुषो—*सुभा*० श्लोक ८६४ ।
३: मुक्तौघः सिकता ।
४. नामापि० ।
*सुभा*० में यह श्लोक किसी अज्ञात कवि के नाम से उद्धृत है ।

[५१]

भिद्यतेऽनुप्रविश्यान्तर्यो यथारुच्युपाधिना ।
विशुद्धिः कीदृशी तस्य जडस्य स्फटिकात्मनः ।।

अपनी पारदर्शिता और उज्ज्वलता के लिए स्फटिक की प्रसिद्धि है और उसे अत्यन्त पवित्र एवं शुद्ध माना जाता है। किन्तु, उसके समीप जिस किसी भी रंग का पदार्थ रखा जायेगा वैसा ही रंग स्फटिक का भी हो जायेगा। कवि का कथन है—

'जिसके भीतर प्रविष्ट होकर जो चाहे वही उसे अपने रंग में रंग ले तो ऐसे जड़ स्फटिक में शुद्धता कैसी' ?

मनुष्य का अपना कोई एक रूप, एक सिद्धान्त न हो तो वह मनुष्य जीवन या व्यवहार में शुद्ध कैसे रह सकता है? बात-बात में बदल जाना, दूसरों के प्रभाव में आ जाना पुरुषोत्तम के लिए शोभा नहीं देता।

[५२]

चिन्तामणे भुवि न केनचिदीश्वरेण
मूर्ध्ना धृतोऽहमिति मा स्म सखे[1] विषीदः ।
नास्त्येव हि त्वदधिरोहणपुण्यबीज[2]-
सौभाग्ययोग्यमिह कस्यचिदुत्तमाङ्गम् ।।

चिन्तामणि वह मणि है जो कल्पवृक्ष और कामधेनु की तरह मन-चाहा फल देने वाली है। उसे दृष्टि-पथ में लाकर कवि की उक्ति है—

'हे सखे चिन्तामणि, यदि किसी धनी मानी ने तुझे शिरोधार्य नहीं किया तो तू इसके लिए खेद मत कर। तुमको तो यह समझना चाहिए कि किसी का उत्तमाङ्ग अर्थात् शिर तुमको धारण कर सकने योग्य पुण्य और सौभाग्य से संयुक्त है ही नहीं'।

किसी विद्वान् या गुणी को उत्तम स्थान न पाकर ग्लानि नहीं करनी चाहिए। उसे अपने सत्पथ पर प्रवृत्त रहना चाहिए और सोचना चाहिए कि उस देश-काल में उसकी योग्यता का पारखी ही नहीं है।

---

१. धृतोऽसि यदि मा स्म ततो—*सुभा०* श्लोक ९०२ ।
२. त्वदधिरोपणपुण्यबीजं ।

[५३]

संवित्तिरस्त्यथ गुणः प्रतिभान्ति लोके
तद्धि प्रशस्यमिह कस्य किमुच्यतां वा।
नन्वेवमेव सुमणे लुठ यावदायु-
स्त्वं मे जगत्प्रहसनेऽत्र कथाशरीरम् ॥

मानदाताओं से अनादर पा कर कोई गुणी पुरुष किसी अयोग्य स्थान में पड़ी सुन्दर बहुमूल्य मणि से अपने को एकाकार कर कहता है—

'हे सुन्दरमणि, क्या तुमको यह ज्ञान है कि लोक में गुण प्रकाशमान् होकर ही रहते हैं। यह ज्ञान और अनुभव ही प्रशंसनीय है। कोई आदर या अनादर करता है तो यह व्यक्ति की अपनी योग्यता अयोग्यता है। इसके विषय में किसी को क्या कहा-सुना जाय, अतः हे सुमणि, तुम इसी प्रकार प्रकाशमान् रहते हुए जीवन पर्यन्त इस प्रहसनात्मक जगत् में स्थिर रहो और अन्त में "कथा शेष" हो जाओ। मरने पर लोगों की कहानी ही तो रह जाती है'।

इस श्लोक से कवि का आत्मवृत्त ज्ञात होता है। उसके अन्तर्द्वन्द्व की इसमें अभिव्यक्ति हुई है।

इस प्रसङ्ग में भारवि का श्लोक (११।३४) स्मरणीय है—

श्वस्त्वया सुखसंवित्तिः स्मरणीयाधुनातनी।
इति स्वप्नोपमान् मत्वा कामान् मा गास्तदङ्गताम् ॥

[५४]

चिन्तामणेस्तृणमणेश्च कृतं विधात्रा
केनोभयोरपि मणित्वमदः समानम्।
नैकोऽर्थितानि ददर्दाथिजनाय्न खिन्नो
गृह्णन्जरत्तृणलवं तु न लज्जतेऽन्यः ॥

चिन्तामणि से कामधेनु और कल्पवृक्ष के समान ही यथेच्छ फल की प्राप्ति होती है और तृणमणि वह घास है जो आस-पास की घासों और पौधों को जला कर नष्ट कर देती है। किन्तु मणि दोनों ही हैं। कवि इसी प्रसङ्ग में कहता है—

'अरे किस विधाता ने चिन्तामणि और तृणमणि में मणित्व की समानता कर दी, जब कि गुणों में आकाश पाताल सा अन्तर है। एक तो याचकों को दान देते-देते नहीं थकता और दूसरा सूखे तिनकों के टुकड़े जैसे तुच्छ पदार्थ को भी लेते हुए लज्जित नहीं होता'।

[५५]

दूरे कस्यचिदेव कोऽप्यकृतधीर्नैवास्य वेत्त्यन्तरं
मानी कोऽपि न याचते मृगयते कोऽप्यल्पमूल्याशयः ।
इत्थं प्रार्थितदानदुर्व्यसनिनो नौदार्यरेखोज्ज्वला
जाता नैपुणदुस्तरेषु निकषस्थानेषु चिन्तामणेः ।।

'किसी के लिए चिन्तामणि दुर्लभ है और कोई ऐसा नासमझ है कि उसके महत्त्व को ही नहीं जानता, कोई इतना अभिमानी है कि उसके पास माँगने ही नहीं जाता, कोई सङ्कीर्ण हृदय का अर्थात छोटे दिल का है तो वह बहुत थोड़ा माँगता है। इस माँगी गई वस्तु के दान देने के दुर्व्यसनी (शौकीन) चिन्तामणि की उदारता की रेखा कसौटी की कुशलता के अभाव में नहीं स्पष्ट हो पाई'।

चिन्तामणि कितना अधिक उदार है, क्या दे सकता है क्या नहीं दे सकता इसका पारखी मिलना ही कठिन हो रहा है।

अत्यन्त उदार व्यक्ति की उदारता का पता पाना कठिन होता है।

[५६]

परार्थे यः पीडामनुभवति भङ्गेऽपि मधुरो
यदीयः सर्वेषामिह खलु विकारोऽप्यभिमतः ।
न सम्प्राप्तो वृद्धिं यदि स भृशमक्षेत्रपतितः
किमिक्षोर्दोषोऽयं[1] न पुनरगुणाया मरुभुवः ।।

'जो परोपकार के लिए ही पीड़न (पेरा जाना) सहन करता है। टुकड़ा-टुकड़ा तोड़ने पर भी जो मधुर बना रहता है, मीठा रस देता है और जिसका समस्त विकार गुड़, खांड़, चीनी आदि मनुष्य, पशु, बालक, युवा, वृद्ध सभी को प्रिय लगता है यदि ऐसा ईख खराब खेत में पड़ने से नहीं बढ़ सका तो क्या यह ईख का दोष है और उस निर्गुण मरुभूमि का नहीं' ?

कुसंगति के प्रभाव से किसी सत्पुरुष की अवनति का कितना मार्मिक उदाहरण है।

यह विवक्षित वाच्य भेद वाली अप्रस्तुत प्रशंसा का उदाहरण है और आनन्दवर्धनाचार्य द्वारा ध्वन्यालोक में दो बार उद्धृत हुआ है।

---

१. दोषोऽसौ—*सुभा०* श्लोक ९४७ एवं *शा०* प० १०५२।
यह श्लोक *शा०* प० में इन्दुराज के नाम से और *सुभा०* में यशस् के नाम से उद्धृत है किन्तु निश्चित रूप से यह भल्लट का ही है।

[५७]

आम्राः किं फलभारनम्रशिरसो रम्याः किमूष्मच्छिदः
सच्छायाः कदलीद्रुमाः सुरभयः किं पुष्पिताश्चम्पकाः ।
एतास्ता निरवग्रहोग्रकरभोल्लीढार्धरूढाः[1] पुनः
शम्यो भ्राम्यसि मूढ निर्मरुति किं मिथ्यैव मर्तुं मरौ ।।

कोई मूर्ख आम आदि अच्छे फल और छाया वाले वृक्षों की आशा से मरुस्थल में घूम रहा है । उसे सम्बोधित कर कवि की उक्ति है—

'अरे मूर्ख, फलों के भार से झुकी हुई शाखाओं वाले क्या ये मनोहर आम के वृक्ष हैं ? अथवा ऊष्मा को दूर कर शीतल छाया प्रदान करने वाले कदली (केला) के वृक्ष हैं ? अथवा सुगन्धित फूलों वाले चम्पे के पेड़ हैं ? अरे ये तो स्वतन्त्र, विना बन्धन के घूमने वाले ऊँटों से चर लिये जाने के बाद पुनः आधे बढ़े हुए शमी के वृक्ष हैं । फिर तुम क्यों व्यर्थ में मरने के लिए इस वायु-सञ्चार-शून्य मरुस्थल में चक्कर काट रहे हो' ?

[५८]

आजन्मनः कुशलमण्वपि रे[2] कुजन्म-
न्पांसो त्वया यदि कृतं वद तत्त्वमेव[3] ।
उत्थापितोऽस्यनलसारथिना यदर्थं
तुष्टेन[4] तत्कुरु कलङ्कय विश्वमेतत् ।।

'हे कुजन्मा धूलि, क्या जन्म से लेकर अब तक कभी भी तुमने कोई अच्छा काम किया है ? यदि किया है तो मुझे बताओ । अग्नि के सहायक वायु से प्रसन्नता के साथ उठाये गये तुम अब जाओ और संसार को काला-मैला बनाने का काम करो' ।

कलुषित कर्म में सदा ही लीन रहने वालों का सुधार असम्भव होता है ।

---

१. लीढावरूढाः—सुभा० श्लोक ६५० ।
२. ते—सुभा० श्लोक ६८६ ।
३. तत्त्वमेतद् ।
४. दुष्टेन ।

[५९]

निःसाराः सुतरां लघुप्रकृतयो योग्या न कार्ये क्वचि-
च्छुष्यन्तोऽद्य जरत्तृणाद्यवयवाः प्राप्ताः स्वतन्त्रेण ये ।
अन्तःसारपराङ्मुखेण धिगहो ते मारुतेनामुना
पश्यात्यन्तचलेन सद्म[1] महतामाकाशमारोपिताः ।।

'निःसार, अत्यन्त छोटी प्रकृति के, किसी भी कार्य के योग्य नहीं ऐसे उन सूखते हुए पुराने तिनकों के टुकड़ों को –जो कि यों ही पड़े मिल गये हैं—भीतरी तत्त्व की परीक्षा से विमुख इस अत्यन्त चञ्चल वायु ने उठा कर चन्द्र, सूर्य आदि महान् वस्तुओं के आगार आकाश में पहुँचा दिया है' ।

योग्यों के रहते हुए अयोग्यों को अत्यन्त उच्च पद पर उन्नत कर देने वाले कुशासन के लिए यह तीखा व्यङ्ग्य है ।

[६०]

ये जात्या लघवः सदैव गणनां याता न ये कुत्रचि-
त्पद्भ्यामेव विमर्दिताः प्रतिदिनं भूमौ निलीनाश्चिरम् ।
उत्क्षिप्ताश्चपलाशयेन मरुता पश्यान्तरिक्षेऽधुना[2]
तुङ्गानामुपरि स्थितिं क्षितिभृतां कुर्वन्त्यमी पांसवः ।।

'जो स्वभाव से ही लघु रहे, कहीं किसी गिनती में न रहे, पैरों से ही रौंदे गये, प्रतिदिन भूमि में ही विलीन होते रहे, उन्हीं धूलि के कणों को इस चञ्चल वायु ने आकाश में ऊपर उठा दिया है जिससे ये ऊँचे पहाड़ पर चढ़े बैठे हैं' ।

वायु के इस अविवेक को क्या कहा जाय ?

---

१. वर्त्म—*सुभा०* श्लोक १०१० ।

२. सखे—*सुभा०* श्लोक १०११ ।

[६१]

हे[1] दन्दशूक, तदयोग्य[2]मपीश्वरस्त्वां
वात्सल्यतो[3] नयति नूपुरधाम सत्यम् ।
आवर्जितालिकुलझङ्कृति[4]मूर्च्छितानि
किं शिञ्जितानि भवता क्षमतेऽत्र[5] कर्त्तुम् ।।

'हे सर्प, यद्यपि तुम इसके योग्य नहीं हो तथापि यह एक सत्य बात है कि भगवान् शङ्कर ने अपने वात्सल्य भाव के कारण तुमको आभूषण के रूप में नूपुर की तरह ग्रहण कर लिया है, किन्तु यह तो बताओ कि क्या तुम भ्रमरों को आकृष्ट कर लेने वाला मधुर नूपुर का शब्द कर सकते हो' ?

किसी करुणाकर की कृपा से कोई ऊँचे पद पर भले ही बैठ जाए किन्तु निजी गुण के अभाव में उसकी समता गुणियों से कैसे की जा सकती है ?

[६२]

कल्लोलवेल्लितदृषत्परुषप्रहारैः
रत्नान्यमूनि मकरालय मावमंस्थाः ।
किं कौस्तुभेन विहितो भवतो न नाम
याच्ञा प्रसारितकरः पुरुषोत्तमोऽपि[6] ।।

'हे समुद्र, तुम अपनी तरङ्गों से उठाए गये पत्थरों के कठोर प्रहार से इन उत्तम-उत्तम रत्नों का अनादर मत करो। क्या तुम्हारी कौस्तुभ मणि के कारण ही पुरुषोत्तम विष्णु ने तुम्हारे आगे भिखारी जैसा हाथ नहीं फैलाया था' ?

यहाँ समुद्र के लिये यह सन्देश है कि एक रत्न से जब तुमको इतने महान् गौरव की प्राप्ति हुई है तब तुमको अन्य रत्नों का अनादर नहीं करना चाहिए ।

यहाँ अर्थसङ्गति की उत्तमता की दृष्टि से काव्यप्रकाशकार ने तृतीय चरण को—"एकेन किं न विहितो भवतः स नाम" के रूप में परिवर्तित किया है ।

---

१. रे—*सुभा०* श्लोक ९७४ ।
२. तदयुक्त० ।
३. वाल्लभ्यतो ।
४. सत्कृति ।
५ भवतः क्षम एष ।
६. *सुभा०* ८६६ मे यह श्लोक भागवत त्रिविक्रम के नाम से उद्धृत है और पूर्वार्ध के प्रथम द्वितीय पाद का व्यत्यय है ।

[६३]

मौलौ सन्मणयो, गृहं गिरिगुहा, त्यागः किलात्मत्वचो
निर्यत्नोपनतैः स्व[1]वृत्तिरनिलैरेकत्र चर्येदृशी ।
अन्यत्रानृजु वर्त्म, वाग्द्विरसना, दृष्टौ विषं दृश्यते
यादृक्तामनु दीपको ज्वलति नो[2] भोगिन् सखे किं न्विदम् ।।

'हे सखे सर्प, मैं तुमसे यह पूछना चाहता हूँ कि तुम्हारी यह दोरंगी चाल क्यों है ? एक ओर तो मस्तक पर उत्तम मणि धारण करते हो, ऋषि-मुनियों की तरह पर्वत की कन्दराओं में रहते हो, त्याग के नाम पर अपने शरीर की त्वचा तक का त्याग कर देते हो (साँप का केंचुल छोड़ना से तात्पर्य है) और जीविका के लिए वायु पी कर रह जाते हो किन्तु दूसरी ओर टेढ़ी-मेढ़ी चाल, वाणी दो जीभों वाली और दृष्टि में इतना विष कि उसके सामने दीपक बुझ जाता है' ।

बाहरी आडम्बर दूसरा, भीतरी दूसरा, बातों का ठिकाना नहीं—ऐसे दुष्टों की प्रकृति का कैसा सुन्दर चित्रण किया गया है ।

[६४]

भूयांस्यस्य मुखानि नाम, विदितैवास्ते महाप्राणता[3]
कद्र्वाः सत्प्रसवोऽपि यत्र[4] कुपिते चिन्त्यं यथेदं जगत् ।
त्रैलोक्याद्भुतमीदृशं तु चरितं शेषस्य येनास्य सा
प्रोन्मृज्येव निवर्तिता विषधरज्ञातेय[5]दुर्वर्णिका ।।

बहुत से तो इनके मुख हैं, पृथ्वी को धारण किये हुए हैं जिससे इनकी महाप्राणता अर्थात् अतुल शक्ति ज्ञात ही है । कद्रू की उत्तम सन्तान हैं, और यह कुपित हो जायें तो संसार की स्थिति चिन्तनीय हो उठे अर्थात् क्रोध में शिर हिला देती सारी पृथ्वी उलट-पलट हो जाय । इस तरह तीनों लोकों के प्राणियों से अद्भुत इनका चरित है । अतः एव ही लोगों ने इनका जातीय विषधर इत्यादि दुष्ट वर्णों वाला नाम शुद्ध कर "शेष" रख दिया है ।

मनुष्य में कोई अद्भुत विशेषता हो तो उसका बुरा नाम आदि अपने आप बदल जाता है ।

---

१. च—*सुभा०* श्लोक १००४ ।
२. किं ।
३. महासत्त्वता *सुभा०* श्लोक १००५ ।
४. प्राक्प्रसवोऽयमत्र ।
५. विषधरज्ञानेऽपि ।

[६५]

लोके समस्त एवैकः श्लाघ्यः कोऽप्येष वासरः ।
जनैर्महत्तया नीतो यो न पूर्वैर्न चापरैः ।।

'मनुष्य के जीवन में वही कोई एक दिन प्रशंसनीय समझना चाहिए जिस दिन वह कोई एक ऐसा असाधारण काम कर सके जैसा किसी ने भी न किया हो या कर सके'।

एक भी लोकोत्तर कार्य कर सकने में ही मानव जीवन की सार्थकता है अन्यथा भोजन, शयन, मैथुन आदि की दृष्टि से उसके और पशु के जीवन में क्या अन्तर होगा ?

[६६]

आबद्धकृत्रिमसटाजटिलांसभित्ति-
रारोपिता मृगपतेः पदवीं यदि श्वा ।
मत्तेभकुम्भतटपाटनलम्पटस्य
नादं करिष्यति कथं हरिणाधिपस्य ।।

'यदि किसी कुत्ते को सिंह की गर्दन के नकली बालों से संवार कर उसके पुठ्ठों को ऊँचा कर दिया जाय और उसे सिंह की पदवी दे भी दी जाय तो क्या वह मतवाले हाथियों के गण्डस्थल को विदीर्ण करने के व्यसनी सिंह के जैसा गर्जन कर सकता है ? अर्थात् कदापि नहीं'।

वड़ों से बराबरी करने की दृष्टि से यदि कोई अपना बाहरी ठाठ-बाठ वैसा बना भी ले तो क्या इतने से ही वह उनके असाधारण गुण को भी पा जायगा ?

इस श्लोक में अप्रस्तुत कुत्ते का वृत्तान्त वाच्यार्थ है और उससे समानता के कारण प्रस्तुत रूप में ऐसे आदमी के आचार की निन्दा है जो मूर्ख होते हुए भी धोखा धड़ी से विद्वान् का पद ले बैठा है। **कुवलयानन्द** में यह अप्रस्तुत प्रशंसा का उदाहरण है।

[६७]

किमिदमुचितं शुद्धेः श्लिष्टं स्वपक्ष[1]समुन्नतेः
फलपरिणतेर्युक्तं प्राप्तं गुणप्रणयस्य वा[2]।
क्षणमुपगतः कर्णोपान्तं परस्य पुरः स्थिता-
न्विशिख निपतन् क्रूरं दूरान्नृशंस भिनत्सि[3] यत् ॥

बाण का प्रसङ्ग ला कर यहाँ चुगलखोर की निन्दा की गई है।

चुगलखोर किसी अधिकारी या बड़े आदमी के पास पहुँच कर चुपके से उसके कान के समीप किसी के विरुद्ध ऐसी झूठ सच बातें कहता है जिससे वह अधिकारी या प्रभुतासम्पन्न पुरुष उस अधीनस्थ कर्मचारी या सम्बन्धित व्यक्ति की बहुधा बड़ी हानि कर बैठता है। बाण को भी धनुष पर चढ़ाते समय गुण अर्थात् प्रत्यञ्चा धनुष की डोर पर रख कर कान तक खींचा जाता है और तब छोड़ा जाता है जिससे वह लक्ष्य मृग आदि का प्राण हर लेता है।

बाण सीधी शुद्ध लकड़ी का बना होता है उस में गति की तीव्रता के लिए पक्ष (पंख) लगे होते हैं, अग्रभाग पर लोहे का फल और अर्थात् प्रत्यञ्चा का संयोग रहता है।

'हे विशिख अर्थात् बाण, क्या यह तुम्हारी वंश "विशुद्धि" के अनुकूल है ? क्या इसकी संगति तुम्हारी "पक्षसमुन्नति" से होती है ? क्या यह तुम्हारे अन्त भाग में लगे लोहे के फल से मेल खाता है ? क्या यह तुम्हारे गुण (प्रत्यञ्चा) प्रेम के अनुकूल है ? कि नृशंस अर्थात् क्रूर तुम क्षण भर के लिए कान के समीप पहुँच कर सामने आये बैठे हुए पर दूर से ही गिर कर उसे बींध या मार डालते हो' ?

---

१. स्पष्टं सपक्ष०—*सुभा०* श्लोक ६६६।

२. प्राप्तुं गुणप्रणयस्य ते।

३. निर्हंसि।

[६८]

अमी ये दृश्यन्ते ननु सुभगरूपाः सफलता
भवत्येषां यस्य क्षणमुपगतानां विषयताम् ।
निरालोके लोके कथमिदमहो चक्षुरधुना
समं जातं सर्वैर्न सममथवान्यैरवयवैः ।।

आलोक का तात्पर्य है प्रकाश और विवेक एवं निरालोक का अन्धकार और अविवेक । वर्णन चक्षु अर्थात् नेत्र का है और सङ्केत विवेक-शून्य-जीवन की व्यर्थता का ।

'संसार में ये जितने भी मनोहर दृश्य दृष्टिगोचर हो रहे हैं उनकी सफलता तभी है, जब वे नेत्रों के विषय बनें, अर्थात् नेत्रों से देखे जायें । इस तरह नेत्रों की इतनी महत्ता होते हुए भी अन्धकार से आच्छन्न संसार में अथवा नेत्रों की ज्योति क्षीण हो जाने पर, ये नेत्र व्यर्थ हो जाते हैं और हाथ पैर आदि तुच्छ इन्द्रिय अथवा अवयवों की समता में आ जाते हैं अथवा हाथ पैर तो अन्धकार में भी स्पर्श और ग्रहण शक्ति आदि से सम्पन्न रहते हैं, नेत्र तो अन्धकार में एक दम व्यर्थ हो जाते हैं अथवा नेत्र-नेत्र ही हैं उनकी समता अन्य अवयवों एवम् इन्द्रियों से नहीं की जा सकती' ।

यह आनन्दवर्धनाचार्य का श्लोक है । इसी एक श्लोक के कारण **भल्लटशतक** को भी संग्रह ग्रन्थ कहा जाता है किन्तु सम्भवतः यह कुछ लेखक प्रमाद है । **ध्वन्यालोक** में इसके ऊपर का श्लोक नं० ५६ "परार्थे यः पीडाम्०" और यह एक साथ ही उद्धृत हुए हैं । "अमी ये दृश्यन्ते०" के ऊपर लिखा है "यथा वा ममैव"—(आनन्दवर्धनाचार्यस्य)

या तो "यथा वा ममैव" पंक्ति अन्यत्र की है अथवा किसी लेखक ने इस "अमी ये दृश्यन्ते०" श्लोक को **भल्लटशतक** में प्रक्षिप्त कर दिया है । **काव्यमाला** में मुद्रित **भल्लटशतकम्** में १०८ श्लोक हैं ।

[६९]

आहूतेषु विहङ्गमेषु मशको नायान्पुरो वार्यते
मध्ये वा धुरि वा वसंस्तृणमणिर्धत्ते मणीनां रुचम् ।
खद्योतोऽपि न कम्पते प्रचलितुं मध्येऽपि तेजस्विनां
धिक्सामान्यमचेतनं प्रभुमिवानामृष्टतत्त्वान्तरम् ।।

'विहायस् अर्थात् आकाश में जो उड़े वह विहङ्गम अर्थात् पक्षी किन्तु इस प्रकार पक्षियों को बुलाने पर मच्छरों को आने से रोका नहीं जा सकता, इसी प्रकार बीच में या अन्तिम छोर पर रखी हुई तृण-मणि भी मणि की गणना में गिनी ही जायेगी, पुनश्च (खे=आकाश: द्योतते प्रकाशते इति= खद्योत:) खद्योत कहने से वह भी तेजस्वी सूर्य-चन्द्र आदि के समान परिगणित हो ही जाता है, उसे कोई सङ्कोच नहीं होता—ऐसी "सामान्यधर्मिता" को धिक्कार है जो अविवेकी स्वामी की तरह विना तत्त्व-विचार किये हुए ही किसी सामान्य धर्म की समानता के कारण ऊँच-नीच विद्वान् मूर्ख सबको एक रूप में सीधा कर लेता है'।

काव्यप्रकाश में "मध्ये वा धुरि वा" के स्थान पर "मध्ये वारिधि" पाठ है।

तृणमणि—प्रसिद्धि है कि जिस प्रकार चुम्बक लोहे को अपनी ओर खींचता है उसी प्रकार तृण-मणि पत्थर भी तिनकों को अपनी ओर खींच लेता है।

[७०]

हेमकार, सुधिये नमोऽस्तु ते
दुस्तरेषु बहुशः परीक्षितुम् ।
काञ्चनाभरणमश्मना समं
यत्त्वयैवमधिरोप्यते[1] तुलाम् ।।

'परीक्षण के अत्यन्त कठिन कार्य में लगी हुई तुम्हारी उस सुबुद्धि को हे सुवर्णकार, नमस्कार है जिसके द्वारा तुम सोने के आभूषणों को तराजू पर रखकर पत्थर से तौलते हो।

प्राचीन समय में पत्थरों के बाँट होते थे। यह पद्य भी अविवेकी राजा या प्रभुतासम्पन्न व्यक्ति के विषय में लागू होता है।

---

१. यत्त्वयेतद०—*सुभा०* श्लोक ९६७।

[७१]

वृत्त एव स घटोऽन्धकूपक[1]
त्वां प्रसादमपि नेतुमक्षमः ।
मुद्रितं त्वधमचेष्टितं त्वया
तन्मुखाम्बुकणिकाः परीप्सता[2] ।।

अन्धकूप वह कुआँ है जिसके भीतर और ऊपर भी घास-फूस तथा पेड़ पौधे उग आते हैं जो उससे जल निकालने में बाधक होते हैं और बहुधा उसमें डाले गये मिट्टी आदि के घड़े टूट जाते हैं। उसी को लक्ष्य कर कहा जा रहा है---

'हे अन्धकूप, वह घड़ा तो टूट कर समाप्त भी हो गया और तुमको प्रसन्न करने में असमर्थ रहा। इस तरह उसने तो तुम्हारी कृपा (जल) प्राप्त करने के लिए अपने जीवन का ही उत्सर्ग कर दिया किन्तु तुमने ऐसी अधम चेष्टा की कि उस विनष्ट होते हुए अर्थात् मरते हुए उसके मुख के जल को ग्रहण करना चाहा या कर लिया'।

[७२]

शतपदी सति पादशते क्षमा
भुवि[3] न गोष्पदमप्यतिवर्त्तितुम् ।
किमियता द्विपदस्य हनूमतो
जलनिधिक्रमणे[4] विवदामहे ।।

शतपदी अर्थात् कनखजूरा सौ पैरों के होते हुए भी गाय के खुर के बराबर गढ़े के जल में पड़ कर निकलने या उसे पार करने में असमर्थ देखा जाता है तो क्या इस आधार पर हम दो पैर वाले हनुमान् के द्वारा समुद्र लङ्घन किये जाने के विषय में विवाद में पड़ते या सन्देह करते हैं ?

किसी की शक्ति और सामर्थ्य का उसके बाह्य रूप रंग आदि से विशेष सम्बन्ध नहीं होता।

---

१. अन्धकूप यस्त्वत्प्रसादमपनेतुम्—*सुभा०* श्लोक ९६८ ।

२. प्रतीच्छता ।

३. यदि —*सुभा०* श्लोक ९६९ ।

४. जलधिविक्रमणे ।

[७३]

न गुरुवंशपरिग्रहशौण्डता, न च महागुणसङ्ग्रहणादरः ।
फलविधानकथापि न मार्गणे, किमपि[1] लुब्धकबाल गृहेऽधुना ।।

अपने वंश के किसी भी गुण को न सीखे हुए अपने पुत्र से खीझा हुआ बहेलिया कहता है—

'न तो लासा लगा कर चिड़ियों को पकड़ने वाले बड़े बाँस को सँभालने की योग्यता तुममें आई, न धनुष की डोर साधना आया, खोज कर पशु-पक्षियों को ढूंढ़ निकालने की भी योग्यता तुममें न हुई। ऐसी स्थिति में हे बहेलिए के बेटे, इस समय घर में खाने के लिए क्या रक्खा है' ?

[७४]

तृणमणेर्मनुजस्य च तद्वतः
किमुभयोर्विपुलाशयतोच्यते ।
तनुतृणाग्रलवावयवैर्ययो-
रवसिते ग्रहणप्रतिपादने ।।

तृणमणि एक प्रकार का वह पत्थर है जो समीपवर्ती सूखे तिनकों को अपनी ओर समेटता है। कवि की उक्ति है—

'तृणमणि और उसके ही समान गुण वाले क्षुद्र वस्तु-ग्राही मनुष्य– इन दोनों की उदार हृदयता का क्या वर्णन किया जाय जिनके हलके तिनके और अल्पांश के ही ग्रहण-त्याग में उनकी उदारता या लघुता का समापन हो जाता है'।

---

१. किमिह –सुभा० श्लोक ९७०
यह पाठान्तर समीचीन है।

[७५]

तनुतृणाग्रधृतेन हृतश्चिरं
क इव तेन[1] न मौक्तिकशङ्कया ।
स जलबिन्दुरहो[2] विपरीतदृग्-
जगदिदं वयमत्र सचेतनाः ।।

'हलके तिनके के अग्रभाग पर लटकती ओस या जलबूंद को देख कर कोई अन्य मनुष्य भले ही उसे मोती समझ कर वञ्चित हुआ हो तो उसे वञ्चित होने दो, क्योंकि यह संसार विपरीत दृष्टि वाला है, किन्तु हम तो इस विषय में बहुत सावधान हैं। हम नहीं ठगे जा सकते'।

[७६]

बुध्यामहे न बहुधापि विकल्पयन्तः[1]
कैर्नामभिर्व्य[2]पदिशेम महामतींस्तान् ।
येषामशेषभुवनाभरणस्य हेम्न-
स्तत्त्वं विवेक्तुमुपलाः परमं प्रमाणम् ।।

'बहुत सोच-विचार करने पर भी यह नहीं समझ में आ रहा है कि उन महाबुद्धिमानों को कौन-सा नाम दें जिनको समस्त लोकों के अलङ्कार रूप सोने की शुद्धता-अशुद्धता की जाँच करने के लिये पत्थर ही प्रमाणभूत होते हैं'।

सोनार सोने का खरापन जाँचने के लिये उसे काले पत्थर की कसौटी पर कसता है।

---

१. क इह येन—*सुभा०* श्लोक ६७३।
२. ० रतो।
३. विकल्पमानाः—*सुभा०* श्लोक ६८२।
४. व्यपदिशाम।

[७७]

संरक्षितुं कृषिमकारि कृषीवलेन
पश्यात्मनः प्रतिकृतिस्तृणपूरुषोऽयम् ।
स्तब्धस्य निष्क्रियतयास्तभियोऽस्य नून-
मश्नन्ति[1] गोमृगगणा: पुनरेव सस्यम् ।।

घास और तिनकों से पुरुष का आकार बना कर किसान उसे खेत की सुरक्षा के लिए खेत के बीच में खड़ा कर देता है किन्तु पशु-पक्षी जब समझ जाते हैं कि वह निर्जीव है तो पुनः खेत चरने लगते हैं। "चञ्चा तृणमयः पुमान्" ।

'देखो—खेती की रक्षा के लिए किसान ने अपनी प्रतिकृति के रूप में जो तिनकों का आदमी बना कर खड़ा किया है उसकी स्थिरता और चेष्टा-विहीनता (हाथ पैर न चलाना आदि) देख कर निडर बने ये पशु-पक्षी फिर भी खेत चरने लग गये हैं' ।

किसी भी जीव का आतङ्क या प्रभाव उसकी शक्ति पर निर्भर रहता है, मात्र आकृति से कुछ नहीं होता ।

---

१. अत्स्यन्ति—*सुभा०* श्लोक ६८४ ।

[७८]

कस्यानिमेषवितते नयने दिवौको-
लोकादृते जगति ते अपि वै गृहीत्वा ।
पिण्ड[1]प्रसारितमुखेन तिमे किमेतद्-
दृष्टं न वालिश विशद्बडिशं त्वयान्तः ॥

स्वर्ग में रहने वाले देवताओं के ही नेत्रों की पलकें सदा स्थिर रहती हैं, मनुष्यों की तरह क्षण-क्षण में उठती और गिरती नहीं। मछलियों की भी पलकें बन्द नहीं होतीं सदा खुली रहती हैं, इसी सन्दर्भ में कवि कहता है—

'हे तिमि (बड़ी मछली का एक भेद), देवताओं के अतिरिक्त और किसके नेत्र सदा खुले रहा करते हैं? उनको लेकर भी हे मूर्ख, आटे या माँस-पिण्ड के लिए मुँह फैलाए हुए तुमको उसके भीतर प्रविष्ट होता हुआ लोहे का अंकुश = (काँटा) क्यों नहीं दिखाई दिया'?

लोभ से मनुष्य की आँखें बन्द हो जाती हैं अर्थात् उसका विवेक, भले-बुरे, हित-अहित का ज्ञान नष्ट हो जाता है जिसके फलस्वरूप उसका नाश हो जाता है।

---

१. पिण्डे—*सुभा०* श्लोक ८८५।

[७९]

पुंस्त्वादपि प्रविचलेद्यदि यद्यधोऽपि
याायाद्यदि प्रणयने न महानपि स्यात् ।
अभ्युद्धरेत्तदपि विश्वमितीदृशीयं
केनापि दिक् प्रकटिता पुरुषोत्तमेन ॥

'पुरुषोत्तम विष्णु ने पुरुष रूप को त्याग, स्त्रीत्व स्वीकार कर, मोहिनी अवतार द्वारा दैत्यों से अमृत घट बचाया, पाताल जाकर राजा बलि से दान माँगा, इस तरह अधोगमन किया, इतना सब करते हुए भी उन्होंने विश्व का उद्धार किया। इस तरह पुरुषोत्तम ने एक अद्भुत नवीन आदर्श मार्ग प्रस्तुत किया'।

महापुरुषों के अद्भुत चरित्र का रहस्य समझना कठिन है।

यहाँ सत्पुरुष में वर्णनीय विषय प्रस्तुत कर अप्रस्तुत विष्णु का कथन पुंस्त्वात्, पुरुषोत्तमेन, आदि पदों का श्लेषार्थ सत्पुरुष का निर्देश करता है अतः श्लेषमूलक अप्रस्तुत प्रशंसा का यह उदाहरण उपदेश है कि आप भी ऐसे बनें।

[८०]

स्वल्पाशयः स्वकुलशिल्पविकल्पमेव
यः कल्पयन् स्खलति काचवणिक् पिशाचः ।
ग्रस्तः स कौस्तुभमणीन्द्रसपत्नरत्न-
निर्यत्नगुम्फनक[1]वैकटिकेर्ष्ययान्तः ॥

'अर्थपिशाच, छोटे हृदय का, अनुदार काँच का व्यापारी, जो अपनी ही वंश परम्परा के शिल्प की उधेड़ बुन में लगा-लगा कभी भूल कर बैठता है उसका कारण यह है कि वह मणिश्रेष्ठ कौस्तुभ के सदृश उत्तम रत्नों के बिना प्रयास गुँध जाने की ईर्ष्या से ग्रस्त है'।

काच के मनके टूटते-फूटते रहते हैं जब कि हीरा, पन्ना, नीलम आदि न टूटते हैं, न इनके गूथने जड़ने आदि में विशेष कठिनता ही होती है।

श्लोक का भावार्थ है कि उत्तम से अधम द्वेष करते ही हैं।

---

१. गुम्फपटु—सुभा० श्लोक ९८८।

[८१]

तत्प्रत्यर्थितया वृतोऽनु कृतकः[१] सम्यक्स्वतन्त्रो भया-
त्स्वस्थस्तान्न निपातयेदिति यथाकामं न संतोषितः[२]।
संशुष्यन् वृषदंश एष कुरुतां मूकः स्थितोऽप्यत्र किं
गेहे किं बहुनाधुना गृहपतेश्चौराश्चरन्त्याखवः ॥

किसी ने चूहों को भगाने के लिए उनकी शत्रु बिल्ली पाली किन्तु उसे इस भय से कि स्वस्थ और स्वतन्त्र हो कर वह चूहों को न मारेगी, न तो पूर्ण स्वतन्त्र किया, न पेट भर खाना ही खिलाया। ऐसी स्थिति में वह दुबली होते-होते सूख कर चुपचाप बैठी रहने लगी और हालत यह हुई कि उस गृहस्वामी के घर में चोर चूहे, स्वच्छन्द होकर घूमते रहे।

[८२]

एवं चेत्सरसि स्वभावमहिमा[३], जाड्यं किमेतादृशं
यस्मादेव[४] निसर्गतः सरलता, किं ग्रन्थिमत्त्वेदृशी।
मूलं चेच्छुचि पङ्कजश्रुतिरियं कस्माद्गुणा यद्यमी
किं छिद्राणि, सखे मृणाल, भवतस्तत्त्वं न मन्यामहे ॥

'हे मृणाल (कमलनाल), यदि तुम कहते हो कि तुम में सरोवर का स्वाभाविक गुण सरलता (जलयुक्त होना और सहृदयता) है तो ऐसी जड़ता क्यों? यदि स्वाभाविक सरलता की बात कहते हो तो ऐसी ग्रन्थिमत्ता (गँठीलापन) क्यों? तुम्हारा मूल शुद्ध है ऐसा यदि कहते हो तो तुम पङ्क अर्थात् काले-काले कीचड़ से उत्पन्न पङ्कज हो ऐसी तुम्हारी प्रसिद्धि क्यों? यदि तुम में गुण हैं (रेशा, तन्तु, सद्गुण) तो ये छिद्र अर्थात् दोष कैसे? अतः हे मित्र मृणाल, हम तुम्हारा तत्त्व नहीं समझ पा रहे हैं'।

---

१. तत्प्रत्यस्त्रतया धृतो न तु कृतः—*सुभा०* श्लोक १००८।

२. संपोषितः।

सुभा० के पाठान्तर समाचीन हैं।

३. एवं चेत् सरसस्वभावपरता—*सुभा०* श्लोक १००२।

४. यद्यस्त्येव।

[८३]

ये[1] दिग्ध्वैव कृता विषेण, कुसृतिर्येषां कियद् गण्यते
लोकं हन्तुमनागसं द्विरसना, रन्ध्रेषु ये जाग्रति।
व्यालास्ते विदधत्यमी सदसतोश्चूडामणिं[2] मूर्धभि-
र्नौचित्याद्गुणशालिनां क्वचिदपि भ्रंशोऽस्त्यलं चिन्तया।।

'जो विष से संयुक्त करके ही उत्पन्न किये गये, जिनके दोषों की गगना भी कितनी की जाय, निरपराध लोगों को मारने के लिये जिनको दो जीभें हैं, जो छिद्रों में ही रहते हैं अथवा रन्ध्र अर्थात् छिद्र-दोष निकालने के लिए ही सदा सावधान रहते हैं वे ये सर्प भी सत्-असत् का भेद कर चूड़ामणि को शिर पर धारण करते हैं। इससे सिद्ध है कि गुणशालियों को उत्तम ही स्थान मिलता है, उनका पतन नहीं होता अतः चिन्ता करना व्यर्थ है'।

[८४]

अहो क्रौर्यं स्त्रीणां हतरजनि, धिक् त्वामतिशठे
मृषा प्रक्रान्तेयं तिमिरकबरीविश्लथधृतिः।
अवक्तव्ये पाते जननयननाथस्य शशिनः
कृतं स्नेहस्यान्तोचितमुदधिमुख्यैर्न तु जडैः।।

'स्त्रियों की क्रूरता के विषय में क्या कहा जाय ? हे अभागी रजनी, तुझे धिक्कार है। तू बड़ी ही दुष्टा है। तूने अपने मोहक अन्धकार रूपी केश-पाश को व्यर्थ ही विखरा रक्खा है। जन-जन के नेत्रों के लिए आह्लादकारी चन्द्रमा के अवर्णनीय पतन के समय जड़ समुद्र ने तो अपने पुत्र-स्नेह के अनुकूल कार्य किया अर्थात् उसे अपने में लीन कर लिया, लेकिन तू उसे किसी प्रकार का आश्रय न दे सकी। सुन्दर केश-पाश में भी न बाँध सकी'।

---

१. यान्—*सुभा०* श्लोक १००७।
२. मूढा मणीन्।

[८५]

अहो गेहेनर्दी दिवसविजिगीषाज्वररुजा
प्रदीपोऽयं स्थाने ग्लपयति मृषामूनवयवान् ।
उदात्तस्वच्छन्दाक्रमणहृतविश्वस्य तमसः
परिस्पन्दं द्रष्टुं मुखमपि च किं सोढममुना ।।

'अरे, घर का ही शूरवीर यह दीपक सूर्य को जीत लेने की इच्छा रूप संताप से अपने अंगों को व्यर्थ ही क्षीण कर रहा है। पूरी स्वतन्त्रता के साथ आक्रमण करके समस्त विश्व के अन्धकार को दूर कर देने वाले सूर्य का चलना-फिरना देख सकने लायक भी क्या इसका मुँह है' ?

[८६]

नामाप्यन्यतरोर्निमीलितमभूत्तत्तावदुन्मीलितं
प्रस्थाने स्खलित[1] स्ववर्त्मनि विधेरन्यैर्गृहीतः करः ।
लोकश्चायमदृष्टदर्शनवशाद्दृग्वैशसान्मोचितो[2]
युक्तं काष्ठिक, लूनवान्यदसि तामाम्रालिमाकालिकीम् ।।

सबका हित करने वाली वस्तु या व्यक्ति का विनाश कर देने वाले अविवेकी के लिए उक्त उक्ति चरितार्थ होती है।

'जब कि अन्य वृक्षों का नाम भी नहीं रह गया था, गर्मी आदि से झुलस कर नष्ट हो गये थे तब यह विकसित होकर खड़ा रहा, दुर्दैव वश भूले-भटके पथिकों को इसने आश्रय दिया, माङ्गलिक वृक्ष माना जाने के कारण इसने लोगों को दृष्टि दोष आदि से बचाया, फिर भी हे बढ़ई, तूने उस अमवारी (आम्र के वृक्षों का कुञ्ज) को काट कर ठीक ही किया'।

---

१. स्खलतः—*सुभा०* श्लोक १०१७ ।

२. दशाद्दग्वैशसादुद्धृतो ।

[८७]

वाताहारतया जगद् विषधरैराश्वास्य निःशेषितं
ते ग्रस्ताः पुनरभ्रतोयकणिकातीव्रव्रतैर्बर्हिभिः ।
तेऽप्यक्रूर[1]चमूरुचर्मवसनैर्नीताः क्षयं लुब्धकै-
र्दम्भस्य स्फुरितं विदन्नपि जनो जाल्मो गुणानीहते ।।

'देखो लोगों, हमारी कैसी सात्त्विक वृत्ति है कि हम हवा पीकर ही रह जाते हैं, वायु ही हमारा आहार है—इस तरह संसार को आश्वासन देकर इन सर्पों ने संसार का संहार किया है, "अरे हम तो मेघों के जल की बूंदों के ग्रहण का कठोर व्रत पालन करते हैं" इस तरह अपने को व्रती जताते हुए मयूर उन सांपों को निगल गये, और "अरे हम तो भोले-भाले मृगों का चर्म पहनने वाले तपस्वी हैं" ऐसा आश्वासन देकर उन मयूरों को भी व्याधों ने निःशेष किया—इस तरह झूठ-मूठ का सदाचार का दम्भ-मिथ्या अभिमान का साम्राज्य सर्वत्र देखते हुए मूर्ख मनुष्य व्यर्थ ही गुणों की कामना करते हैं' ।

धूर्तों के जाल से वचना मुश्किल है अतः गुण-संग्रह की कोई आवश्यकता नहीं है ।

---

१. तेऽपि क्रूर—*सुभा०* श्लोक १०१६ ।

[८८]

ऊढा येन महाधुराः सुविषमे मार्गे सदैकाकिनां
सोढो येन कदाचिदेव न निजे गोष्ठेऽन्यशौण्डध्वनिः ।
आसीद्यस्तु गवां गणस्य तिलकं तस्यैव सम्प्रत्यहो-
धिक्कष्टं धवलस्य जातजरसो गोः पण्यमुद्‌घोष्यते ।।

'जिसने विषम अर्थात् ऊँचे-नीचे मार्ग पर सदा अकेले ही भारी-भारी बोझ ढोए, जिसने कभी भी अपनी टोली में किसी दूसरे साँड़ की गरज बर्दाश्त नहीं की और जो गाय-बैलों के मध्य राजा बना रहा, बुड्ढे हो जाने के कारण आज उसी धौरे बैल की नीलामी हो रही है।

संसार कितना स्वार्थी है।

[८९]

अस्थानोद्योगदुःखं जहिहि नहि नभः पङ्गुसञ्चारयोग्यं
स्वायासायैव साधो तव शलभ, जवाभ्यासदुर्वासनेयम् ।
ते देवस्याप्यचिन्त्याः प्रचलितभुवनाभोगहेलावहेला-
मूलोत्खातानुमार्गा गतगिरिगुरवस्तार्क्ष्यपक्षाग्रवाताः ।।

'हे पतिंगे, तुम अनुचित उद्योग करने का क्लेश न उठाओ। आकाश जैसे ऊँचे स्थानों पर लंगड़े लोग नहीं चढ़ा करते। हे भले मानस, वेग पूर्वक उड़ने का तुम्हारा यह दुराग्रह तुमको केवल कष्ट देने वाला ही सिद्ध होगा। जिसके वेग के साथ तुम होड़ लगाना चाहते हो वे देवताओं के द्वारा भी अचिन्तनीय एवं संसार भर के सर्पों का बिना परिश्रम के खेल खेल में ही जड़ सहित नाश करने में समर्थ और पर्वतों की भी गुरुता को परास्त करने वाले गरुड़ के पंखों के पवन हैं'।

[९०]

चन्द्रेणैव तरङ्गभङ्गिबहुलं संवर्ध्यमानाम्भसो
दद्युर्जीवनमेव किं गिरिसरित्स्रोतांसि यद्यम्बुधेः ।
तेष्वेव प्रतिसंविधानविकलं पश्यत्सु साक्षिष्विव
प्राग् दर्पोद्धुरमागतेष्वपि न स क्षीयेत यद्यन्यथा ।

पूर्ण चन्द्रोदय के समय समुद्र में बहुत ही ऊँची-ऊँची लहरें उठती हैं इस प्रसङ्ग से कवि का कथन है—

'चन्द्रमा से ही तरङ्गित होकर बढ़े हुए जल वाले अम्बुधि अर्थात् समुद्र को यदि पर्वत की नदियाँ और झरने आदि अपना जीवन (जल का एक नाम जीवन भी है) समर्पित कर देते हैं तो भी क्या ? क्योंकि ये ही सरिताएँ और स्रोत जब ग्रीष्म काल में सूख कर सर्वथा असमर्थ होकर उस समुद्र के पास आते हैं तब वह उनके जीवन के लिए जरा सा भी क्षीण नहीं होता । अर्थात् उनको जल नहीं देता' ।

यहाँ ''यद्यन्यथा'' का अर्थ स्पष्ट नहीं होता ।

[९१]

किलैकचुलुकेन यो मुनिरपारमब्धिं पपौ
सहस्रमपि घस्मरो विकृत एव तेषां पिबेत् ।
स संभवति किंचिदम्बरविकासिधाम्ना विना
सदप्यसदिव स्थितं स्फुरितमन्तरोजस्विनाम् ।।

'जिस अगस्त्य मुनि ने अपार सागर को एक चिल्लू में पी डाला उसे ही हजार भी सूर्य कठिनता से ही पी सकेंगे । वह भी क्या समस्त आकाश को विकसित कर देने का तेज रखने वाले सूर्य के विना संभव है ? अन्तस् के ओजस्वी पुरुषों का तेज वर्त्तमान होते हुए भी अवर्त्तमान सा रहता है' ।

[९२]

ग्रावाणोऽत्र विभूषणं त्रिजगतो, मर्यादया स्थीयते
नन्वत्रैव विधुः स्थितो हि, विबुधाः संभूय पूर्णाशिषः ।
शेते चोद्गतनाभिपद्मविलसद्ब्रह्मेह देवः स्वयं
दैवादेव गतः स्वकुक्षिभृतये सोऽप्यम्बुधिर्निम्नगाः ।।

'इस समुद्र के पत्थर रत्नों के रूप में त्रिभुवन के लिए अलङ्कार होते हैं, यह अपनी मर्यादा को नहीं छोड़ता, इसी में चन्द्रमा जैसा उज्ज्वल पदार्थ रहा, समस्त देवतागण सम्मिलित रूप से इसे आशीर्वाद दे चुके हैं। जिसके नाभिकमल में ब्रह्मा विराजमान हैं ऐसे स्वयं विष्णु जी यहाँ शयन करते हैं। इतनी सब महिमा होते हुए भी वही समुद्र दैवदोष से अपना पेट भरने के लिए निम्न स्तरों में बहने वाली नदियों से याचना करता है'।

[९३]

अनीर्ष्याः श्रोतारो मम वचसि चेद् वच्मि तदहं
स्वपक्षाद् भेतव्यं न तु बहु[1] विपक्षात्प्रभवतः ।
तमस्याक्रान्ताशे कियदिव[2] हि तेजोऽवयविनः
स्वशक्त्या भासन्ते दिवसकृति सत्येव न पुनः ।।

'यदि मेरी बात सुनने के लिए तुम्हारे हृदय में कोई ईर्ष्या की भावना नहीं है तो मैं तुम से यह कहना चाहता हूँ कि मनुष्य को अपने ही पक्ष के लोगों से डरना चाहिए न कि प्रभावशाली विपक्षीदल से। जब समस्त दिशाओं में अन्धकार छा जाता है तब तेज के स्वल्प अंश वाले भी तारागण आकाश में अपनी शक्ति भर प्रकाशमान् होते हैं किन्तु वे ही सूर्य के निकल आने पर प्रकाशहीन हो जाते हैं'।

---

१. बहु न तु---*सुभा०* श्लोक १०१२।
२. कियदपि ।

[९४]

एतत्तस्य मुखात्कियत्कमलिनीपत्रे कणं पाथसो[1]
यो मुक्तामणि[2]रित्यमंस्त सजडः शृण्वन्नकस्मादपि[3]।
अङ्गुल्यग्रलघुक्रियाप्रविलयिन्य दीयमाने तत-[4]
स्तत्रोड्डीय[5] गतो ममेत्यनुनिशं[6] निद्राति नान्तः शुचा ।।

कोई आदमी किसी से सुना हुआ किसी मूर्ख का वृत्तान्त बता रहा है—

'वह मूर्ख कमलिनी के पत्तों पर पड़ी जल बूंद को सचमुच का उम्दा मोती मान बैठा- इस पर सुनने वाले ने कहा--(तस्य मुखात् [श्रुतम्] एतत् कियत्) उसके मुख से सुना गया यह क्या है ? यह तो बहुत थोड़ा है, इससे भी बढ़ कर तुम मुझ से सुनो। एक मूर्ख इसी तरह उस मुक्तामणि को जब धीरे से लेने चला तब अँगुली के अग्र भाग से उसके छूते ही उसका नष्ट हो जाना स्वाभाविक था किन्तु यह मूर्खराज तभी से "हाय हमारा वह मुक्तामणि उड़ कर कहाँ चला गया" इस प्रकार मन ही मन दुखी रहता हुआ रोज रात में सो ही नहीं पा रहा है'।

इस श्लोक में प्रस्तुतालङ्कार है--मूर्खों की ममता अयोग्य वस्तु में ही प्रायः देखी जाती है--इस सामान्यरूप से प्रस्तुत का आश्रय लेकर मूर्ख विशेष का जलकण में मुक्ताभ्रम या मुक्ताभ्रमत्व कहा गया है।

---

१. वारिणो *काव्यप्रकाश (का० प्र०)*
२. यन्मुक्ताफलमित्य० – *सुभा०* श्लोक १०१४।
३. शृण्वन्यदस्मादपि—*का० प्र० एवं सुभा०*।
४. शनैः—*का० प्र० एवं सुभा०*।
५. कुत्रोड्डीय—*का० प्र०*।
६. हहेत्यनुदिनं—*सुभा०*। ममेत्यनुदिनं *का० प्र०*।

[९५]

आस्तेऽत्रैव सरस्यहो बत कियान् संतोषपक्षग्रहो
हंसस्यास्य मनाङ् न धावति मनः श्रीधाम्नि पद्मे क्वचित् ।
सुप्तोऽद्यापि न बुध्यते[1], तदितरस्तावत्प्रतीक्षामहे
वेलामित्युदरप्रिया[2] मधुलिहः सोढुं क्षणं न क्षमाः[3] ।।

एक ही तालाव पर बैठे हंस और भ्रमर के मनोभावों का चित्रण है— 'इसी तालाब पर बैठा हुआ है किन्तु इसके मन में कितना संतोष है कि इस हंस का मन शोभा धाम कमल की ओर कभी भी नहीं जाता और ऐसा सोया हुआ है कि अभी भी नहीं जग रहा है। किन्तु दूसरी ओर इन पेटू भौंरों के लिए एक क्षण का भी विलम्ब असह्य हो रहा है और ये बैठे उस क्षण की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि कब कमल विकसित हो और वे उसका मकरन्द पान करें'।

हंस और भ्रमर के स्वभाव के निदर्शन से उत्तम और निकृष्ट व्यक्ति का परिचय है।

[९६]

भेकेन क्वणता सरोषपरुषं यत्कृष्णसर्पानने
दातुं गण्डचपेट[4]मुज्झितभियाहस्तः समुल्लासितः ।
यच्चाधोमुखमक्षिणी विदधता[5] नागेन तत्र स्थितं
तत्सर्वं विषमन्त्रिणो भगवतः कस्यापि लीलायितम् ।।

'यदि टर्र-टर्र करते हुए मेढक काले साँप के मुख पर अत्यन्त क्रोध के साथ तमाचा लगाने के लिये नीची आँखें करके चुपचाप बैठा है तो समझ लेना चाहिए कि अवश्य ही यह साँप का मन्त्र जानने वाले किसी तान्त्रिक की लीला है'।

निर्बल यदि सबल से मोर्चा लेने की बात करे तो समझ लेना चाहिए कि प्रोत्साहित करने के लिए कोई प्रबल मनुष्य उसे आश्रय दे चुका है।

---

१. विबुध्यते न तदितः---*सुभा०* श्लोक १०१५ ।
२. उषसि प्रिया ।
३. त एव क्षमा ।
४. कर्णचपेट——*सुभा०* श्लोक १०१९ ।
५. पिदधता ।

[९७]

मृत्योरास्यमिवाततं धनुरिदं[1] चाशीविषाभाः शराः
शिक्षा सापि जितार्जुनप्रभृतिका सर्वत्र निम्नाकृतिः[2] ।
अन्तः क्रौर्यमहो शठस्य मधुरं हा हारि गेयं मुखे
व्याधस्यास्य यथा भविष्यति तथा मन्ये वनं निर्मृगम् ।।

'मानों काल का बड़ा सा फैला हुआ मुख हो ऐसा तो यह धनुष, जहरीले साँप की तरह ये बाण, अर्जुन को भी मात कर देने वाली धनुर्विद्या की निपुणता, सदा शिकार की खोज में झुका-झुका सा शरीर, अन्तस्तल की क्रूरता और मुँह से मनोहारी मीठा गान—इस तरह इस दुष्ट बहेलिए की यदि यही हालत रही तो मेरी समझ से यह वन पशुओं से शून्य हो कर ही रहेगा'।

प्रभुता सम्पन्न दुष्ट का आधिपत्य महान् संहार कारक होता है।

[९८]

ग्रावग्रस्तसमस्तचेतनमनो, वैदग्ध्यमुग्धो जनः
कः स्पर्धामधिरोहति त्रिभुवने चित्रं त्वया तन्वता ।
भावानां सदसद्विवेककलनाभ्यासेन जीर्णान्तरं
दूरादेव न नाम येन हृदयं वोढुं कृतो दुर्ग्रहः ।।

किसी क्रूर धूर्त्त आदमी से कौन बराबरी कर सकता है—इसी बात को बताने के उद्देश्य से कवि का कथन है कि—

'जब कि तुम्हारी पत्थर जैसी कठोरता सब के मन में समाई हुई है, तुम्हारी चतुराई पर लोग मुग्ध हैं और तुम चित्र-विचित्र काम करते रहते हो तो ऐसा कौन है जो इस त्रिभुवन में तुम्हारी स्पर्धा करेगा—तुम से लाग-डाँट लगाएगा? सिवाय उस आदमी के जिसने भले-बुरे के विचार के निरन्तर अभ्यास से परिपुष्ट अपने मन को तुमसे दूर रखने का ही हठ न ठान रक्खा हो'।

---

१. धनुरमी—*सुभा०* श्लोक १०२१।

२. जितार्जुना प्रतिभयं सर्वाङ्गनिम्ना गतिः।

[९९]

कोऽयं भ्रान्तिप्रकारस्तव पवन, पदं लोकपादाहतानां[1]
तेजस्विव्रातसेव्ये नभसि नयसि यत्पांसुपूरं प्रतिष्ठाम् ।
अस्मिन्नुत्थाप्यमाने[2] जननयनपथोपद्रवस्तावदास्तां
केनोपायेन साध्यो[3] वपुषि कलुषतादोष[4] एष त्वयैव ।।

'हे पवन, तुम्हारा यह कैसा भ्रम है कि तुम, लोगों के पैरों से रौंदी गई धूल के ढेर को, सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि तेजस्वियों से सुसेवित आकाश में ले जाकर स्थिर करते हो। इस धूल का बवंडर उठाने में लोगों की आँखों को कष्ट होने की बात तो दूर रही "धूल भरी हवा चल रही है" इस तरह का तुम्हारा निजी कलङ्क कौन दूर करेगा' ?

[१००]

एते ते विजिगीषवो नृपगृहद्वारार्पणावेक्षणाः
क्षिप्यन्ते वरयाचनाहितधियः कोपोद्धतैर्वेत्रिभिः ।
अर्थेभ्यो विषयोपभोगविरसैर्नाकारि यैरादर-
स्ते तिष्ठन्ति मनस्विनः सुरसरित्तीरे मनोहारिणि ।।

'अपनी किसी बड़ी माँग के पूरी हो जाने की आशा से जो लोग राजा या किसी धनी के द्वार पर आँख लगाये बैठे रहते हैं उनको क्रोधी और उद्दण्ड दण्डधारी द्वारपाल गण तिरस्कृत करते हैं किन्तु सांसारिक विषयों के भोग से विमुख होकर जिन्होंने रुपये पैसे की ओर से ध्यान हटा लिया है ऐसे मनस्वी तो गङ्गा के मनोहारी तट पर बैठ कर आनन्दित रहा करते हैं'।

---

१. घनावस्करस्थानजातम्—*सुभा०* श्लोक १०३२ ।

२ यस्मिन्न्० ।

३. सह्यो ।

४. मलिनता० ।

सुभा० में यह श्लोक भागवतामृतदत्त के नाम से उद्धृत है ।

[१०१]

वाता वान्तु कदम्बरेणुबहला नृत्यन्तु सर्पद्विषः
सोत्साहा नवतोयपानगुरवो मुञ्चन्तु नादं घनाः ।
मग्नां कान्तवियोगदुःखदहने मां वीक्ष्य दीनाननां
विद्युत्प्रस्फुरसि त्वमप्यकरुणे स्त्रीत्वेऽपि तुल्ये सति ।।

'कदम्ब का धूल भरा पवन बहता है तो बहने दो, सर्प-द्वेषी मोर नाचते हैं तो नाचने दो, नवीन जल के भार से बोझिल मेघ उल्लास से भर कर गर्जन करते हैं तो करने दो, किन्तु प्रियतम की वियोगाग्नि से जलती हुई, मुझ दीनवदना को देख कर हे निर्दय विद्युत्, तुम भी कौंध रही हो जब कि स्त्री होने के नाते हम तुम दोनों समान हैं' ।

अपने ही समान सुख दुःख वाले लोगों से सहानुभूति न पाकर मनुष्य की वेदना की विकलता असह्य हो जाती है ।

[१०२]

प्राणा येन समर्पितास्तव, बलाद्येन त्वमुत्थापितः
स्कन्धे येन चिरं धृतोऽसि विदधे यस्ते सपर्यामपि ।
तस्यान्तः स्मितमात्रकेण जनयञ्जीवापहारं क्षणा-
द्भ्रातः प्रत्युपकारिणां धुरि परं वेताल लीलायसे ।।

वेताल-सिद्धि शव-साधना से होती है और श्मशान की भयङ्करता के कारण बहुत ही कठोर तथा भयावनी होती है । उसी वेताल-सिद्धि के प्रसङ्ग में वेताल के स्वभाव का वर्णन है—

'हे वेताल, जिस साधक ने तुमको प्राण दिये अर्थात् जिलाया, बल लगा कर तुमको उठाया, अपने कन्धों पर चिरकाल तक ढोया और तुम्हारी पूजा भी की, उसी की मात्र छिपी भीतरी मुस्कान से तुम उसका प्राण हर लेते हो । अतः हे भाई, तुम प्रत्युपकारियों (भलाई के बदले भलाई करने वालों) में सबसे श्रेष्ठ हो' ।

[१०३]

रज्वा दिशः प्रवितताः सलिलं विषेण
पाशैर्मही हुतभुजा ज्वलिता वनान्ताः ।
व्याधा पदान्यनुसरन्ति गृहीतचापाः[1]
कं देशमाश्रयतु[2] यूथपतिर्मृगाणाम् ।।

जंगल में चारों ओर रस्सी या काँटों का घेराव कर दिया गया है, पानी में विष घोल दिया गया है, जमीन पर सब जगह जाल बिछा हुआ है, वन के अन्तिम छोरों पर आग लगा दी गई है, बहेलिए धनुष लेकर पग-पग पर पीछा कर रहे हैं ऐसी दशा में मृगों की टोली का नायक अपने दल के मृगों के साथ भाग कर किधर जाय ?

[१०४]

प्रेङ्खन्मयूखनखशात[1]शिखानिखात-
विख्यातवारणगणस्य हरेर्गुहायाम् ।
क्रोष्टा निकृष्टसरमासुतदृष्टिनष्ट-
धाष्टर्यः प्रविष्ट[2] इति कष्टमिहाद्य दृष्टम् ।।

'तीखे-तीखे चमकीले नाखूनों के अग्रभाग से प्रख्यात हाथियों के दल को नष्ट कर देने वाले सिंह की गुफा में आज मैंने बड़े ही दुःख के साथ देखा कि मरियल कुत्ते की भी दृष्टि मात्र से अपनी सारी शेखी भूल जाने वाला सियार घुस कर बैठा है' ।

---

१. गृहीतबाणाः—सुभा० श्लोक ६४८ ।
२. आश्रयति ।
यह श्लोक सुभा० में मुक्तापीड के नाम से उद्धृत है ।
३. नखपात—सुभा० श्लोक ६०२ ।
४. निविष्ट ।
यह श्लोक सुभा० में उपाध्याय धनवर्मा के नाम से पठित है ।

[१०५]

दानार्थिनो मधुकरा यदि कर्णतालै-
दूरीकृताः करिवरेण मदान्धबुद्ध्या ।
स्वस्यैव गण्डयुगमण्डनहानिरेषा
भृङ्गाः पुनर्विकचपद्मवने चरन्ति ।।

'मतवाले गजराज ने यदि मद-जल के लोभी भौंरों को कानों की चपेट से मार-मार कर भगा दिया है तो इससे तो उसने अपने ही गण्डस्थलों (कनपटियों) की शोभा की हानि की है। भौंरे तो विकसित कमलों के बीच घूम ही रहे हैं'।

गर्व में आकर अपने हितैषियों को हटा देने से अपनी हानि होती है।

[१०६]

विख्यातं विजयावहं रणभुवि, व्याप्तं शुभैर्लक्षणै-
स्तं चेन्मुञ्चति कानने नरपतिस्तुङ्गं महान्तं गजम् ।
अश्वत्थाम्रकपुण्ड्रकेक्षुकदलीरास्वाद्य वंशाङ्कुरा-
न्स्वैरं तस्य मनोरमे विचरतः का नाम हानिर्वने ।।

'विख्यात, सङ्ग्राम में विजय दिलाने वाले शुभ लक्षणों से युक्त, ऊँचे, विशाल हाथी को यदि राजा जङ्गल में हँकवा देता है तो वहाँ उस मनोहर वन में पीपल, आम, गन्ना, कदली और बाँस के अङ्कुरों को आनन्द से खाते हुए और स्वच्छन्दता के साथ घूमते हुए उस हाथी की क्या हानि है'?

[१०७]

विशालं शाल्मल्या नयनसुभगं वीक्ष्य कुसुमं
शुकस्यासीद् बुद्धिः फलमपि भवेदस्य सदृशम् ।
इति ध्यात्वोपास्तं फलमपि च दैवात् परिणतं
विपाके तूलोऽन्तः सपदि मरुता सोऽप्यपहृतः ।।

'तोते ने सेमल के विशाल मनोहारी फूल को देख कर सोचा कि इसका फल भी अवश्य ही इसके अनुसार सुन्दर होगा। ऐसा सोच कर वह उसी के पास बैठा रहा। संयोग से उसमें फल भी लगा और पका। किन्तु उसके भीतर से रुई निकली और उसे भी हवा उड़ा ले गई'।

अनुभव और विवेक से शून्य मनुष्य भी इसी प्रकार बाहरी प्रदर्शन से ठगा जाता है।

[१०८]

अयं[१] वारामेको निलय इति रत्नाकर इति
श्रितोऽस्माभिस्तृष्णातरलितमनोभिर्जलनिधिः ।
क एवं जानीते निजकरपुटीकोटरगतं
क्षणादेनं ताम्यत्तिमिमकरमापास्यति मुनिः ।।

'जल का यह एक मात्र आगार है, रत्नों की खान है—इस प्रकार लालसा से भरे मन से मैंने समुद्र का आश्रय लिया। किन्तु यह कौन जानता था कि मगर-मच्छों से भरे इस समुद्र को एक मुनि क्षण भर में ही अपने चिल्लू में भर कर पी जायेंगे'।

इस संसार में मनुष्य स्त्री, पुत्र, पौत्र और आश्रयदाता स्वामी आदि से उज्ज्वल भविष्य की अनेक कल्पनाएँ कर जैसे ही आनन्दित और पुलकित होता है वैसे ही बहुधा दुर्दैव उसकी कल्पना के आधारों को ही विनष्ट कर देता है।

अथवा "नाम बड़े, दर्शन थोड़े"। रत्नों की तृष्णा में "रत्नाकर" नाम सुन कर आया तो, पर अन्त में ज्ञात हुआ कि अगस्त्य जैसे तेजस्वी के आगे उसकी कोई भी प्रभुता और महत्ता नहीं है।

---

१. यह श्लोक *सुभा०* में मालवरुद्र के नाम से उद्धृत है।

भल्लटशतकपद्यानां वर्णक्रमानुसारिणी सूची

TO OUR CONTRIBUTORS

The *Journal of the Gangānātha Jhā Kendrīya Sanskrita Vidyāpeetha* is a quarterly research Journal of Indology. Articles in all branches of Indology are invited from the scholars for publication in the Journal.

The articles should normally be written in English. However, those written in Sanskrit or Hindi may also be accepted. The journal also publishes small, hithertoo unknown Sanskrit works or those edited afresh with the help of new manuscripts material. The articles sent in for publication should be typed in double space with sufficient margin on the left on one side of the paper. Footnotes should be numbered in consecutive order. All Sanskrit and non-English words should be underlined. In Bibiliographical references the titles of journals and books should be underlined and the place as well as the year of the publication in respect of books should be mentioned at its first occurrence.

The journal follows the international system of transliteration of Sanskrit words.

Each contributor is given 25 offprints of his article free of cost along with a copy of the issue of the Journal containing his paper. The authors are requested to give their full postal addresses and to supply a short *bio data* for favour of publication in the journal.

The Journal also publishes obituaries of the Sanskrit scholars, comments on the articles published in this Journal, book reviews and other relevant material pertaining to the field of Indology. The publishers are requested to send two copies of the work that they want to get reviewed in the columns of this Journal.

All communications are to be addressed to :

The Principal

G. N. Jha Kendriya Sanskrit Vidyapeetha
Chandrashekhar Azad Park
ALLAHABAD–2
(*India*)